# रविदासिया धर्म
# एवं
# डेरा सच्चखण्ड बल्लां

निशान साहिब
रविदासीया धर्म

प्रकाशक :

**श्री गुरु रविदास जन्म स्थान पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट**
**वाराणसी ( यू० पी० )**
**हैड्ड ऑफिस – डेरा श्री 108 संत सरवण दास जी**
**सच्चखण्ड बल्लां, जालन्धर ( पंजाब )**



# रविदासिया धर्म
# एवं
# डेरा सच्चखण्ड बल्लां

प्रकाशक :
श्री गुरु रविदास जन्म स्थान पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट
वाराणसी ( यू० पी० )
हैड्ड ऑफिस – डेरा श्री 108 संत सरवण दास जी
सच्चखण्ड बल्लां, जालन्धर ( पंजाब )

लेखक :
**सिरी राम अर्श**
204, सैक्टर 65, मोहाली

© सभी अधिकार प्रकाशाधीन हैं।

18 फरवरी 2011 को
जगत्‌गुर रविदास जी महाराज के 634वें प्रकाशोत्सव तथा
रविदासिया धर्म के स्थापना दिवस पर प्रकाशत

प्रथम हिन्दी संस्करण, संख्या : 5000

( मूल्य : 30 रु० )

छापक : रवि प्रकाश प्रिंटिंग प्रैस,
मोहल्ला सुन्दर नगर, जालन्धर। फोन : 0181-2611697

# विषय सूची


क्र. विषय पृष्ठ


1. समर्पण........1
2. दो शब्द........3
3. भूमिका........5
4. बाबा पिप्पल दास जी........8
5. श्री 108 संत सरवण दास जी........9
6. श्री 108 संत हरी दास जी........11
7. श्री 108 संत गरीब दास जी........13
8. श्री 108 संत निरंजन दास जी ( वर्तमान् गद्दी नशीन )........15
9. ब्रह्मलीन श्री 108 संत रामानन्द महाराज जी........18
10. डेरा सच्च खण्ड बल्लां द्वारा चलाए जा रहे प्रोजैक्ट........22
11. श्री गुरु रविदास जन्म स्थान मंदिर, सीर गोवर्धनपुर वाराणसी........22
12. विशाल इमारत का निर्माण........23
13. श्री गुरु रविदास जन्म स्थान पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट ( रजि. ) द्वारा विशाल लंगर हाल का निर्माण:........24
14. संत सरवण दास चैरिटेबल अस्पताल कूपुर -ढेपुर ( कठार )........26
15. संत सरवण दास मैमोरियल आई अस्पताल........27
16. संत सरवण दास मॉडल स्कूल ( संत सरवण दास नगर ) फगवाड़ा..28
17. श्री गुरू रविदास मंदिर ( संत सरवण दास नगर )........29
18. तपोस्थान बाबा पिप्पल दास महाराज जी तथा जन्मस्थान सतगुरु सरवण दास जी ( गिल्लपत्ती )........29
19. श्री गुरू रविदास मंदिर सिरसगढ़ ( हरियाणा )........30
20. श्री गुरु रविदास मंदिर कात्रज पूना ( महाराष्ट्र )........31
21. 'बेगमपुरा शहर' ( साप्ताहिक पत्रिका ) त्रैभाषिक........31
22. श्री गुरू रविदास सत्संग भवन, डेरा सच्च खण्ड बल्लां........32






क्र. विषय पृष्ठ

23. दूरदर्शन से 'अमृतवाणी श्री गुरू रविदास जी' प्रोग्राम........34
24. महत्तवपूर्ण तथ्य........35
25. विश्व का अद्भुत, नवीन व आधुनिक धर्म-रविदासिया धर्म........36
26. श्री अमृतवाणी सतगुरु रविदास महाराज जी........41
27. अमृतवाणी में अंकित गुरु रविदास वाणी के आधार पर गुरु रविदास जी की विचारधारा........48
28. रविदासिया धर्म का अद्भुत नियम-निर्भयता........54
29. सतगुरु रविदास महाराज जी और उनका आत्मा परमात्मा की एकता का अद्वैत सिद्धांत ( अद्वैतवाद )..57
30. बेगमपुरा का अद्वितीय सिद्धांत........64
31. गुरु रविदास जी के गुरु सिर्फ हरि........67
32. जन्म स्थान मंदिर का निर्माण........69
33. सतगुरु रविदास जी के पावन अवतरित धाम पर नया इतिहास रचा गया........72
34. भंडारा........76
35. प्रकाश का प्रसाद बाँटता, डेरा सच्चखण्ड बल्लां........78
36. अध्यात्मिक और सिमरन के पुंज -सतगुरु स्वामी पिप्पल दास जी........83
37. संत तपस्वी सरवण दास जी रचा था जिन्होंने इतिहास........87
38. ब्रह्मलीन श्री 108 संत हरिदास जी........91
39. गुरुधामों के महान् निर्माता गरीब निवाज संत गरीब दास जी........94
40. रविदासिया धर्म के महान् मार्गदर्शक-संत रामानंद जी........98
41. डेरे के प्रमुख समागम........101
42. डेरा सच्चखंड बल्लां की प्रकाशित पुस्तकें........103



जगत्गुरु रविदास जी महाराज






**SHRI GURU RAVIDASS JANAM STHAN MANDIR (U.P.)**

**Managed by : Shri Guru Ravidass Janam Sthan Public Charitable Trust**

**H.O.:-Dera Sachkhand Ballan, Jalandhar (Pb.)**







तपोस्थान श्री 108 संत सरवण दास जी महाराज
डेरा सच्चखंड बल्लां, जालन्धर।

डेरा रविदासिया का
गांव बल्लां में ऐतिहासिक तपोस्थान, जिस जगह में संत बाबा पिपल दास जी
और श्री 108 संत सरवण दास जी ने घोर तपस्या की।



श्री गुरु रविदास सत्संग भवन, डेरा सच्चखण्ड बल्लां ( जलन्धर ) के दर्शन-दीदार।



संत सरवण दास चैरिटेबल नेत्र अस्पताल, डेरा सच्चखण्ड बल्लां ( जालन्धर )






श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान, हदियाबाद फगवाड़ा के दर्शन-दीदार।



संत सरवण दास मॉडल स्कूल,हदियाबाद, फगवाड़ा




संत सरवण दास चैरीटेबल अस्पताल, अड्डा कठार।




भारत के राष्ट्रपति महामहिम श्री के॰आर॰ नारायणन जी द्वारा श्री गुरु रविदास गेट का उद्घाटन किया गया और राष्ट्रपति जी को श्री गुरु रविदास जन्म स्थान मंदिर का स्वर्ण मॉडल सप्रेम भेंट करते हुए श्री 108 संत निरंजन दास जी महाराज चेयरमैन, श्री गुरु रविदास जन्म अस्थान पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट (रजि॰) सीर गोवर्धनपुर वाराणसी एवं गद्दी नशीन डेरा संत सरवण दास जी सच्चखण्ड बल्लां, जालन्धर पंजाब। साथ में रविदासिया कौम के अमर शहीद संत रामा नंद जी, माननीय कांशी राम जी (संस्थापक बसपा)।



श्री गुरु रविदास जन्म स्थान मंदिर सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी (यू.पी.) में जगतगुरु रविदास महाराज जी के 633वें प्रकाश पर्व पर श्री 108 संत निरंजन दास महाराज जी हज़ारों की संख्या में संत समाज एवं विश्व के कोने-कोने से पधारे लाखों की संख्या में श्रद्धालु संगतों की हाज़री में रविदासिया धर्म की पावन पुस्तक ''अमृतबाणी सतगुरु रविदास महाराज जी'' रिलीज़ करते हुए।





श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान, कात्रज, पूना (महाराष्ट्र)



श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान, सिरसगढ़, अम्बाला (हरियाणा)




तपोस्थान संत बाबा पिप्पल दास जी अत: जन्म स्थान
सतगुरु सरवण दास जी गाँव गिल्ल पट्टी, बठिण्डा



श्रद्धालुओं के निवास के लिए बनाया गया भवन तथा
श्री गुरु रविदास लंगर हाल, सीर गोवर्धनपुर वाराणसी





# समर्पण

''कहि रविदास खलास चमारा''

आदरणीय गुरुप्यारी साधसंगत जी जगत् गुरु रविदास उन चुनिंदा महापुरुषों की श्रेणी में आते हैं जिन्होंने वास्तविक स्वतंत्रता के आनन्द को जाना है। उपरोक्त पंक्ति गुरु जी की स्वतंत्रता का पुख्ता प्रमाण है। गुरु जी अपने मन की स्वतंत्र दशा का वर्णन करते हुए कहते हैं कि मैं इस जगत के बन्धनों से मुक्त हो गया हूँ, आनन्दपूर्वक विचरण करने वाला हो गया हूँ। इसी मुक्त अवस्था को गुरु जी बेगमपुरा कहते है जबकि संसार की दशा बेगमपुरा के बिल्कुल विपरीत है। सांसारिक प्राणी माया के पिंजरे में कैद है तथा उस परमानंद से बिल्कुल अनभिज्ञ है। गुरु जी का एक-एक कथन इस मोह माया रूपी पिंजरे से मुक्त हो जाने की प्रेरणा है। इस परमावस्था में उच्चारित एक-एक शब्द बेगमपुरा का संकेत है। इस परमावस्था में मुख से निकली एक-एक बात कसौटी पर खरा उतरा सत्य है। इसलिए गुरु जी की अमृतवाणी आज भी उतनी ही कल्याणकारी है जितनी कि सदियों पहले थी। जगत् गुरु रविदास जी के इस परोपकारी सन्देश को जन-जन तक पहुँचाने हेतु डेरा सच्चखण्ड बल्लां पूर्णरूपेण वचनबद्ध है। सांस्कृतिक विरासत के रूप में प्राप्त इस अमृतवाणी का प्रचार-प्रसार करने हेतु धन्य धन्य स्वामी ब्रह्मलीन बाबा पिप्पल दास जी, धन्य-धन्य ब्रह्मज्ञानी ब्रह्मलीन श्री 108 संत सरवण दास जी, धन्य-धन्य ब्रह्मज्ञानी ब्रह्मलीन श्री 108 संत हरी



दास जी, धन्य-धन्य ब्रह्मज्ञानी ब्रह्मलीन श्री 108 संत गरीब दास जी ने अपना श्वास-श्वास तक अर्पित कर दिया। दास को भी सद्गुरूओं की असीम कृपा द्वारा इस पुनीत सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है जी। गुरु जी के 'सर्वजन सुखाय-सर्वजन हिताय' सन्देश को जन-जन तक पहुँचाने हेतु समय-समय पर शुभ पुरुषार्थ किए गए हैं।''रविदासिया धर्म एवं डेरा सच्चखण्ड बल्लां'' पुस्तक (लेखक श्रीमान सिरी राम अर्श) भी प्रकाशित की गई। अनेक प्रसिद्ध अमृतवाणी गायकों द्वारा गायन की गई एवं संत महापुरुषों व विद्वानों द्वारा गुरु जी की अमृतवाणी की व्याख्या की ऑडियो एवं वीडियो कैसेट्स तैयार कर श्रद्धालु संगत में वितरित की गई। इसी अमृतवाणी प्रचार-शृंखला में यह पुस्तक संगत को समर्पित करते हुए हार्दिक प्रसन्नता अनुभव कर रहा हूँ। गुरुप्यारी साधसंगत जी, आओ! इस अमृतवाणी रूपी गंगोत्री में डुबकी लगाकर अपना जीवन सार्थक बनाएं। ''रविदासिया धर्म एवं डेरा सच्चखण्ड बल्लां'' पुस्तक को पढ़ना तथा पढ़कर जीवन में धारण करना ही इस पुस्तिका का एकमात्र उद्देश्य है जी।

सर्व शुभाकांक्षी

***संत निरंजन दास***

चेयरमैन, श्री गुरु रविदास जन्म-स्थान पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट, वाराणसी,

वर्तमान संचालक,डेरा सच्चखण्ड बल्लां, (जालन्धर)

# दो शब्द

बहुत जनम बिछुरे थे माधउ इहु जनमु तुम्हारे लेखे॥

धन्य-धन्य जगत्गुरु रविदास जी महाराज जिन्होंने मनुष्यता को एकता, समानता, भाईचारे, करुणा, मानव-प्रेम, सन्तों की संगत करने और हरि-सुमिरन का पावन उपदेश दिया तथा 'बेगमपुरा' के संकल्प द्वारा सम्पूर्ण विश्व को शांति का पावन उपदेश दिया। उनके कल्याणकारी, क्रान्तिकारी और आध्यात्मिक उपदेशों को सुनकर सभी वर्गों के लोग गुरु जी के पावन चर्णों में नत्मस्तक हुए।

डेरा सच्चखण्ड बल्लां के महान् महापुरुषों

ब्रह्मलीन बाबा पिप्पल दास जी महाराज,
ब्रह्मलीन सतगुरु स्वामी सरवण दास जी महाराज,
ब्रह्मलीन सतगुरु स्वामी हरी दास जी महाराज,
ब्रह्मलीन सतगुरु स्वामी गरीब दास जी महाराज,
वर्तमान गद्दीनशीन सतगुरु स्वामी निरंजन दास जी महाराज
तथा अमर शहीद श्रीमान 108 संत रामा नंद महाराज जी ने

जगत्गुरु रविदास जी के उपदेशों को सम्पूर्ण विश्व में पहुँचाया है। ब्रह्मलीन सतगुरु स्वामी सरवण दास जी महाराज ने दिव्य-दृष्टि द्वारा जगत्गुरु रविदास जी महाराज के जन्म-स्थान की खोज की तथा आषाढ़ मास की सांक्रान्ति सन् 1965 को ब्रह्मलीन सतगुरु स्वामी हरी दास जी के कर-कंवलों द्वारा इस पावन स्थान का शिलान्यास कराया तथा कौम को महान् तीर्थ-स्थान प्रदान किया, जहाँ विश्व स्तर पर संगत एकत्रित होने लगी। इस पावन स्थान के निर्माण से सम्पूर्ण विश्व में श्री गुरु रविदास मन्दिरों का निर्माण होने लगा।

24 मई, 2009 को सतगुरु स्वामी निरंजन दास जी महाराज तथा श्रीमान् 108 संत रामा नंद जी महाराज यूरोप की संगत को



जगत्गुरु जी के मिशन से जोड़ते हुए श्री गुरु रविदास मन्दिर वियाना ( आस्ट्रिया ) में पधारे, जहाँ मानव विरोधियों ने पूज्यपाद महापुरुषों पर हमला किया जिसमें सतगुरु स्वामी निरंजन दास जी गंभीर रूप से घायल हुए एवं श्रीमान् 108 संत रामा नंद जी कौम के लिए शहादत का जाम पीकर ब्रह्मलीन हो गए। इसके विरोध में रविदासिया कौम ने पूरे विश्व में रोष प्रदर्शन किए जो स्वयं में अभूतपूर्व थे। पूरे विश्व में रविदासिया कौम के आत्म-सम्मान व स्वतंत्र पहचान की विचार चलने लगी। जिसके फलस्वरूप माघ पूर्णिमा ( 30 जनवरी ), 2010 को जगत्गुरु रविदास महाराज जी के 633वें जयन्ती पर्व पर भारत के कोने-कोने से पधारे संत समाज तथा दस लाख से अधिक उपस्थित संगत में रविदासिया धर्म की घोषणा द्वारा 20 करोड़ रविदासिया संगत को स्वतंत्र पहचान प्रदान की गई। उसी रात चन्द्रमा में जगत्गुरु रविदास महाराज जी ने संगत को दर्शन देकर आशीर्वाद दिए।

आज सम्पूर्ण विश्व में रविदासिया धर्म का प्रचार-प्रसार हो रहा है और हज़ारों की गिनती में अमृतवाणी के प्रकाश हो चुके हैं। महान् विद्वान श्रीमान् सिरी राम अर्श जी ने जगत्गुरु रविदास महाराज जी के पावन जीवन, अमृतवाणी तथा विचारधारा से सम्वन्धित अनेक पुस्तकें व रचनाएं लिखी हैं। उनकी पुस्तक 'रविदासिया धर्म एवं डेरा सच्चखण्ड बल्लां' एक सराहनीय कार्य है। पूर्ण आशा है कि साध-संगत इस महान् कृति से पूर्ण लाभ उठाएगी।

गुरु चरणों का दास :
*संत सुरिन्दर दास बावा*
डेरा संत सरवण दास जी सच्चखण्ड बल्लां,
( जालन्धर ), पंजाब

# भूमिका

उत्तरी भारत के मध्यकाल में विकसित भक्ति अन्दोलन के सर्व-श्रेष्ठ एवं अग्रणी पितामह निश्चय ही सतगुरु रविदास जी थे। जिन्होंने प्रभु भक्ति तथा अध्यिात्मिकता में उच्चतम प्राप्ति के साथ-साथ उस समय की सामाजिक एवं धार्मिक प्रस्थितियों को बदलने के लिए जोरदार अभियान आरम्भ किया था। संकीर्ण विचार वाली सवर्ण जातियों के विरोध के बावजूद सतगुरु रविदास जी चतुर्वर्ण पद्धति के दुर्गम दुर्ग की लोह-फसील के टुकड़े करने में सफल हो गए थे, उन्होंने मध्ययुगीन समाज में फैले अनेक पाखण्डों तथा धार्मिक आडंवरों पर, अपनी वाणी के माध्यम से शक्तिशाली आक्रमण किए थे, वे उस पाखण्डों से घिरे हुए समाज के समस्त अंगों को, प्रत्येक पक्ष की बराबरी, समानता, आत्म-विश्वास तथा आत्म-सम्मान प्रदान करना चाहते थे। तभी उन्होंने वर्णाश्रम से पीड़ित पद-दलित समाज को अपनी अमृतवाणी तथा प्रवचनों से सहारा देकर उनका मनोबल बढ़ाया। शक्तिशाली वर्ग की ओर से, युग-युगांतर से जबरदस्ती छीने गए उनके महत्त्वपूर्ण मानववादी अधिकार, उन्हें वापिस दिलवाने का कार्य आरंभ करके क्रांति का शंख नाद कर दिया था। तभी तो कुछ विद्वान यह बात स्वीकार करते हैं कि गुरु रविदास जी की विमल-वाणी अपने युग के पद दलित लोक-मानस की पीड़ित आत्मा को सहज अभिव्यक्ति प्रदान करने में पूर्णतः सक्षम है। उनकी मधुर वाणी एक ऐसा अद्‌भुत प्रकाश स्तम्भ है, जो अपनी नूरानी एवं नूतन किरणों के विलक्ष्ण प्रकाश से अज्ञानता के अत्यंत घोर अंधकार के साथ-साथ, समाज में फैली हुई बुराईयों के अंधकार का भी विनाश करने में पूर्णतः सक्षम है।



गुरु रविदास जी ने जहां एक ओर निर्धन, पिछड़े एवं तिरस्कृत वर्ग के लोगों की भावनाओं को अपनी वाणी में अभिव्यक्त किया था, वहीं उन्होंने अपने परिवार के निर्वाह के लिए जीवन भर हाथों से कार्य करना नहीं छोड़ा था। वे जीवन निर्वाह के लिए हाथों से काम करते हुए, हृदय की गति के साथ प्रभु का सुमिरन करते रहते थे। तभी उनकी विलक्षण एवं सच्ची भक्ति से प्रेरणा प्राप्त करके कुलीन वर्ग के लोग गुरु रविदास जी के पावन चरण कंवलों में साष्टांग प्रणाम करने के लिये पहुंचने आरंभ हो गए थे। वे लोग वाणी का अनुसरण भी करते थे। गुरु रविदास वाणी में से इस धारणा की पुष्टि भी होती है-

मेरी जाति कुट बांढला ढोर ढोवंता  
नितहि बानारसी आस पासा॥  
अब बिप्र परधान तिहि करहि डंडउति  
तेरे नाम सरणाइ रविदासु दासा॥

( अमृतवाणी पृष्ठ 67 )

मध्यकाल में रचित गई गुरु रविदास जी की मनोहर वाणी की सामाजिक संदर्भ में प्रासंगिकता आज भी उतनी ही है, जितनी उस समय थी। तभी तो मनुष्य के कल्याण हेतु रचित गई वाणी भारत के संविधान के मूल स्त्रोत का रूप धारण कर गई है।

गुरु रविदास जी के मानववादी एवं समानता तथा बेगमपुरा के विलक्ष्ण विचारों को संसार भर में प्रचारित एवं प्रसारित करने में डेरा संत सरवण दास जी, सच्चखण्ड बल्लां, ज़िला जालन्धर ( पंजाब ) महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। गुरु रविदास जी के पावन जीवन के साथ जो भ्रमित असत्य, याथार्थ रहित, भ्रम या भ्रांतियां, ज्ञानहीन लोगों ने जोड़ दी थी, डेरा सच्चखण्ड बल्लां के ज्ञानवान महापुरुषों ने उन भ्रांतियों का खंडन करके ऐतिहासकारों एवं जीवनीकारों को

**शुद्ध तथा सही जानकारी प्रदान करके सराहनीय कार्य किया है। महामानव संत सरवण दास जी महाराज से लेकर श्री 108 संत निरंजन दास जी महाराज, गद्दीनशीन डेरा सच्चखण्ड बल्लां तक हुए सभी महान् संतों ने इस संदर्भ में प्रशंसनीय के योग्य कार्य किया है। यदि संत सरवण दास जी ने गुरु रविदास जी के पावन जन्म-स्थान की खोज की, तो उस पवित्र स्थान पर जन्म-स्थान मन्दिर का निर्माण करने में ब्रह्मलीन संत हरी दास जी, ब्रह्मलीन संत गरीब दास जी, अमर शहीद संत रामानंद जी ने उत्तम कार्य किया था। पवित्र मन्दिर को और सुन्दर बनाने में श्री 108 संत निरंजन दास जी महाराज, श्री 108 संत सुरिन्दर दास बावा जी दिन-रात यत्नशील रहते हैं।**

**डेरा सच्चखण्ड बल्लां गुरु रविदास जी के सिद्धांत, वाणी एवं जीवन के संबंध में साहित्य की रचना करवाने तथा प्रकाशित करने में भी अग्रगामी है।**

**यह पुस्तक भी श्री 108 संत निरंजन दास जी महाराज तथा श्री 108 संत सुरिन्दर दास बावा जी के आशीर्वाद का ही परिणाम है। इस पुस्तक के लेखों का हिन्दी अनुवाद श्री सुखविंदर गोल्डी ने किया है और परूफ रीडिंग का कार्य श्रीमती सरवजीत कौर ने की है।**

**जय गुरुदेव!**

**सिरी राम अर्श**

**204, सेक्टर 65,**

**मोहाली-160062**



# डेरा 108 संत सरवण दास जी सच्च खण्ड बल्लां

यह पवित्र धरती महान् तपस्वी, परोपकारी, दीर्घदर्शी, तत्त्ववेत्ता, ब्रह्मज्ञानी, नाम वाणी के रसिया और दुखियों के हमदर्द महापुरुषों का स्थान है। आज तक निम्नलिखित महापुरुषों ने इस दरबार के गद्दी नशीन होकर सेवा की :

श्री 108 संत बाबा पिप्पल दास जी ज्योति-ज्योत समाए -1928

श्री 108 संत सरवण दास जी ज्योति-ज्योति समाए -11 जून 1972

श्री 108 संत हरी दास जी ज्योति-ज्योत समाए -6 फरवरी 1982

श्री 108 संत गरीब दास जी ज्योति-ज्योत समाए -23 जुलाई 1994

श्री 108 संत निरंजन दास जी वर्तमान् गद्दी नशीन

## बाबा पिप्पल दास जी

बाबा पिप्पल दास जी महाराज, का जन्म गाँव गिल्ल पट्टी, ज़िला बठिंडा में हुआ। आप बचपन से ही बहुत परमार्थी स्वभाव के थे। गृहस्थ जीवन व्यतीत करते हुए आप अपने पूजनीय गुरुदेव बाबा मोहन दास जी, के शुभ उपदेशों को अपने जीवन में ग्रहण करते हुए परमात्मा के सिमरन में मग्न रहते थे। आप जी की अर्धांगिनी बीबी शोभावंती जी भी बहुत ही पवित्र विचारों वाली स्त्री थी। समयानुसार, आप के गृह में एक पुत्र का जन्म हुआ, जो आगे चल कर संत सरवण दास जी के नाम से प्रसिद्ध हो गए। स्वामी सरवण दास जी बाल्यावस्था में ही थे, जब उनके माता जी परलोक सिधार गए। इसी दौरान ही बाबा पिप्पल दास जी ने अपनी परमार्थी यात्रा प्रारंभ की और गाँव बल्लां, ज़िला जालन्धर में आकर रहने लगे। जहां पर पहला डेरा स्थित है, वहां रहते हुए बाबा पिप्पल दास जी ने संगत् को सेवा, सिमरन और सत्संग से जोड़ा। आप की शरण में रह कर, कई जिज्ञासुओं ने आध्यात्मिक विद्या का अध्ययन

किया। बाबा जी ने अपने सुपुत्र को, श्री 108 संत करतानंद जी, जो एक महान् विद्वान थे, की संगत में, शिक्षा प्राप्ति के लिए भेजा और उन्हें नाम की अमूल्य बख्शिश स्वामी हरनाम दास जी से प्राप्त हुई। बाबा पिप्पल दास जी विक्रमी संवत् 1985 (सन् 1928) 26 सितंबर दिन गुरुवार पूर्व नक्षत्र और सुबह के समय, अपनी जीवन यात्रा संपूर्ण करते हुए ज्योति-ज्योत समा गए। बाबा जी का अंगीठा साहिब (अंतिम संस्कार का स्थान) गाँव बल्लां के पूर्व की और सुशोभित है। प्रत्येक वर्ष पहला नवरात्रा बाबा पिपल दास जी की याद में मनाया जाता है और निशान साहिब चढ़ाए जाते हैं।

## श्री 108 संत सरवण दास जी

बाबा पिप्पल दास जी के बाद डेरे की सारा कार्यभार श्री 108 संत सरवण दास जी ने संभाला। आप संगत को बहुत प्यार करते थे। आप जी का आगमन 15 फरवरी 1895 ई. को, सम्माननीय बाबा पिप्पल दास जी और माता शोभावंती जी के पावन गृहि गाँव गिल्लपत्ती, ज़िला बठिण्डा में हुआ। संगत की संख्या दिन-प्रति-दिन बढ़ने लगी। नाम की दवा से, जहां आप संगत की जन्म-जन्मांतरों की बीमारी का उपचार करते, वहीं उन्होंने आर्युवेदिक जड़ी-बूटियों द्वारा स्थूल शरीर के इलाज का प्रबन्ध किया। इसके साथ-साथ, गुरु जी ने बच्चों की शिक्षा का भी प्रबन्ध किया। महाराज जी खुद बच्चों की क्लास डेरे में लगाते और पढ़ाई के साथ साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का अध्ययन भी करवाते। बाबा पिपल दास जी के समय दौरान ही, आप संगत की सेवा में से समय निकाल कर, एकांत वास में साधना के लिए चले जाते थे। जहाँ बैठकर स्वामी सरवण दास जी भक्ति-साधना करते थे, उसी स्थान पर उनका यादगारी मंदिर, डेरा सच्चखण्ड बल्लां में सुशोभित है। डेरे की यह एक कनाल ज़मीन गाँव बल्लां के निवासी सरदार हज़ारा सिंह ने दान की थी। गर्मी एवं बरसात से बचाव के लिए इस स्थान पर कच्ची ईंटों की एक



कुटिया बनाई गई थी। कुटिया के सामने एक थड़ा था, जहाँ बैठकर संत सरवण दास जी संगत को प्रवचन सुनाया करते थे। इस थड़े का निशान, आज भी मंदिर के सामने विद्यमान है। बाबा पिप्पल दास जी की कृपा से संत हरी दास जी संत सरवण दास जी, के सम्पर्क में आए और स्वामी सरवण दास जी ने संत हरी दास जी को, संगत की सेवा में जोड़ा। कुछ समय बाद, संत गरीब दास जी और संत निरंजन दास जी ने भी, अपना जीवन गुरु चरणों में समर्पित कर दिया और संत सरवण दास जी द्वारा लगाई गई सेवा, कुशल ढंग से निभाने लगे।

### श्री गुरु रविदास जन्म स्थान काशी में मंदिर का निर्माण

दुनिया भर में श्री गुरु रविदास जी के जन्म स्थान पर, कोई ऐतिहासिक मंदिर नहीं था। स्वामी सरवण दास जी, स्वामी हरी दास जी और स्वामी गरीब दास जी ने विचार कर, काशी में गुरु रविदास जी के जन्म स्थान पर, मंदिर के निर्माण की योजना बनाई। संत सरवण दास जी ने, श्री गुरु रविदास जन्म स्थान मंदिर का नींव पत्थर 14 जून 1965 (आषाढ़ की सक्रांति) के दिन श्री 108 संत हरी दास जी के कर-कमलों से रखवाया। इसके पश्चात् मंदिर के निर्माण का कार्य, संत हरी दास जी ने, संत गरीब दास जी के साथ, संगत भेज कर करवाया। वर्तमान रूप में, कलश के बगैर इस मंदिर के निर्माण का कार्य तो संत सरवण दास जी के जीवन काल में ही प्रारंभ हो चुका था, परन्तु मंदिर की तैयारी का कार्य, गुरु जी के बाद श्री 108 संत हरी दास जी और महाराज श्री 108 संत गरीब दास जी ने करवाया। स्वर्ण कलश 1994 में, श्री 108 संत गरीब दास जी ने संगत के सहयोग से चढ़ाया। इस मंदिर में जगत्गुरु रविदास महाराज और स्वामी सरवण दास जी की मूर्ति की स्थापना एक विशाल संत सम्मेलन करवाकर 22 फरवरी 1974 में की गई। इस मंदिर का प्रबन्ध, श्री गुरु रविदास जन्म स्थान पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट चला रहा है।

इस मंदिर के निर्माण के साथ साथ स्वामी सरवण दास जी ने

श्री गुरु रविदास साधू संप्रदाय सोसाईटी पंजाब, गाँवों की श्री गुरु रविदास सभाएं और शिक्षा केन्द्रों को सहयोग देकर,माज के कल्याण के कार्यों में, महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्री 108 संत सरवण दास जी और उनके साथी महापुरुषों, के कठोर परिश्रम के कारण यह डेरा सारे संसार में, परमार्थ का एक विशाल केन्द्र बन गया है। दुनिया भर के श्रद्धालुओं की नज़रें, इस स्थान की ओर आकर्षित हुईं।

सतगुरू जी के चरणों में से, सभी की मनोकामना पूर्ण होने लगीं। प्रतिदिन आश्रम में, संगत की चहल-पहल लगी रहती थी।

परमात्मा की आज्ञा के अनुसार, 11 जून 1972 का वह दिन आ गया, जिस दिन सतगुरु स्वामी सरवण दास जी महाराज

**सूरज किरण मिली जल का जल हूआ राम॥**
**जोति जोत रली संपूर्ण थीआ राम॥**

के महा वाक्य के अनुसार, अपनी जीवन यात्रा संपूर्ण करते हुए, परमात्मा में विलीन हो गए। संगत आप जी की कुर्बानी सदा याद रखेगी।

## श्री 108 संत हरी दास जी

सतगुरु स्वामी सरवण दास जी के बाद, श्री 108 संत हरी दास जी महाराज संत समाज द्वारा डेरा संत सरवण दास जी सच्च खण्ड बल्लां के संचालक नियुक्त किये गए। गुरु जी के सहायक के रुप में, श्री 108 संत गरीब दास जी और श्री 108 संत निरंजन दास जी की सेवा लगाई गई। महाराज हरी दास जी के पिता का नाम श्री हुकम चंद और माता का नाम श्रीमती ताबी जी था। स्वामी हरी दास जी का जन्म स्थान गाँव गड़ा, जालन्धर है।



## स्वामी सरवण दास जी की याद में (सच्चखण्ड) मंदिर का निर्माण

श्री 108 संत हरी दास महाराज जी ने, पूजनीय गुरुदेव श्री गुरु सरवण दास जी की याद में मंदिर के निर्माण का कार्य, 10 अगस्त 1972 को शुरु किया। मंदिर के निर्माण का कार्य बड़े हर्षोल्लास के साथ शुरु किया गया, जिसमें देश और विदेश की संगत ने बहुत उत्साह से सेवा की। मंदिर का उद्घाटन, 11 जून 1974 को संत सरवण दास जी के बरसी समारोह के दिन किया गया और संत सरवण दास जी की मूर्ति मंदिर में सुशोभित की गई। यह मंदिर उस स्थान पर बनाया गया है, जहाँ स्वामी सरवण दास जी की कुटिया थी। मंदिर के निर्माण के बाद, यह कुटिया 'डेरा संत सरवण दास जी सच्च खण्ड बल्लां' के नाम से प्रसिद्ध हुई। कई बार मौसम की खराबी के कारण कीर्तन समागम में परेशानी हो जाती थी, इस परेशानी को दूर करने और संगत की सुविधा के लिए, स्वामी हरी दास जी ने एक सत्संग हाल का निर्माण करवाया, जिसका नींव पत्थर तिथि 31 अक्तूबर 1976 को रखा गया। यह सत्संग हाल 'संत हरि दास सत्संग हाल' के नाम से जाना जाता है। स्वामी हरी दास जी ने बच्चों की शिक्षा पर जोर देते हुए, बाल विवाह का पूर्ण विरोध किया। गुरु जी ने नशीली वस्तुओं के सेवन की मनाही करते हुए संगत को गुरबाणी और सत्संग से जोड़ा। आप जी ने डेरे के लिए और जमीन खरीदी। आप के जीवन काल के दौरान, डेरे की सेवाएं निरंतर चलती रहीं। आयुर्वैदिक जड़ी-बूटियों द्वारा लोगों के उपचार का कार्य श्री 108 संत गरीब दास जी करते थे। परमात्मा की आज्ञा के अनुसार लगभग 100 वर्ष की आयु व्यतीत करते हुए, संत हरी दास जी 6 फरवरी 1982 को अखण्ड ज्योत में विलीन हो गये।

# श्री 108 संत गरीब दास जी

संत हरी दास जी के पश्चात्, महाराज गरीब दास जी डेरे के गद्दी नशीन हुए। आप जी का आगमन 1925 ई० को सम्मानीय श्री नानक चंद और माता श्रीमती हर कौर के घर में हुआ। गाँव जलभेयां, ज़िला जालन्धर आप जी का जन्म स्थान है। आप जी के सहायक के रूप में, श्री 108 संत निरंजन दास जी को नियुक्त किया।

## संत सरवण दास चैरिटेबल अस्पताल का निर्माण

संत गरीब दास जी, दुखियों के दर्द को पहले ही बहुत अच्छी तरह से अनुभव करते थे, इस लिए आप जी ने, सबसे पहला महान कार्य, सतगुरु जी के नाम पर, दुखियों की सेवा के लिए, अस्पताल के निर्माण का किया, जिसका शुभांरभ, 22 अक्तूबर 1982 को गाँव ढेपुर-कूपुर, जिला जालन्धर में किया गया। इस अतिव्यय वाले कार्य को आप जी ने सतगुरु सरवण दास जी के भरोसे पर आरंभ किया। जब भी कोई व्यक्ति यह शंका प्रकट करता कि अस्पताल का कार्य कैसे चलेगा? तो गुरु जी उसे कहते कि यह कार्य तो, संत सरवण दास जी का है और मुझे पूर्ण विश्वास है, यह कार्य संत सरवण दास जी की कृपा से, सदैव ऊँचाईयों को छूएगा। गुरु जी के मुखारविंद से निकले हुए यह वचन अटल सिद्ध हुए। इस अस्पताल का नाम, 'संत सरवण दास चैरिटेबल अस्पताल' रखा गया। इसका प्रबन्ध अब तक 'संत सरवण दास चैरिटेबल अस्पताल ट्रस्ट' चला रहा है, जिसके संचालक सदैव ही डेरा सच्च खण्ड बल्लां के संचालक होंगे। इस अस्पताल में, अनुभवी डाक्टरों की सेवाएं और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## साप्ताहिक बेग़मपुरा शहर पत्रिका

साप्ताहिक बेग़मपुरा शहर पत्रिका, जिस द्वारा समाज की बहुत सेवा हो रही है, सतगुरु स्वामी गरीब दास जी की, समाज को एक महान् देन है। आप इस पत्रिका के संस्थापक थे।



श्री गुरु रविदास आई. टी. आई. कॉलेज फगवाड़ा में, 'संत सरवण दास मैमोरियल टीचिंग ब्लाक' का नींव पत्थर रखा गया। हाल कमरे के निर्माण के कार्य की सेवा भी डेरे द्वारा निभाई गई। गुरु जी ने डेरे में संगत के रहने का प्रबन्ध करने के लिए, एक विशाल बिल्डिंग के निर्माण की शुरुआत की, जो गुरु जी की कृपा से संपूर्ण हुई। इस बिल्डिंग में चार बड़े हाल और 26 कमरे बाथरुम सहित, यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गये। डेरे में पानी की सप्लाई के लिए एक टयूब्वैल और पानी की टंकी का, प्रबन्ध किया गया। संगत की सुविधा और समागम के लिए आप ने और ज़मीन खरीदी जिसकी बहुत आवश्यकता थी। जालन्धर पठानकोट मार्ग से डेरे को जाने वाले मार्ग, जिसका नाम 'संत सरवण दास मार्ग' है, पर सतगुरु स्वामी सरवण दास जी की याद में, अति सुन्दर गेट का निर्माण किया गया। इस गेट के निर्माण में, गाँव बल्लां और इस गाँव के विदेश में रह रहे श्रद्धालुओं ने योगदान दिया और इसका उद्घाटन इंग्लैंड, अमेरिका और कैनेडा से आई हुई संगत और संत महापुरुषों की उपस्थिति में, 11 जून 1994 को किया गया।

बर्मिंघम (यू. के.) गुरु घर का नींवपत्थर और उदघाटन् संत गरीब दास जी के कर-कमलों द्वारा किया गया। बुल्वरहैंप्टन, स्टरुड कैंट, साऊथैप्टन और विदेशों के अन्य कई शहरों में गुरु-घरों का नींव पत्थर और उद्घाटन का कार्य, आप जी के कर-कमलों द्वारा हुआ। महाराज गरीब दास जी 1985 से लेकर 1994 तक छः बार इंग्लैंड, तीन बार अमेरिका और एक बार कैनेडा गये। आपने विदेश जाकर वहां रह रही संगत को अपने दर्शन और नाम सिमरन का आशीर्वाद देकर उनके जीवन में खुशियाँ भर दी।

जुलाई 1994 को बनारस में एक बहुत बड़ा समागम किया गया। जिसमें देश विदेश से बड़ी संख्या में संगत शामिल हुई। श्री गुरु रविदास जन्म स्थान मंदिर में, यह इस प्रकार का पहला समागम था, जिसको संगत सदैव याद रखेगी। सतगुरु स्वामी गरीब दास महाराज इंग्लैंड की संगत को विदा कर 23 जुलाई 1994 को, सदा के लिए बेग़मपुरा शहर में निवास कर गये।

## गुरु साहिबान की समाधियां

**सतगुरु बाबा पिप्पल दास महाराज जी –**

अंगीठा – गाँव बल्लां से पूर्व की ओर।

समाधि – डेरे में गुंबद वाला कमरा यहाँ बाबा जी की मूर्ति सुशोभित है।

**सतगुरु संत सरवण दास महाराज जी –**

अंगीठा और समाधि–महाराज पिप्पल दास जी की समाधि के साथ।

**सतगुरु संत हरी दास महाराज जी –**

अंगीठा और समाधि–संत सरवण दास जी की समाधि के पश्चिम की ओर।

**सतगुरु संत गरीब दास महाराज जी –**

अंगीठा – श्री गुरू रविदास सत्संग भवन के पूर्व की ओर।

समाधि–महाराज हरी दास जी की समाधि के दक्षिण की ओर।

## श्री 108 संत निरंजन दास जी ( वर्तमान् गद्दी नशीन )

ब्रह्मलीन संत गरीब दास जी के बाद, श्री 108संत निरंजन दास जी, गद्दीनशीन हुए। आप जी के पिता का नाम श्री साधू राम जी और माता का नाम श्रीमती रुक्मणी जी था। आप का जन्म गाँव रामदासपुर, ज़िला जालन्धर में 6 जनवरी 1942 के दिन हुआ। आप जी के माता पिता, बाबा पिप्पल दास जी महाराज तथा सतगुरु स्वामी सरवण दास जी महाराज के श्रद्धालु थे। उन्हें जब भी घरेलू कार्यों से फुर्सत मिलती, तो सीधे गुरू जी के डेरे में पहुँच जाते, संतों के वचन सुनते, वे उनकी सेवा करते। वे अपने प्रिय सपुत्र निरंजन दास को भी संतों के दर्शन के लिए अपने साथ ले आते थे। संत सरवण दास जी नन्हें बच्चे को देखकर बहुत प्रसन्न होते और उन्हें अपने पास बुलाकर मीठी मीठी बातें करते। एक बार सतगुरु स्वामी सरवण दास महाराज जी ने, आप जी के पिता से पूछा



कि बालक का नाम क्या है, तो श्री साधू राम ने कहा कि महाराज जी इस का नाम निरंजन रखा है, परन्तु यह काम में बहुत सुस्त है। गुरु जी ने कहा कि आज से हम इसका नाम हवाईगर रखते हैं, हमें दिखाई दे रहा है कि यह बालक सुस्त नहीं, बल्कि हवा से भी तेज़ होगा। श्री साधू राम जी ने सत वचन कहकर गुरू जी को प्रणाम किया और बालक को संतों के सपुर्द कर अपने नगर वापिस लौट गए। जब संत सरवण दास जी इन्हें (संत निरंजन दास जी को) किसी कार्यहेतु बुलाते तो हवाईगर के नाम से ही सम्बोधित करते थे। वे जहां भी होते थे, दौड़कर संत सरवण दास जी के चरणों मं पहुँचकर पूछते कि क्या आदेश है महाराज जी? संत बहुत प्रसन्न हो जाते थे।

डेरे में सेवा करते हुए, हवाईगर, अब बचपन से जवानी में आ चुके थे। जिस कार्य का भी गुरू जी ने आदेश दिया कि हवाईगर यह कार्य करना है, वे सदैव यही उ᳠र देते थे कि महाराज जी यह कार्य तो पूरा कर दिया है। संत सरवण दास जी इनकी सेवाओं से बहुत प्रसन्न होते थे और कहते कि आपके माता पिता तो आपको सुस्त कहते थे, तो तुमने यह कार्य कैसे पूरा कर दिया? तो हवाईगर जी ने उ᳠र दिया कि महाराज जी जैसे आप करवाते हो, करता हूँ, तब संत सरवण दास जी यह वचन सुनकर बहुत ही प्रसन्न हुए और कहने लगे, अब हमने तुम्हारा नाम हवाईगर से, संत निरंजन दास रख दिया है। आप जी ने बचपन से लेकर गद्दीनशीन होने तक, डेरे में महान् सेवायें निभाईं। वे प्रतिदिन नगरों में जाकर संगत के लिए दूध लाया करते थे। लंगर और डेरे की सारी व्यवस्था वे खुद देखते थे।

आप जी ने महान् कार्य किए। डेरा सच्चखण्ड बल्लां में गुरु साहिबान द्वारा लगाई गई सेवा निभाते हुए डेरे के निर्माण, अस्पतालों के निर्माण, श्री गुरु रविदास जन्मोस्थान में संगत की सुविधा के लिए, अन्य निर्माण कार्य, बेग़मपुरा शहर पत्रिका तथा अन्य सामाजिक कल्याण के

कार्यों में आप जी का पूर्ण रूप से ध्यान है। आप जी 23 जुलाई 1994 को संत गरीब दास महाराज जी के ब्रह्मलीन होने के उपरांत डेरा सच्चखण्ड बल्लां के संचालक बने तथा संत रामानंद जी के सहयोग से, आप जी ने महान् कार्य किए। श्री गुरु रविदास जन्मोस्थान मन्दिर में, आप जी ने 31 स्वर्ण कलश सुशोभित किए, संगत की सुविधा हेतु चार मंज़िला इमारत का निर्माण करवाया तथा वहाँ और ज़मीन खरीदी। आप जी के प्रतिनिधित्व में, यूरोप की संगत द्वारा स्वर्ण पालकी भेंट की गई और श्री गुरु रविदास जन्मोस्थान मन्दिर को, स्वर्ण मंड़ित करने का कार्य आरंभ किया गया है। श्री गुरू रविदास मन्दिर और संत सरवण दास मॉडल स्कूल हदियाबाद फगवाड़ा, श्री गुरु रविदास मन्दिर पुणे, श्री गुरु रविदास मन्दिर सिरसगढ़, कर्मस्थली बाबा पिप्पल दास जी एवं जन्म स्थली सतगुरु स्वामी सरवण दास जी गिल्लपत्ती बठिंडा का निर्माण करवाया गया। डेरे में, श्री गुरु रविदास सत्संग भवन और संत सरवण दास चैरिटेबल आँखों के अस्पताल, का निर्माण करवाया गया।

डेरे और डेरे से जुड़ी हुई संस्थाओं के संचालन के लिए, प्रतिदिन के कार्यों से संत निरंजन दास जी की छत्रछाया में, संत रामानंद जी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। बडाला माही में संत गुरबचन दास जी संगत की सेवा निभा रहे हैं। बीबी भजनों, जो महाराज जी के भोजन और गुरु साहिबान के लंगर में, अपनी निष्काम सेवा द्वारा योगदान दे रही है।

डेरा संत सरवण दास जी सच्च खण्ड बल्लां की ओर से जो सेवाएं चल रही है उन में समस्त संगत का, अपार प्रेम झलक रहा है। इस पक्ष को देखते हुए, सारी गुरु प्रेमी संगत धन्यवाद की पात्र है।



## कौम के महान शहीद

# ब्रह्मलीन श्री 108 संत रामानन्द महाराज जी

खुशहाल संसार में कुछ ऐसे अज़ीम शख्स पैदा होते हैं, जो अपने परोपकारी कार्यों से, चिर स्थायी दुनिया तक अपना नाम रौशन कर जाते हैं, परन्तु संतजन समस्त मानवता के लिए, प्रकाश स्रोत बन जाते हैं। सीमायों की सीमित रेखाएं, रंग, नस्ल, मज़हब की व्यर्थ कहानिया, उनके लिए निरर्थक होती हैं। संतजन पीपल की छाया की भांति होते हैं, जो पापों रूपी गर्मी की तपिश झेलती मानवता को, पश्चिम की ठंडी व शीतल वायु का सुख प्रदान करते हैं।

1910-15 के मध्य, संत रामनन्द जी के पिता, श्रीमान महिंगा राम जी व उनके पूर्वज गाँव बल्लां को छोड़कर गांव अलावलपुर, ज़िला जालन्धर में जा बसे। वे डेरा सच्चखण्ड बल्लां के श्रद्धालु थे। जब किसी इतिहास का सृजन करना हो, तो प्रकृति बहुत से नवीन विधियों का सृजन करती है। कुछ ऐसा ही हुआ, इस परिवार के जीवन में। गृहस्थी जीवन बिता रहे श्रीमान् महिंगा राम जी तथा बीबी जीत कौर जी, ने कभी सोचा भी नहीं था कि उनके घर एक ऐसा बालक जन्म लेगा, जो समस्त दलित समुदाय को, मोतियों की भांति, एकता की माला में पिरोकर, संपूर्ण विश्व में, श्री 108 संत सरवण दास जी महाराज डेरा सच्चखण्ड बल्लां, जैसे साधना स्थल को चार-चाँद लगाने में, महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा, जिस पर आने वाली पीढ़ियां नाज़ करेगी। आज डेरा सच्चखण्ड बल्लां, सतगुरु स्वामी निरंजन दास महाराज जी और संत रामानन्द महाराज जी के असीम परिश्रम के कारण ही, मानवता, विशेषत: दलितों का मक्का माना जाता है। समय के गद्दीनशीन महापुरुषों की कदम चाल को नापना तथा उनके पदचिह्नों पर चलना, वर्तमान् गद्दीनशीन महापुरुषों का उद्देश्य रहा है।

श्री 108 संत रामानन्द महाराज जी का जन्म 2 फरवरी 1952 को, पिता श्रीमान् महिंगा राम जी के गृह में, माता श्रीमती जीत कौर जी

की पावन कोख से हुआ। आप बचपन से ही साधु स्वभाव रखते थे। आप जी का मनमोहक रूप, गली-मोहल्ले के लोगों को मंत्रमुग्ध कर देता था। बी॰ए॰ तक की शिक्षा आप जी ने दोआबा कॉलेज से प्राप्त की। जिस समय आप पढ़ाई के लिए जाया करते थे तो अकसर गुम-सुम रहा करते थे। आप बचपन से ही साधु-संगत के पुजारी थे, अत: वह रंग तो चढ़ना ही था जो प्रवाण होकर (बढ़-फूल कर) और गहरा होता गया। घर के अन्य सदस्यों ने ज़ोरदार विरोध करना शुरू कर दिया कि रामनन्द को साधुओं की संगत से, रोका जाए। घर में सामानयता साधु संगत की बातें होती रहतीं। संत रामानन्द जी घर के घरेलू कार्य करते हुए भी हर समय परमात्मा का नाम सिमरन करते रहते। अंतत: संत रामा नंद जी को श्री 108 संत हरी दास जी महाराज सच्चखण्ड बल्लां वाले महापुरुषों के चरणों में सौंप दिया गया। आप जी को संत हरी दास जी महाराज द्वारा नाम का आशीर्वाद दिया गया। संत रामानन्द जी 1973 से बाबा पिप्पल दास जी महाराज की याद में, बल्लां गाँव में बने सुन्दर मन्दिर में रहकर प्रभु-सिमरन करते। संत रामानन्द जी ब्रह्मलीन संत हरी दास जी महाराज के समय व महाराज गरीब दास जी के समय में, दिन के समय डेरे में रहकर संगत की सेवा करते और रोज़ाना शब्द कीर्तन तथा कथा करते।

यहां वर्णनीय है कि संत रामानन्द जी को, गुरु ज्ञान सतगुरु हरी दास जी से प्राप्त हुआ और सतगुरु गरीब दास जी ने उन्हें भेष धारण करवाया। उनके साथ ही, संत रामानन्द जी को अलग-अलग देशों में श्री गुरु रविदास मिशन के प्रचार व प्रसार हेतु जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके बाद डेरा सच्चखण्ड बल्लां के वर्तमान् गद्दीनशीन श्री 108 संत निरंजन दास महाराज जी के निर्देशन में विदेशों में जाकर, श्री 108 संत रामानन्द जी ने, अनेक गुरु घरों का निर्माण करवाया तथा विदेशी संगत को, श्री गुरु रविदास महाराज जी की विचारधारा के साथ जोड़ा। आप संगत की आँखों के तारे थे। आप जी की रसना से, वाणी के मीठे बोल श्रवण कर, संगत मंत्र मुग्ध हो जाती थी।



आप एक कुशल प्रशासक थे, जिन्होंने डेरे के प्रबन्ध को अत्यंत कुशल ढंग से चलाया। विश्व भर में, संत सम्मेलनों में श्री गुरु रविदास महाराज जी की वाणी का प्रचार व प्रसार करने के साथ-साथ, आप डेरा सच्चखण्ड बल्लां द्वारा मानव कल्याण हेतु चलाई जा रही, भिन्न-भिन्न परियोजनाओं के कार्यों को चलाने के लिए, बढ़चढ़ कर भाग लेते थे। डेरा सच्चखण्ड बल्लां द्वारा प्रकाशित किए जा रहे 'बेगमपुरा शहर' के संपादक के रूप में, आप जी ने प्रशंसनीय सेवायें निभाई, जिस के लिए आप जी को भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत किया गया। यह पहली बार था कि आप जी ने यू॰के॰ के संसदीय सदन में, श्री गुरु रविदास महाराज जी से संबंधित भाषण पढ़कर एक नए इतिहास का निर्माण किया। आप वाणी के महान् ज्ञाता थे और अत्यंत सरल उदाहरणों द्वारा गुरुवाणी के जटिल अर्थों की व्याख्या करने में माहिर थे। आप जब संगीतमय कीर्तन करते थे, तो पंडाल में बैठी संगत, पूर्णत: मंत्र मुग्ध हो जाती थी।

डेरा बल्लां द्वारा चलाए जा रहे संस्थानों की इमारतों के निर्माण में संत रामानन्द जी का अति विशेष योगदान रहा है। जब श्री गुरु रविदास जन्मस्थान मन्दिर, सीर गोवर्धनपुर वाराणसी, संत सरवण दास चैरिटेबल अस्पताल अड्डा कठार, श्री गुरु रविदास सत्संग भवन बल्लां, श्री गुरु रविदास मन्दिर और संत सरवण दास मॉडल स्कूल हदियाबाद फगवाड़ा, संत सरवण दास आई अस्पताल बल्लां, श्री गुरु रविदास मन्दिर सिरसगढ़ हरियाणा, बाबा पिप्पल दास महाराज जी की कर्मस्थली और संत सरवण दास महाराज जी की जन्म स्थली गिल्ल पट्टी बठिण्डा, श्री गुरु रविदास मन्दिर कात्रज पुणे की नई बन रही इमारतों का कार्य चल रहा था, तो संत रामानन्द जी स्वयं मेहनतकशों की भांति कार्य में कूद पड़ते थे। संगत द्वारा विश्राम के लिए निवेदन करने के बावजूद, घंटों कार्य करते रहते और सभी साधारण व विशेष लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बन जाते थे।

संत रामानन्द जी एक परिश्रमी, दृढ़निश्चयी योद्धा थे, जो मिशनरी कार्यों को संपूर्ण करने के लिए, दिन रात एक करते हुए न तो

थकावट महसूस करते थे और न ही उकताहट। आप अकसर कहा करते थे 'जो समय महाराज जी की सेवा में लग जाए वही अच्छा है, क्या पता फिर समय मिले न मिले।'

श्री गुरु रविदास महाराज जी के मिशन का प्रचार व प्रसार करने के लिए गए श्री 108 संत निरंजन दास जी महाराज वर्तमान् गद्दीनशीन डेरा सच्चखण्ड बल्लां और गुरु घर के वज़ीर कीर्तन के धनी, महान् विद्वान, नाम के रसिया, महान् वैद्य श्री गुरु रविदास मिशन के केन्द्रबिन्दु, संत समाज के अमूल्य रत्न, श्री 108 संत रामानन्द जी, मृत्य के समय भी श्री गुरु रविदास महाराज जी का नाम उच्चारण करते रहे, जैसे कह रहे हों कि वे अभी मिशन के प्रचार व प्रसार के लिए बहुत कुछ करना चाहते है। परन्तु भविष्य को यह मंजूर नहीं हुआ और आप दिनांक 25 मई प्रात: काल इस नश्वर संसार को अलविदा कहते हुए ब्रह्मलीन हो गए।

संत रामानन्द जी महाराज, अपना पूरा जीवन शहादत का जाम पीते हुए ब्रह्मलीन होने तक गुरु रविदास नाम लेवा संगत को, जगत् गुरु रविदास महाराज जी का पावन उपदेश ''**सतिसंगति मिलि रहीऐ माधऊ, जैसे मधुप मखीरा ॥**'' देते हुए विश्व स्तर पर एकत्रित होने का उपदेश दे गए।

वियाना में घटित दुर्भाग्यपूर्ण घटना में, संत रामानन्द जी हम से शारीरिक रूप से बिछुड़ अवश्य गए हैं, परन्तु उनकी सोच सदैव हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी।

सारे समाज को संत रामानंद जी की, कौम के लिए शहादत से प्रेरणा लेते हुए रविदासीया धर्म के नाम के नीचे **'हरि'** के निशान साहिब तले विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनानी चाहिए।

**अंगीठा साहिब और समाधि :**

श्री 108 संत रामानंद जी महाराज का पावन अंगीठा साहिब और समाधि श्री 108 संत गरीब दास जी के अंगीठा साहिब के पश्चिम की ओर उपस्थित है।

❖❖❖



## डेरा सच्च खण्ड बल्लां द्वारा चलाए जा रहे प्रोजैक्ट

**श्री गुरु रविदास जन्म स्थान मंदिर, सीर गोवर्धनपुर वाराणसी :** श्री गुरू रविदास जन्म स्थान मंदिर, सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी के निर्माण का कार्य, संत सरवण दास जी महाराज डेरा सच्च खण्ड बल्लां द्वारा करवाया गया। संत सरवण दास जी की आज्ञा के अनुसार, इस मंदिर का नींव पत्थर 14 जून 1965 ई० (आषाढ़ की संक्रांति) के दिन संत हरी दास जी के कर-कमलों द्वारा रखा गया। मंदिर के निर्माण की ज़िम्मेदारी संत गरीब दास जी महाराज को सौंपी गई, जो उन्होंने बाखूबी निभाई। इस मन्दिर में 22 फरवरी 1974 ई० को एक महान् संत सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें श्री गुरु रविदास सम्प्रदाय के अनेकों महापुरुष पधारे। इसी दिन, मन्दिर में, जगत्गुरु रविदास महाराज जी की पावन मूर्ति तथा स्वामी सरवण दास महाराज जी की पावन मूर्ति स्थापित की गई। इस सात मंज़िले मंदिर के ऊपरी बड़े गुंबद और सात फुट सोने के कलश का उद्घाटन, तिथि 7 अप्रैल 1994 को बाबू कांशी राम जी (राष्ट्रीय प्रधान बसपा) के कर-कमलों द्वारा किया गया।

मंदिर में हर समय लंगर की व्यवस्था है। यात्रियों के ठहरने का बहुत अच्छा प्रबन्ध किया गया है। बनारस शहर में, तीर्थस्थानों के दर्शनों के लिए, एक मिन्नी बस का प्रबन्ध किया गया है। दुनिया भर के श्रद्धालु, जिज्ञासु, खोजकर्ता और सैलानी, इस मंदिर की यात्रा करने के लिए आते हैं। मंदिर का प्रबन्ध श्री गुरु रविदास जन्म स्थान चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) द्वारा किया जाता है। श्री 108 संत सरवण दास चैरिटेबल ट्रस्ट यू. के., के योगदान से, लंका चौराहा वाराणसी में श्री गुरु रविदास गेट का निर्माण भी करवाया गया, जिसका उद्घाटन, तत्कालीन राष्ट्रपति माननीय कोर्चिल रमन नारायणन जी के कर-कमलों द्वारा, 16 जुलाई 1998 को किया गया। गेट के उद्घाटन के बाद राष्ट्रपति जी श्री गुरु रविदास जन्म स्थान मंदिर में पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए गये। यहां श्री गुरु रविदास जन्म

स्थान पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन श्री 108 संत निरंजन दास जी महाराज, ट्रस्ट के बाकी मैंबरों और उपस्थित लोगों द्वारा, राष्ट्रपति जी का हार्दिक स्वागत किया गया। मंदिर में पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद, उन्होंने मंदिर के निर्माण, इतिहास और प्रबन्ध के बारे में चर्चा की।

रिवायती शानोशौकत के साथ हर साल श्री गुरु रविदास जी का आगमन् पर्व, ट्रस्ट की देख-रेख में, श्री गुरु रविदास जन्म स्थान मंदिर में मनाया जाता है। इस पावन पर्व के अवसर पर विभिन्न राज्यों से और विदेशों से संगत आती है। ट्रस्ट द्वारा सन् 2000, 2001, 2002, 16 फरवरी 2003, 6 फरवरी 2004, 2006, 2007, 2008 और 2009 को श्री गुरु रविदास पर्व पर, पंजाब से हज़ारो श्रद्धालुओं को गुरुधाम के दर्शनों के लिए रेलवे विभाग, भारत सरकार के सहयोग द्वारा जालन्धर से वाराणसी तक स्पैशल 'बेगमपुरा एक्सप्रैस' की सुविधा प्रदान की गई, जो निरंतर जारी रहेगी।

625 वें गुरु रविदास जयंती पर्व के अवसर पर, मंदिर की आगे वाली दीवार के ऊपर, ट्रस्ट के पुरुषार्थ द्वारा करीब 25 लाख रुपये की लागत से मार्बल लगाया गया और मंदिर के सभी छोटे-बड़े गुंबदों पर 31 स्वर्ण कलश सुशोभित किये गये, जिनका उद्घाटन, भिन्न-भिन्न राज्यों से आए हुए महापुरुषों द्वारा, किया गया।

## विशाल इमारत का निर्माणः

आश्रम में संगत् की सुविधा के लिए एक विशाल इमारत का निर्माण किया गया है। इसमें बेसमेंट (6500 वर्ग फुट) के साथ-साथ, चार मंजिलें तैयार की गई। इस सारी बिल्डिंग में 44 कमरे हैं। इस विशाल बिल्डिंग का उद्घाटन, जगत्गुरु रविदास महाराज के 629वें आगमन पर्व पर 13 फरवरी 2006 को, संत निरंजन दास जी के कर-कमलों द्वारा किया गया। बाहर वाले प्लाट में संगत की सुविधा के लिए एक बड़ी शैड (140 X 40 वर्ग) की तैयारी पूरी हो चुकी है।



**स्वर्ण पालकी भेंटः-** श्री गुरु रविदास नामलेवा यूरोप निवासी संगत की ओर से 23 फरवरी 2008 ई. को, श्री गुरु रविदास जन्म स्थान मंदिर बनारस के लिए स्वर्ण पालकी भेंट की गई, जो 16 फरवरी को जालन्धर से बनारस एक शोभा यात्रा के रुप में पहुंची।

## श्री गुरु रविदास जन्म स्थान पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) द्वारा विशाल लंगर हाल का निर्माणः

श्री गुरु रविदास महाराज जी की विचारधारा और वाणी के प्रचार के कारण, डेरा सच्च खण्ड बल्लां विश्वविख्यात है। यह आश्रम सेवा, सत्संग और सिमरन के माध्यम से 'बेगमपुरा संकल्प' और 'जो हम सहरी सो मीत हमारा' की अवस्था की प्रप्ति के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। श्री गुरु रविदास जन्म स्थान मंदिर सीर गोवर्धनपुर का निर्माण कर यहां गुरु जी की पावन याद में एक शानदार स्मृति चिन्ह स्थापित किया गया है वहीं यह स्थान श्री गुरु रविदास जी के प्रेमियों के लिए, एवं आध्यात्मिक जिज्ञासुओं के लिए, एक पवित्र तीर्थ स्थान बनकर साकार हुआ है। यह डेरा सतगुरू रविदास जी की विचारधारा का संदेश, देश-विदेश और जन-जन (प्रत्येक प्राणी) तक पहुँचाने के लिए, प्रयत्नशील है। इस तीर्थ स्थान की सेवाओं का अधिक प्रचार होने के फलस्वरूप संगत का आवागमन बहुत बढ़ गया है। गुरू जी के पावन जन्म दिवस पर लाखों की संख्या में, श्रद्धालु आने लगे हैं। वैसे भी भिन्न-भिन्न राज्यों से इस गुरू धाम के दर्शनों के लिए, रेलगाडी, मोटर-कारों, ट्रकों और ट्राली इत्यादि में श्रद्धालु निरंतर आते रहते हैं। इस तेज़ी से बढ़ रही संगत के लिए अलग लंगर हाल की आवश्यकता महसूस (अनुभव) की गई। इस लिए यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, 100 फुट लम्बे और 65 फुट चौड़े लंगर हाल का नींव पत्थर 18 नवम्बर, 1998 को रखा गया। संत निरंजन दास जी की आज्ञा के अनुसार संत सुरिन्द्र दास जी (कठार) की देख-रेख में नींव खोदने का कार्य प्रारम्भ किया गया, अंतः 1999 तक लंगर हाल की सुन्दर इमारत का निर्माण पूरा हो गया, यह प्लाट संत

गरीब दास जी ने खरीदा था। करीब 55 लाख रुपए की लागत से बनाए गए इस लंगर हाल का उद्घाटन श्री 108 संत निरंजन दास जी महाराज गद्दी नशीन डेरा सच्च खण्ड बल्लां और अध्यक्ष श्री गुरू रविदास जन्म स्थान पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के कर-कमलों द्वारा तिथि 8 फरवरी 2000 को सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर, श्री गुरू रविदास जयंती पर्व के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं और संत समाज की उपस्थिति में किया गया।

तिथि 28 मार्च, 2001 की श्री गुरू रविदास चैरिटेबल ट्रस्ट की मीटिंग में श्री गुरू रविदास जन्म स्थान मंदिर, सीर गोवर्धनपुर वाराणसी में संगत की निरंतर बढ़ रही संख्या और संगत की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर कम्पलैक्स में बनाए गए, विशाल लंगर हाल की दूसरी मंजिल के निर्माण का फैसला लिया गया। इस लंगर हाल के निर्माण का कार्य, मई 2001 में शुरू किया गया, जिसमें सेवा करने के लिये पंजाब से बड़ी संख्या में सेवादार मंदिर पहुँचे। जिला जालन्धर के गाँव डींगरियां, दोलीके, सुन्दर नगर, आबादपुरा, मन्नणा, जण्डुसिंघा, शेखे, लिदड़ां, ज़िला अमृतसर और ज़िला गुरदासपुर से भी सेवादार गए। इस विशाल हाल के निर्माण का कार्य तिथि 22 मई 2001 से 30 मई 2001 तक दिन रात चलता रहा। सारी गुरू प्रेमी संगत ने बहुत श्रद्धा-सत्कार एवं बहादुरी के साथ काम किया। पंजाब से आए सेवादारों को सेवा करते देखकर बनारस के निवासी बहुत हैरान होते और कहते '' ये पंजाबी सेवादार किस मिट्टी के बने हुए हैं, जो दिन रात इतनी कठिन सेवा करते हैं और थकते नहीं'' ऐसा लगता था कि इतना बड़ा कार्य बहुत लंबे समय में पूरा होगा परन्तु सतगुरु जी की ऐसी कृपा हुई कि सिर्फ 10 दिन में ही हाल कमरे पर लैंटर डाल दिया गया। लंगर हाल की दूसरी मंज़िल का निर्माण, संत रामानंद जी की देख-रेख में हुआ। लंगर हाल की दूसरी मंज़िल का उद्घाटन श्री 108 संत निरंजन दास जी महाराज द्वारा 26 फरवरी 2002 को किया गया। आज श्रद्धालु इस विशाल हाल की दोनों मंजिलों की सुविधा का आनन्द प्राप्त कर रहें हैं।



यह विशेष वर्णनीय है कि लंगर हाल की पहली मंज़िल का कुल व्यय श्री 108 संत निरंजन दास जी महाराज, डेरा सच्च खण्ड बल्लां द्वारा किया गया। लंगर हाल की दूसरी मंजिल के निर्माण के कार्य में, बुल्वरहैंप्टन की संगत द्वारा, 8 लाख और बर्मिंघम की संगत् द्वारा 14 लाख रुपए, का योगदान दिया गया।

## संत सरवण दास चैरिटेबल अस्पताल कूपुर-ढेपुर (कठार)

डेरा संत सरवण दास जी सच्चखण्ड बल्लां जालन्धर, संत सरवण दास जी से लेकर वर्तमान गद्दी नशीन श्री 108 संत निरंजन दास जी की देख रेख में समाज सेवा, जन-कल्याण, दुखियों और गरीबों की सेवा में जुटा हुआ है, जिनमें से संत सरवण दास चैरिटेबल अस्पताल कठार, की सेवाएं, एक मील पत्थर के रूप में जानी जाती हैं। अस्पताल का नींव पत्थर ब्रह्मलीन श्री 108 संत गरीब दास जी के कर-कमलों द्वारा 22 अक्तूबर 1982 को रखा गया। इस महान् कार्य के लिए, सेठ बेली राम जी, बीबी पूरो जी, बीबी भजनो जी, सेठ राजमल्ल जी और कूपुर की पंचायत की ओर से, ज़मीन दान की गई। इस हस्पताल का उद्घाटन, 1 जनवरी 1984 को किया गया। यहां लाखों रोगी नाममात्र व्यय पर बढ़िया सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। 200 बैड वाले इस विशाल अस्पताल में सर्जरी, गाईनी, आंखों, दांतों, E.N.T., हड्डियों और बच्चों के विभाग द्वारा भिन्न-भिन्न बीमारियों का सस्ता एवं बढ़िया इलाज किया जा रहा है। इस हस्पताल में हड्डियों के आप्रेशन के लिए, आप्रेशन थिएटर करीब 20 लाख की लागत से तैयार किया गया है। इस पवित्र कार्य के लिए, अनुभवी डॉक्टरों और स्टाफ मैंबरों के द्वारा मानवता की सेवा के लिए अमूल्य योगदान दिया जा रहा है। इस अस्पताल में हर महीने लगभग 6000 लोगों का ओ.पी.डी, इलाज किया जाता है। इसके अलावा इनडोर वार्ड में बहुत अच्छी सुविधाएं हैं और बहुत ही कम किराए (100 रुपए प्रतिदिन) पर कमरा दिया जाता है। अस्पताल में, हर

महीने लगभग 200 जनरल सर्जरी,के आपरेशन किये जाते हैं। इस के इलावा नई तकनीक लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, आंखों की सर्जरी, E.N.T. दांतों और औरथोपैडिक सर्जरी भी शुरू की गई है। अैक्स-रे और स्कैनिंग का भी प्रबन्ध है। जो लोग महँगा इलाज नहीं करवा सकते, वे इस अस्पताल की सेवाओं का लाभ उठाते हैं। इसके साथ-साथ अब मध्यम वर्ग के लोग भी अस्पताल में हो रहे बढ़िया इलाज को देखते हुए, बड़ी संख्या में आने लगे हैं।

समाज को अच्छी सेवा देने के लिए, इस अस्पताल में लगभग 75,00,000/रुपए की लागत से, एक नया ब्लाक तैयार किया गया है। जिसमें अैमरजेन्सी विभाग, आई.सी.यू. जर्नल विभाग और 10 प्राईवेट कमरे और दूसरी मंजिल के 10 प्राईवेट कमरे और 2 वार्डों के निर्माण का कार्य संपूर्ण किया गया। जिससे अस्पताल का क्षेत्र और विशाल हो गया है। इस बिल्डिंग का उद्घाटन श्री 108 संत निरंजन दास जी के पावन कर-कमलों द्वारा हज़ारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में तिथि 7 फरवरी 2003 को किया गया। यह सभी सेवाए,श्री 108 संत निरंजन दास जी की देख-रेख में देश और विदेश की संगत के सहयोग से, निभाई जा रही हैं। इस अस्पताल का प्रबन्ध संत सरवण दास चैरिटेबल अस्पताल ट्रस्ट द्वारा चलाया जाता है। श्री 108 संत निरंजन दास जी इस ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं।

## संत सरवण दास मैमोरियल आई अस्पताल

आंखें शरीर का एक बहुत महत्त्वपूर्ण अंग है, इनकी सुरक्षा भी बहुत आवश्यक है। आंखों के रोगियों के इलाज के लिए, यह अस्पताल डेरा सच्च खण्ड बल्लां के पास से गुज़रती नहर के किनारे स्थित है। इसकी सेवा महान् सेवादार श्री स्वर्ण दास जी बंगड़, बीबी रेशम कौर बंगड़ और उनके परिवार गांव बल्ल UK ने एक करोड़, एक हज़ार, एक सौ ग्यारह रूपए दान के रूप में की। इस अस्पताल का नींव पत्थर, श्री 108 संत निरंजन दास जी के कर-कमलों द्वारा, तिथि 10 नवंम्बर 2004, दिन बुधवार को, संत समाज और संगत की उपस्थिति में रखा गया। यह



बात वर्णनीय है कि यह महान् परिवार 1977 से लेकर प्रत्येक वर्ष ब्रह्मज्ञानी ब्रह्मलीन संत सरवण दास जी की पवित्र याद में आखों का मुफ्त कैम्प लगवा रहा है। इस परिवार ने श्री गुरू रविदास सत्संग भवन के लिए अढाई एकड़ जमीन और एक लाख रुपए दान के रूप में दिये हैं। इस अस्पताल के लिए गुरू घर के कई प्रेमियों ने तन, मन और धन के साथ सेवा की। इस अस्पताल में 2 मंज़िलों पर 28000 स्कवेयर फुट तक लैंटर पड़ चुका है। इस अस्पताल में, आँखों की जांच एवं आप्रेशन के लिए, आधुनिक मशीनों की व्यवस्था की जाएगी।

## संत सरवण दास मॉडल स्कूल ( संत सरवण दास नगर ) फगवाड़ा

अज्ञानता अपने आप में ही एक बहुत बड़ा अभिशाप है। इस अभिशाप से मुक्त होकर, मानव जीवन के विकास के द्वार स्वत: ही खुल जाते हैं। अज्ञानता के कारण मनुष्य का विकास नहीं होता। साहिबे कमाल श्री गुरू रविदास महाराज जी इस बात की पुष्टि अपनी बाणी में करते हैं:

**माधउ अबिदिआ हित कीन बिबेक दीप मलीन॥**

सतगुरु स्वामी सरवण दास जी से लेकर, डेरा सच्च खण्ड बल्लां के समय-समय हुए गद्दी नशीन महापुरूषों ने इस विचारधारा का अनुसरण करते हुए, समाज के लोगों को, न केवल शिक्षा ग्रहण करने की प्रेरणा दी बल्कि शिक्षक संस्थाएं शुरू करने के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। इसी क्रम में तिथि 16 अप्रैल, 2002 को संत सरवण दास नगर, फगवाड़ा में श्री गुरू रविदास मंदिर कम्पलैक्स स्थित '**संत सरवण दास मॉडल स्कूल**' का नींव पत्थर रख कर, संत निरंजन दास महाराज जी ने उनकी विचारधारा को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए, शिक्षा के क्षेत्र में, एक मील पत्थर स्थापित किया है। संत सरवण दास मॉडल स्कूल, का उद्घाटन, तिथि 19 फरवरी 2004 को संत निरंजन दास जी, के कर-कमलों द्वारा किया गया। शिक्षा सत्र (2004-05) से शिक्षा का आरंभ हो चुका है। स्कूल के पास लगभग 26 कनाल ज़मीन है। स्कूल में कुल 38 कमरे हैं। यह सारी जमीन गुरू घर के महान् सेवादार श्री ब्रिज लाल

और श्रीमती गुरदेव कौर के परिवार की ओर से दान की गई है। 22 क्लास रूम 20X22 फुट के हैं। चार कमरे 32X20 फुट, दो हाल कमरे 32X45 फुट, 4 कमरे 12X14 फुट, एक प्रबन्धकीय ब्लाक 40X40 फुट, डब्ल कॉरी डोर और बच्चों की सुविधा के लिए 5 बसें है। यह स्कूल सी.बी.एस.ई. द्वारा प्रमाणित है। यह पूर्ण इंग्लिश मीडियम स्कूल है। दो करोड़ रुपये से अधिक की लागत से यह स्कूल तैयार किया गया है।

## श्री गुरू रविदास मंदिर ( संत सरवण दास नगर )

मंदिर कम्पलैक्स के लिए ज़मीन अनन्य सेवादार श्री ब्रिज लाल और उनकी सुपत्नी बीबी देबो निवासी बर्मिंघम (यू.के.) और श्री देस राज और उनकी सुपत्नी कमलेश कौर निवासी मॉडल हाऊस फगवाड़ा की ओर से, 108 संत निरंजन दास जी को दान की गई। इस मंदिर में एक सत्संग हाल, एक लंगर हाल और 11 कमरे हैं। मंदिर निर्माण पर, लगभग डेढ़ करोड़ रुपए व्यय हो चुके हैं। इस मंदिर के ऊपर चार स्वर्ण कलश सुशोभित हैं। इसका उद्घाटन श्री 108 संत निरंजन दास जी महाराज के कर-कमलों द्वारा 19 फरवरी 2004 को किया गया। उद्घाटन समारोह के समय आप जी को सांकतिक रूप से, एक किलो सोने की चाबी भेंट की गई। इस अवसर पर श्री 108 संत निरंजन दास जी को, टाटा सफारी गाड़ी भी भेंट की गई। दोनो परिवारों श्री ब्रिज लाल जी और उनकी पत्नी देबो, श्री देस राज जी और उनकी पत्नी कमलेश जी को, गुरू घर द्वारा 'हरि' के चिह्न वाली सोने की चेनों से सम्मानित किया गया। इस मंदिर में हर समय गुरू रविदास जी की बाणी का प्रचार होता है।

## तपोस्थान बाबा पिप्पल दास महाराज जी तथा जन्मस्थान सतगुरू स्वामी सरवण दास जी ( गिल्लपत्ती, बठिण्डा )

सतगुरु स्वामी सरवण दास महाराज जी का आगमन 15 फरवरी



1895 ई. को गाँव गिल्लपत्ती, ज़िला बठिण्डा में हुआ। इसी स्थान पर बाबा पिप्पल दास जी महाराज ने तप किया। गिल्लपत्ती गाँव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर गाँव नाईयांवा मार्ग पर नहर के किनारे बाबा जी की ज़मीन थी, जहाँ बाबा जी खेतीबाड़ी का कार्य, करते थे। यह ज़मीन स्वर्गवासी चरन सिंह तथा उन की सुपत्नी बीबी धर्म कौर जी एवं उनके परिवार द्वारा, डेरा सच्चखण्ड बल्लां को, भेंट कर दी गई। अब यहाँ एक आश्रम का निर्माण किया गया है। 30X30 का कमरा, जिसमें बाबा पिप्पल दास जी की पावन मूर्ति स्थापित की गई है। तीन अन्य और 100 फुट लम्बी शैड्डु निर्मित की गई है। यह स्थान "बेरी साहिब" के नाम से प्रसिद्ध है।

## श्री गुरू रविदास मंदिर सिरसगढ़ ( हरियाणा )

जगत् गुरू रविदास जी की पवित्र वाणी के प्रचार के लिए तन, मन, धन से समर्पित डेरा संत सरवण दास जी सच्च खण्ड बल्लां, एक ऐसा आध्यत्मिक और परमार्थी केन्द्र है, जिसकी सेवा से, समस्त संसार भली-भांति परिचित है। डेरे के महापुरूष, संत बाबा पिप्पल दास जी, संत सरवण दास जी महाराज, संत हरी दास जी महाराज, संत गरीब दास जी महाराज जी, निष्काम भावना से संगत् की सेवा में मग्न रहे हैं। इस लिए समस्त भारत तो क्या, सारे संसार की संगत डेरा सच्च खण्ड बल्लां के महापुरूषों को निवेदन करती है कि महाराज जी, हमारे क्षेत्र में भी, श्री गुरू रविदास मिश्न, केन्द्र, स्थापित करें। संगत के निवेदन को ध्यान में रखते हुए, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल और पंजाब के साथ साथ हरियाणा में, अंबाला से जगाधरी जी.टी. रोड पर, 28 किलोमीटर की दूरी पर, सिरसगढ़ (निकट दुसड़का)में, श्री गुरू रविदास मंदिर का निर्माण चल रहा है। इस कार्य के लिए माननीय श्री गुरबख्श सिंह (रिटा. आई. एफ. एस.), और बीबी राज राणी के परिवार ने 4 एकड़ और 17 मर्ले जमीन दान की है। इस मंदिर का नींव पत्थर श्री 108 संत निरंजन

दास जी ने अपने कर-कमलों द्वारा 31 अगस्त 2004 को रखा। अब तक 40X114 फुट की, दो मंज़िलों का निर्माण हो चुका है। मंदिर में 100X80 फुट का एक बड़ा हाल भी निर्माणाधीन है।

## श्री गुरू रविदास मंदिर कात्रज पूना ( महाराष्ट्र )

महाराष्ट्र की धरती पर, साहिब श्री गुरू रविदास जी के, पावन मिशन के प्रचार और प्रसार के लिए एक बहुत ही विशाल मंदिर कात्रज कुंडवा, शोलापुर रोड (पूना) में एक पहाड़ी पर निर्माणाधीन है। इस पवित्र कार्य के लिए श्री सुखदेव बाघमारे और बीबी राधा के परिवार की ओर से, एक एकड़ जमीन दान की गई है। इस मंदिर का नींव पत्थर, श्री 108 संत निरंजन दास जी ने, समस्त संगत की उपस्थिति में 17 दिसम्बर, 2003 को रखा गया। स्मर्णीय है कि सेठ बाघमारे परिवार ने, पहले ही अपने विशाल घर में श्री गुरू रविदास मंदिर बनाया हुआ है। श्री सुखदेव बाघमारे जी, ने कई गाँवों में, श्री गुरू रविदास जी की मूर्तियों की स्थापना करवाई है। श्री गुरू रविदास मंदिर, कटरास पूना के इस परमार्थी कार्य के लिए, श्री चमन लाल जी क्रोटाणे, मोहन लाल क्रोटाणे, मदन लाल क्रोटाणे और सुरजीत सिंह जी बहुत प्रयत्नशील हैं। इस मंदिर में 85X35 फुट का विशाल दो मंज़िली गुरु रविदास मन्दिर बन चुका है। इसके साथ ही श्री सुखदेव बाघमारे जी द्वारा, श्री गुरु रविदास गेट और श्री गुरु रविदास स्तंभ का निर्माण किया गया है।

## 'बेगमपुरा शहर' ( साप्ताहिक पत्रिका ) त्रैभाषिक

'बेगमपुरा शहर' पत्रिका, ब्रह्मलीन श्री 108 संत गरीब दास जी द्वारा 1991 में आरंभ की गई थी। ब्रह्मलीन संत गरीब दास जी, बड़े दूरदर्शी महापुरूष थे। आप इस बात से, भली-भाति परिचित थे कि समाज में चेतना पैदा करने में अखबार की बहुत बड़ी भूमिका है। गुरू जी के पुरुषार्थ के कारण ही, पिछले 18 वर्षों से यह अखबार निर्विघन छप रही है। आज यह अखबार वर्तमान् गद्दी नशीन श्री 108 संत निरंजन दास



जी की देख-रेख और श्री 108 संत रामानंद जी, जो अखबार के मुख्य संपादक थे, के नेतृत्व में और समस्त बेगमपुरा स्टाफ की लगन से, समाज के लोगों में अपनी विलक्षण पहचान स्थापित कर चुकी है। इस पत्रिका की प्राप्तियों को देखते हुए इसके मुख्य संपादक श्री 108 संत रामानंद जी को, भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा 10 दिसम्बर 2004 को तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में 'नैश्नल अवार्ड' से सम्मानित किया गया। अब यह पत्रिका तीन भाषाओं, पंजाबी के साथ साथ हिन्दी और अंग्रेज़ी में भी छपने लगी है।

## श्री गुरू रविदास सत्संग भवन, डेरा सच्च खण्ड बल्लां

डेरा सच्च खण्ड बल्लां के महापुरुषों, ब्रह्मलीन सतगुरु बाबा पिप्पल दास जी महाराज, ब्रह्मलीन 108 संत सरवण दास जी महाराज, ब्रह्मलीन 108 संत हरी दास जी महाराज, ब्रह्मलीन 108 संत गरीब दास जी महाराज और वर्तमान् गद्दी नशीन 108 संत निरंजन दास जी महाराज द्वारा, श्री गुरू रविदास जी की विचारधारा का, पहले से ही भरपूर प्रचार किया जाता रहा है। उनकी आध्यात्मिक शक्ति, पवित्रता, सच्चाई और समाज कल्याण के दृष्टिकोण को मुख्य रखते हुए, उनके श्रद्धालुओं की संख्या, बहुत तेज़ी से बढ़ रही है। इसीलिए श्री 108 संत सरवण दास चैरिटेबल ट्रस्ट यू. के. के निर्णय तथा विदेशी संगत के निवेदन करने पर, श्री 108 संत निरजंन दास जी द्वारा, एक विशाल 'श्री गुरू रविदास सत्संग भवन' का नींव पत्थर 12 मार्च 2000 को हज़ारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में रखा गया। यह सत्संग भवन 220 फुट लंबा और 180 फुट चौड़ा है। हज़ारों श्रद्धालुओं में, इस सत्संग भवन के प्रति इतना उत्साह, जोश और लगन थी कि उन्होंने इस विशाल भवन की नींव एक दिन में ही खोद ली। इस भवन के लिए अढ़ाई एकड़ ज़मीन स्वर्ण दास बंगड़ उनकी धर्म पत्नी बीबी रेशम कौर जी (यू.के.) और उनके परिवार द्वारा डेरे को दान की गई है।

सत्संग भवन का निर्माण कार्य बड़ी तेज़ी से किया गया। लगभग 300 गाँवों में से चार पाँच गाँवों के डेढ़ दो सौ श्रद्धालु, भवन के निर्माण की सेवा के लिए हर रोज़ डेरे में आते तथा निर्माण कार्य में सेवा करते, श्रद्धालुओं की सेवा भावना को देखकर संत निरंजन दास जी उनकी प्रंशसा करते और उनको आर्शीवाद देते। संत रामानंद जी कई बार संगत की श्रद्धा और उत्साह देखकर, खुद भी उनके साथ भवन के निर्माण की सेवा में, लग जाते, जिस से संगत को और उत्साह मिलता। फलस्वरूप थोड़े समय में ही इस विशाल सत्संग भवन के निर्माण का कार्य संपूर्ण हो गया। चारों कोनों पर 16 फुट ऊँचे गुंबद और मुख्य द्वार पर 20 फुट ऊँचे और एक बड़ा गुंबद सत्संग भवन की शोभा को बढ़ा रहे हैं। इतने बड़े भवन की छत के आर्कनुमा पाँच भाग हैं। सत्संग भवन में 80 फुट लंबी, एक मजबूत स्टेज भी बना दी गई है। इस स्टेज के नीचे बेसमैंट में टी. वी. स्टूडियो बनाया गया है। मुख्य द्वार के नीचे 134 फुट लंबा और 30 फुट चौड़ा 'जोड़ा घर' बेसमेंट में तैयार किया गया है। श्री गुरु रविदास सत्संग भवन का प्रचार देश-विदेशों में हो चुका है। इस सत्संग भवन के दर्शनों के लिए देश-विदेश से संगत आती रहती है। दर्शनी डियोड़ी पर मुख्य गुंबदों के अतिरिक्त, चारों कोनों में गुंबदों पर सात स्वर्ण कलश चढ़ाए गए हैं। इन गुंबदों से पर्दा उठाने की रस्म माघी के पवित्र अवसर पर, तिथि 14 जनवरी 2004 को की गई। 14 फरवरी 2007 को, सतगुरु रविदास नामलेवा बर्मिंघम संगत द्वारा स्वर्ण पालकी भेंट की गई, जिसे श्री गुरु रविदास मंदिर फगवाड़ा से, डेरा सच्चखण्ड बल्लां तक एक शोभायात्रा के रूप में लाया गया। इस विशाल भवन पर 7 स्वर्ण कलश सुशोभित हैं। इस भवन का शुभ उद्धघाटन, 15 फरवरी 2007 ई. को ब्रह्मलीन सतगुरु स्वामी सरवण दास जी के आगमन पर्व पर, संत निरंजन दास जी द्वारा किया गया।



## दूरदर्शन से 'अमृत वाणी श्री गुरू रविदास जी' प्रोग्राम

डेरा सच्च खण्ड बल्लां के महान् महापुरूषों द्वारा, दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल, जालन्धर से श्री गुरू रविदास जी की अमृत वाणी को, देश-विदेश में, प्रेमियों के लिए प्रसारित किया जाता है। इस प्रोग्राम में, श्री 108 संत रामानंद जी, गुरबाणी की व्याख्या करते हैं। प्रसिद्ध कीर्तनी जत्थे गुरबाणी कीर्तन करते हैं। यह प्रोग्राम पहले डी. डी. पंजाबी पर, आधे घंटे के लिए प्रसारित किया जाता था, परन्तु अब यह प्रोग्राम डी.डी. नैशनल जालन्धर से, हर मंगलवार शाम 4:30 बजे से 5:00 तक और डी. डी. पंजाबी पर हर बुधवार 6:30 से 7:00 बजे तक प्रसारित किया जाता है।

***नोट :*-श्री गुरु रविदास महाराज जी का प्रकाश दिवस श्री 108 संत निरंजन दास जी ( चेयरमैन, श्री गुरु रविदास जन्मस्थान पब्लिक चैरीटेबल ट्रस्ट तथा वर्तमान संचालक डेरा सच्चखण्ड बल्लां ) एवं श्री गुरु रविदास जन्म स्थान पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ष बड़े हर्षोल्लास सहित मनाया जाता है। विश्व भर से लाखों की संख्या में प्रेमीजन बड़ी प्रसन्नता पूर्वक गुरु रविदास जी के चरणों में नतमस्तक होने के लिए आते है। यह पवित्र स्थान सदैव संगत को खुशियाँ प्रदान करता है। जगत् गुरु रविदास जी का पावन 633वां जयंती समारोह तिथि 30 जनवरी 2010 को मनाया गया है। इस सुअवसर पर श्री 108 संत निरंजन दास जी महाराज ( मौजूदा गद्दीनशीन डेरा सच्चखण्ड बल्लां,जालन्धर ) के कर-कमलों द्वारा भारत के कोने-कोने से आये संत समाज, संगत तथा विदेशों से आई दस लाख से अधिक संख्या में संगतों की उपस्थिति में श्री गुरु रविदास जन्म स्थान मंदिर के बड़े गुंबद के ऊपर स्वर्ण मंडित का रिमोर्ट कंटरोल द्वारा पर्दा उठाकर उद्घाटन किया। इस सुअवसर 'रविदासिया धर्म की घोषणा' तथा 'अमृत वाणी सतगुरु रविदास महाराज जी' लोक अर्पण किए गए।**

## निशान साहिब
## रविदासीया कौम

---

### जगत्गुरु रविदास महाराज जी के जीवन के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण तथ्य :-

- प्रकाश दिवस :
  माघ सुदी पंद्रास 1433 विक्रमी
  सम्वत् सन् 1377 ई० ।
- जन्म स्थान :
  ग्रामः सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी ( यू० पी० )
- माता-पिता जी के नाम :
  पिता जी- पूजनीय संतोख दास जी
  माता जी- पूजनीय कलसी देवी जी
- दादा-दादी जी के नाम :
  दादा जी- पूजनीय कालू राम जी।
  दादी जी- पूजनीय लखपती जी।
- सुपत्नी एवं सपुत्र का नाम :
  सुपत्नी पूजनीय श्रीमती लोना देवी जी।
  सपुत्र पूजनीय श्रीमान विजय दास जी।
- ब्रह्मलीन :
  आषाढ़ की संक्रांति 1584
  विक्रमी सम्वत् (1528 ई०) बनारस में।



# विश्व का अद्भुत, नवीन व आधुनिक धर्म-रविदासिया धर्म

सम्पूर्ण विश्व भर में आज तक अनेकों धर्म अस्तित्व में आए, विकसित हुए, प्रवान चढ़े व लुप्त भी होते रहे हैं। इनमें से कुछ धर्म तो धावकों की विजय पाने की प्रवृत्ति, बदला लेने की भावना, दिल में बसती दूसरे मनुष्यों के प्रति ईर्ष्या और पृथ्वी पर अपनी सत्ता स्थापित करने के लालच के कारण अस्तित्व में आए और लुप्त हुए थे। इस देश में बाहर से आए आक्रमणकारी आर्य लोगों ने इस देश के मूल निवासियों, आदिवासियों के धर्म और संस्कृति को जड़ से ही समाप्त कर दिया था और उसके अवशेषों पर अपने धर्म की स्थापना की थी। विश्व भर के उस विकसित हुए प्राचीन धर्म के बचे हुए अवशेष और चिन्ह विश्वसनीय स्थानों की खुदाई से प्राप्त हुए हैं। विजेता आर्य लोगों ने आदि-वासियों के बहादुर शूरवीरों को तथाकथित राक्षस,दैत्य, असुर, दुष्ट बता कर बिना किसी डर के मौत के घाट उतार दिया था। इस प्रकार मूल निवासियों की विश्व की प्रथम भाषा व विकसित हो चुकी संस्कृति को आर्य लोगों ने पूर्ण रूप से नष्ट कर दिया था। यह ऐतिहासिक विडंम्बना ही तो है कि मोहनजोदड़ो की खुदाई में से आदि-वासियों की भाषा के नमूने तो प्राप्त हो गए हैं, परन्तु उस भाषा को पढ़ने वाला कोई भी व्यक्ति ज़िंदा नहीं बचा है, जो इस देश में लगभग 4000 वर्ष पूर्व प्रचलित हुआ।

भारत में 30 जनवरी 2010 ई० को सतगुरु रविदास जी महाराज के 633वें प्रकाशोत्सव पर हिन्दू धर्म की राजधानी बनारस ( काशी ) में सीरगोवर्धनपुर के पावन पवित्र धाम पर, विश्व के सब से अद्भुत व आधुनिक रविदासिया धर्म की स्थापना की गई थी।

मानववादी इस आलौकिक धर्म की स्थापना का शुभ कार्य, भारत में बसे विश्व प्रसिद्ध डेरा सच्चखण्ड बल्लां ज़िला जालन्धर ( पंजाब ) के गद्दीनशीन परम-पूज्य संत श्री 108 संत निरंजन दास जी और देश भर के संत-समाज की उपस्थिति में, विश्व भर के विभिन्न देशों से पधारे, लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ था। परम-पूज्य श्री 108 संत सुरिन्दर दास बावा जी ने इस नवीन धर्म के नियमों का ऐलान किया था। सीरगोवर्धनपुर में उपस्थित लाखों श्रद्धालुओं ने नए धर्म का ऐलान होते ही अपने हाथ खड़े कर रविदासिया धर्म को कबूल कर लिया था। इस धर्म की सब से बड़ी बात यह हुई कि विश्व के कोने-कोने से बसे श्रद्धालुगणों ने जब इलैंक्ट्रोनिक उपकरणों के माध्यमों के द्वारा इस स्थापित किए गए रविदासिया धर्म के बारे में देखा और सुना तो उन्होंने तुरंत अपने-अपने घरों में और सतगुरु रविदास महाराज जी व डेरा सच्चखण्ड बल्लां के संत-महापुरुषों की पावन मूर्तियों के समक्ष खड़े होकर, हाथ जोड़ कर इस अनुपम धर्म को अंगीकार कर लिया था। यह दुनिया की एक अद्‌भुत और विचित्र घटना बन गई है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे सतगुरु रविदास महाराज जी के एक ही जैकारे से यह धर्म पूरे विश्व में फैल गया हो। आधुनिक युग का यह सब से बड़ा चमत्कार कहा जा सकता है।

प्राचीन काल से ही, एक अनूठे धर्म का जो विशेष, सर्वप्रथम और श्रेष्ट गुण भाग होता है यह भाग उस धर्म की आत्मा मानी जाती है, इस भाग में उस धर्म का पूर्ण सिद्धांत शामिल होता है। रविदासिया धर्म का वर्ण-रहित, श्रेणी रहित और मानवीय समानता पर आधारित दर्शन सिद्धांत उत्त्कृष्ट और नवीन धर्म सिद्धांत है। विश्व इतिहास में फ्रांस की क्रांति ( 1789-1795 ) एक अद्‌भुत घटना थी, इस क्रांति ने दासता से मुक्ति अर्थात् आज़ादी, मानवीय अधिकार व समानता का नया नारा विश्व की झोली में डाला था। जबकि गुरु रविदास



महाराज जी की पावन वाणी का अध्ययन करते हुए हम देखते हैं कि यह सुनहरी सिद्धांत तो सतगुरु रविदास महाराज जी ने फ्रांस की क्रांति से लगभग 350-400 वर्ष पूर्व संसार को प्रदान कर दिया था। इसी प्रकार 'अनोखा समाजवाद' का सिद्धांत भी कार्ल-मार्क्स के जन्म से 441 वर्ष पूर्व, प्रकट हुए गुरु रविदास महाराज जी ने अपनी पावन वाणी द्वारा, विश्व के समक्ष रख दिया था, क्योंकि गुरु रविदास वाणी यूरोप की भाषाओं में अनुवादित होकर, देश की सीमाओं के पार पहुँची थी। इसी कारण फ्रांस की क्रांति के नेता महान् रूसो और वाल्तेयर विश्व को यह नहीं बता पाए कि उन्होंने यह अनोखा सिद्धांत गुरु रविदास महाराज जी के सिद्धांत से लिया है। रविदासिया धर्म का मुख्य उद्देश्य सतगुरु रविदास जी की मानववादी विचारधारा का प्रचार करना है।

इनके साथ-साथ ही महांऋषि वाल्मीकि जी, सतगुरु नामदेव जी, सतगुरु कबीर जी, सतगुरु त्रिलोचन जी, सतगुरु सैन जी, सतगुरु सधना जी की मानववादी विचारधारा का प्रचार करना भी शामिल है। गुरु रविदास जी के अनूठे सिद्धांत के अनुसार, विश्व में से मानवीय श्रेणीक्रम और वर्ण-प्रणाली को जड़ से उखाड़ कर संसार में श्रेणी-रहित और जाति-पाति रहित समाज की स्थापना करना मुख्य उद्देश्य है। ऐसा शहर जहां सभी समान हों। इस धर्म द्वारा उत्पीड़ित वर्णों को हीन-भावना का त्याग कर स्वयं में आत्म विश्वास भरने के लिए प्रेरणा और बल प्रदान किया गया है। रविदासिया धर्म के धार्मिक ग्रंथ 'अमृतवाणी सतगुरु रविदास महाराज जी' के पन्ना 2 पर अंकित है-

'बेगमपुरा सहर को नाउ। दूखु अंदोहु नही तिहि ठाउ। दोम न सेम एक सो आही। जो हम सहरी सु मीतु हमारा॥' यह सिद्धांतवादी शब्द श्री गुरु रविदास जी महाराज ने गाऊरी राग में उच्चारित किया है।

अमृतवाणी के पन्ना 170 पर गुरु जी के प्रकट किये सिद्धांत को दर्शाता श्लोक इस प्रकार है-'ऐसा चाहू राज मैं जहाँ मिले सबन को अन्न, छोट-बड़े सब सम बसै रविदास रहे प्रसन्न।'

फ्रांस की क्रांति से सदियों पूर्व गुरु जी ने स्वतंत्रता का संकल्प संसार को दे दिया था। 'पराधीनता पाप है जान लेहु रे मीत। रविदास दास पराधीन से कौन करै है प्रीत।' ( अमृतवाणी पन्ना 172 ) विश्व भाईचारे के विषय में गुरु जी ने तो अंतिम बात ही कह दी है। यदि सभी मनुष्य एक ही ईश्वर की उपज है, सब का वही पिता है, तो फिर मनुष्यों में भेदभाव किस बात का रह जाता है। काल्पनिक ऊँच-नीच किस लिए रह जाती है। 'रविदास एक ही नूर ते जन्मे उपजेऊ संसार। ऊंच नीच किह विध भये ब्राह्मण अरु चमार।' गुरु जी तो सभी प्राणियों को एक मिट्टी से बना बताकर अपने कथन को और स्पष्ट करते हैं।'ऐको माटी के सब भांडे ऐको सृजनहारा।' ( अमृतवाणी पन्ना 155 )। रविदासिया धर्म के गुरु सतगुरु रविदास जी ने धर्म के एक और अद्भुत व महत्त्वपूर्ण पक्ष अपने हाथों से मेहनत करने के विषय में अपने अनुयायियों को आदेश दे दिया है। 'जिहवा सो ओंकार जप हथन सों कर कार।' ( अमृतवाणी पन्ना 161 )। यह संदेश गुरु जी के जीवन निर्वाह का अटूट अंग सा है। गुरु जी सम्पूर्ण जीवन अपने हाथों से मेहनत कर निर्वाह करते रहे हैं। उनका यह कर्म संसार के सभी संत-गुरुओं से न्यारा है, जिसे विश्व प्रणाम करता है। कर्म करने के साथ-साथ गुरु जी ने अज्ञानता के घोर अंधकार को त्याग कर ज्ञान प्राप्त करने का अनुभव संदेश दिया है-'माधो अविद्या हित कीन। विवेक दीप मलीन।' ( अमृतवाणी पन्ना 11 ) इस प्रकार यह बात सरल स्पष्ट हो जाती है कि रविदासिया धर्म के अनूठे सिद्धांत के साथ-साथ ज्ञान भक्ति व कर्म का सुमेल भी है। जो एक सजीव धर्म का बड़ा गुण समझा जाता है। संसार का यह उत्कृष्ट धर्म, इतनी उत्तम



विशेषताओं के होते हुए गुरु रविदास जी के जीवन-काल के दौरान विश्व में क्यों विकसित नहीं हो सका। इसके कई कारण हैं जिनके विषय में फिर कभी चर्चा करेंगे। परन्तु कुल ब्रह्मण्ड आभारी है, सतगुरु स्वामी निरंजन दास महाराज जी का जिनकी असीम कृपा दृष्टि से संसार का अद्भुत, नवीन, आधुनिक और मानव-कल्याणकारी यह अनुपम धर्म सन् 2010 ई॰ के प्रारम्भ में ही श्रद्धालुजनों ने आत्मसात कर लिया। आवश्यकता अब इस बात की है कि हम दृढ़ निश्चय और कठोर इरादे के साथ, तन-मन से इस महान् धर्म को दूर-दूर तक बसे लोगों तक पहुंचा दें, जिन्हें अपने शरीर में आत्म-विश्वास की शक्ति प्रज्जवलित करने के लिए इस धर्म की अति आवश्यकता है।

जय गुरुदेव।

# श्री अमृतवाणी सतगुरु रविदास महाराज जी

श्री अमृतवाणी सतगुरु रविदास महाराज जी का विमोचन, जब परम पूज्य श्री 108 संत निरंजन दास जी महाराज ने भारत के कोने-कोने से आए, संत समाज और विश्व के कोने-कोने से आई लाखों संगतों की उपस्थिति में किया, तब जन्म स्थान मंदिर के उपासना गृह के गुंबद पर चढ़े सोने के कलश में से निकलती उत्त्कृष्ट सुनहरी किरणों ने वातावरण को और भी रमणीक बना दिया था। जगत्गुरु रविदास महाराज जी के जैकारों से आकाश गूँज उठा था। गंगा के पावन जल में उथल-पुथल मच गई थी। ऐसा लग रहा था जैसे गंगा जल में से उपजी ऊँची लहरें इस आलौकिक दृश्य के दर्शन पाने के लिए उत्सुक हों। हिन्दू धर्म की पुरातन राजधानी वाराणसी, नये ग्रंथ के लोकार्पण की गवाही भरते हुए इस ऐतिहासिक नज़ारे को प्रसन्नता से निहार रही थी।

सतगुरु रविदास जी महाराज का 633वां प्रकाश पर्व विश्व स्तर पर 30 जनवरी 2010 को जन्म स्थान मंदिर सीर गोवर्धनपुर, यू॰पी॰ में अति श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। आध्यात्मिकता की अनूठी सुगंधि से महकती प्रात: काल में उदय होते सूर्य की किरणों ने, जब मंदिर में स्थापित गुरु रविदास जी की प्रतिमा को सजदा किया तब मंदिर में श्री 108 संत निरंजन दास जी महाराज गद्दीनशीन डेरा सच्चखण्ड बल्लां ज़िला जालन्धर पंजाब ने अपने पावन कर-कमलों द्वारा, हरि नाम के अद्‌भुत रवि में अंकित गुरु जी के महान् कथन 'नाम तेरे की जोति लगाई भईयो उजिआरो भवन सगलारे' की वरदान बरसाती अनूठी किरणों वाले निशान साहिब को नील गगन में लहराया। इस शुभ अवसर पर समस्त संत समाज मौजूद था। गुरु रविदास जी



की वाणी के जाप किए गए। विश्व कल्याण हेतु अरदास की गई। गुरु पर्व के पावन अवसर के सम्बन्ध में एक विशाल व सुंदर पंडाल सजाया गया। विश्व के कोने-कोने से उपस्थित संगतों व साधू जनों ने अपने इष्ट देव श्री गुरु रविदास महाराज जी की प्रतिमा के समक्ष नमन किया। वे गुरु जी के पावन चरणों से वरदान प्राप्त कर, अपने-अपने स्थान पर विराजमान हुए। सम्पूर्ण साधू समाज के साथ, संत निरंजन दास जी महाराज मंच पर विराजमान हो चुके थे। भगवान महार्षि वाल्मीकि जी महाराज के पावन स्थान भगवान वाल्मीकि तीर्थ अमृतसर के गद्दीनशीन संत पूर्ण नाथ जी ने संत निरंजन दास जी महाराज का यादगारी ढंग से सम्मान किया। परमपूज्य संत निरंजन दास जी ने जगत्गुरु रविदास महाराज जी के मंदिर के मुख्य गुंबद पर चढ़ाए सोने के कलश से पर्दा उठाने की रस्म रिमोट कंट्रोल द्वारा अदा करने के उपरान्त, देवनागरी व गुरमुखी लिपिओं में प्रकाशित, गुरु रविदास सम्प्रदाय की अद्‌भुत व विलक्षण धार्मिक पुस्तक 'अमृतवाणी सतगुरु रविदास महाराज जी' का पूर्ण श्रद्धा व सम्मान के साथ लोकार्पण किया था। 'जो बोले सो निरभै, गुरु रविदास महाराज की जय' और 'श्री गुरु रविदास शक्ति अमर रहे' के जैकारों से आसमान गूँज उठा। यही ध्वनि जब गंगा के बहते शांत जल तक पहुँची, तब उसके परोपकारी जल में उत्सुकता की लहरें दौड़ उठीं। जैसे-जैसे जैकारों की गूँज बढ़ रही थी वैसे-वैसे ही गंगा की लहरें भी उठ रही थीं। ऐसा प्रतीत हो रहा था, जैसे गंगा की लहरें पंडाल में सुशोभित अमृतवाणी के दर्शन करने हेतु उत्सुक हो रही थी। इस ऐतिहासिक एकत्रता में परम पूजनीय श्री 108 संत सुरिन्द्र दास बावा जी ने यह ऐलान किया कि आज से यह पुस्तक गुरु रविदास जी के श्रद्धालु पैरोकारों और रविदासिया धर्म को अंगीकार करने वाले लोगों की धार्मिक पुस्तक होगी। यहां यह बात वर्णनीय और विशेष ध्यानयोग्य है, मंच से इस 'अमृतवाणी सतगुरु रविदास महाराज जी' को केवल

रविदासिया धर्म की धार्मिक पुस्तक ही कहा गया, प्रचारित व दर्शाया गया। गुरु रविदास जन्म स्थान मंदिर सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी यू॰पी॰ द्वारा प्रकाशित इस धार्मिक पुस्तक में श्री गुरु रविदास जी के 140 शब्द, 40 पद, पैंतीस अक्षर, वाणी साप्ताहिक, वाणी पंदरास तिथि, बारहमास, उपदेश, सांद वाणी, अनमोल वचन, शादी उपदेश, सुहाग उस्तति, मंगलाचार, अनमोल वचन, 231 श्लोक इस वाणी के प्रबंध संकलन कर्ता अध्यात्मिक शक्ति से सरोबार हुए, ज्ञानवान व प्रवीन प्रवृित्ति वाले, अनूठी दिव्य दृष्टि के मालिक हैं। वह दूध से पानी अलग करने की अद्‌भुत कला के धारणी हैं। उन्होंने पहले तो विभिन्न संस्थाओं, विश्व विद्यालयों, अनेक खोजी विद्वानों, बुद्धिजीवियों और प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित, गुरु रविदास वाणी के सभी उपलब्ध संग्रहों को एकत्रित कर, उनका गहरा संसोधन व अध्ययन करने के पश्चात् गुरु रविदास जी के सिद्धांतों और विचारों के अनुकूल वाणी को अलग किया गया। पश्चात् उस वाणी के पाठ को प्राप्त पांडुलिपियों में दर्ज वाणी शुद्ध और प्रमाणक प्रतीत हुई होगी, केवल उसी वाणी को अमृतवाणी में सम्मिलित किया गया। यह एक बहुत ही कठिन व जोखिम का कार्य था। इस अटकलों भरे कठिन, जटिल व मुश्किल काम को पूर्ण करने के लिए संकल्प कर्ता सम्पूर्ण मानववादी सोच की ओर से हार्दिक शुभकामनाओं के पात्र हैं जिन्होंने यह ऐतिहासिक कार्य कर दिखाया है और सतगुरु रविदास जी की वाणी को एक स्थान पर संग्रहित करके यह विलक्षण व अद्‌भुत खजाना विश्व को प्रदान किया है। इस अमृतवाणी में गुरु रविदास जी की वाणी के 40 शब्द और एक श्लोक भी शामिल किए गए हैं, जिन्हें सन् 1604 ई॰ में गुरु अर्जुन देव जी ने आदि ग्रंथ साहिब में संकलित किया था।

श्री अमृतवाणी का श्रद्धापूर्वक गहन अध्यन करने के उपरान्त गुरु जी के मानववादी सिद्धांत और लोक हितैषी विचार प्रणाली का



सरलता से ज्ञान हो जाता है। उन्होंने अपनी वाणी द्वारा समाज की पद-दलित श्रेणी को अपने सिर से गुलामी का बोझ उतार कर फैंकने के लिए केवल प्रेरित ही नहीं किया बल्कि मानवीय समानता की चेतना की अद्‌भुत ज्योति उनमें प्रज्जवलित करके उस दबी हुई श्रेणी के लोगों में स्वयं अपने पैरों पर खड़ा होने का उत्साह भरा। मध्यकाल में फैली वर्ण-व्यवस्था और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध भी गुरु रविदास जी की वाणी ने एक शक्तिशाली आंदोलन छेड़ा था। उन्होंने गरीब वर्ग को जहां उनके मानवीय अधिकार लौटाए थे, वहीं उसके साथ भूख के मारे व पिछड़े हुए लोगों को भगवान के नाम का स्मरण करने और उसकी भक्ति करने के अधिकार भी दिलाए। अतः कहा जा सकता है कि गुरु रविदास जी की मधुर व विमल वाणी प्राकृतिक गुणों का खज़ाना है। वाणी की विशेषता, उत्तमता, व उत्कृष्टता के विषय में इस लघु लेख में पूरी व्याख्या जा विस्तार नहीं दिया जा सकता। यहां केवल समकालीन समाज में फैली हुई अमानवीय वर्ण-व्यवस्था पर, गुरु जी द्वारा अपने कोमल शब्दों से सजी वाणी द्वारा किये गए घातक प्रहारों व उपेक्षित वर्ग के लोगों में आत्म-विश्वास और स्वाभिमान की भावना पैदा करने वाले गुणों की ही बात करेंगे।

गुरु जी यह बात भली-भांति जानते थे कि मानवीय समानता के मार्ग में वर्ण-व्यवस्था एक पहाड़ की भांति खड़ी हुई है और तभी शोषक वर्ग द्वारा बनाई वर्ण-व्यवस्था पर कड़ा प्रहार करते हुए गुरु जी का फरमान है-'ब्रहमन बैस सूद अरु ख्यत्री डोम चंडाल मलेछ मन सोइ। हाई पुनीत भगवंत भजन ते आपु तारि तारे कुल दोइ। अमृतवाणी शब्द 45 पन्ना 29-30। झूठे उच्च वर्ग को आइना दिखाते हुए गुरु जी का कथन है कि इस संसार में भले ही कोई ब्राह्मण हो, वैश्य हो, शूदर हो या क्षत्रीय हो, डोम चंडाल मलेश ही क्यों न हो सब के सब अपवित्र हैं। पवित्र और पुनीत केवल वह मनुष्य है, जो प्रभु का स्मरण करता

है। एक अन्य शब्द में गुरु जी ने अपने सिद्धांत को और स्पष्ट करते हुए कहा, ''नीचह ऊच करै मेरा गोबिंदु काहू ते न डरै।'' अमृत वाणी शब्द 85 पन्ना 57। इस विचार को और स्पष्ट करते हुए गुरु जी कहते हैं-

*रविदास जनम के कारनै होत न कोउ नीच,*
*नर कूं नीच करि डारि है ओछे करम की नीच।*

( अमृतवाणी पन्ना 165 )

किसी घर में, किसी गांव में, किसी नगर में, किसी देश, किसी काल्पनिक वर्ण में, महलों या झोंपड़ियों में जन्म लेने के कारण कोई मनुष्य न ऊंचा या उत्तम हो सकता है और न ही कोई व्यक्ति छोटा हो जाता है। गुरु जी तो यह भी कथन कर गए हैं-

*एकै माटी के सभ भाडे एकौ सिरजनहारा ।।*

( अमृतवाणी पन्ना 155 श्लोक 46 )

इस प्रकार अमृतवाणी में संकलित किए गए 100वें शब्द में जो कि पन्ना 66-67 पर विद्यमान है, गुरु जी कहते है-

*कहि रविदास जो जपै नामु। तिसु जाति न जनमु न जोनि कामु।।*

भाव जो व्यक्ति प्रभु का नाम सिमरन करता है, वह व्यक्ति मनुष्य निर्मित जातियों के चक्रव्यूह में से स्वतंत्र हो जाता है। मनुष्य द्वारा उसे दी गई जाति नष्ट हो जाती है। एक अन्य शब्द जो अमृतवाणी के पन्ना 29 पर अंकित है, उसमें गुरु जी अपने विचार को दृढ़ता से व्यक्त करते हैं-

*जो तेरी सरनागत तिन नाहि भारु,*
*ऊंच नीच तुम ते तरै आलजु संसारु।*

( शब्द 44 अमृतवाणी )

गुरु जी का कथन है कि जो भी व्यक्ति चाहे वह शोषण कारियों द्वारा निंमत किसी भी जाति में पैदा हुआ हो, जब भी वह व्यक्ति प्रभु की शरण में आ जाता है, उसी समय उसके सभी पाप नष्ट



हो जाते हैं, भले ही वर्ण-व्यवस्था ने उसे नीच-जाति का ऐलान किया हुआ हो, वह मनुष्य प्रभु की कृपा से इस संसार के सागर से पार हो जाता है। इसी प्रकार अन्य शब्द में व्याख्या करते हैं-

*सरबै एको अनेकै स्वामी सब घट भोगवै सोई।*

श्री अमृतवाणी में दर्ज एक अन्य शब्द में गुरु जी कहते हैं-

*एक ही एक अनेक होए विस्थरियो।*

भाव एक परमात्मा ही सब जीवों में अनेक रूप धारण कर बस रहा है। प्रभु सर्व व्यापक है। वहीं प्रभु हर एक मनुष्य में बसा है और स्वयं ही संसार की हर वस्तु में विद्यमान है। जो झूठी उच्च श्रेणियों के लोग काल्पनिक नीच वर्णों के लोगों को घृणा करते थे, उनको गुरु जी ने अलग-अलग ढंग से समझाने का प्रयत्न किया कि जो ज्योति उनमें है वही ज्योति नीच लोगों के भीतर भी प्रज्जवलित है, अमृतवाणी में गुरु जी का कथन है-

*एक जोति से जऊ सब उपजै*
*तऊ ऊंच नीच किस मान।*

( अमृतवाणी श्लोक 49, पन्ना 155 )

सतगुरु रविदास जी स्वयं जीवन भर काम करते हुए, प्रभु का ध्यान करते रहे। उनकी निष्ठा दो हाथों से मेहनत करके जीविका का निर्वाह करने में था। इसी कारण वह अपने अनुयायियों को अपने हाथों से काम करने की शिक्षा देते हुए कहते हैं-

*जिहवा सों ओंकार जप ह थन सों कर कार॥*
*राम मिलंहि घर आइ कर कहि रविदास बिचारा।।*

-श्री अमृतवाणी श्लोक 99 पन्ना 161

गुरु रविदास स्वयं एक श्रमिक थे, यदि उनके हृदय में प्रभु का निवास रहता था तो उनके हाथों में श्रद्धाभाव से कार्य करने का दृढ़ निश्चय अठखेलियां करता रहता था। तभी

गुरु जी दिल से चाहते थे कि संसार में बसने वाले प्रत्येक प्राणी को खाने के लिए भोजन, तन ढकने के लिए वस्त्र और सिर छुपाने के लिए छत मिले। तभी तो गुरु जी ऐसे राज्य की बात करते हैं जिसमें प्रत्येक व्यक्ति खुश व खुशहाल हो।

श्री अमृतवाणी के श्लोक 174, पन्ना 170 पर अंकित है, में गुरु जी अपना सिद्धांत प्रकट करते हैं-

*ऐसा चाहूं राज मैं जहाँ मिले सबन कौ अन्न।*
*छोट-बढो सभ सम बसैं रविदास रहे प्रसन्न।*

यही समाजवाद का सिद्धांत गुरु रविदास जी ने अपने प्रसिद्ध शब्द 'बेगम पुरा शहर को नाओ' में प्रस्तुत किया है। समाजवाद का यह संकल्प विश्व में सर्वप्रथम गुरु रविदास जी ने प्रस्तुत किया था क्योंकि उन्होंने स्वयं अपने जीवन में कई दयनीय कष्ट उठाये थे। गुरु जी की धारणा थी कि जिस ने गरीबी एवं वर्ण-प्रणाली का दर्द सहा है, केवल वही व्यक्ति उस दर्द को ब्यान कर सकता है। गुरु जी कहते हैं-

*सो कत जानै पीर पराई।*
*जा कै अंतर दरदु न पाई।*

( अमृतवाणी पन्ना 26 शब्द 42 )

अमृतवाणी सतगुरु रविदास महाराज जी में संकलित वाणी उपेक्षित वर्ग चेतना प्रदान करती हुई, उनमें आत्म विश्वास व स्वाभिमान की शक्ति भरने में अहम भूमिका निभा रही है और जब तक दुनिया कायम है, वह यह भूमिका निभाती रहेगी।



# अमृतवाणी में अंकित गुरु रविदास वाणी के आधार पर गुरु रविदास जी की विचारधारा, एवं सिद्धांत की अभिव्यक्ति संदेश एवं उपदेश

गुरु रविदास जी मध्य युग में सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत थे। वे उस अंध-युग में गरीबों, असहाय एवं शक्तिहीन लोगों के हेतु प्रकाश-स्तम्भ का रूप धारण करके अवतरित हुए थे। वे युग अवतार थे क्योंकि उन्होंने उन लोगों में चेतना एवं सामाजिक समानता की पौध वगाई थी जिन्हों जाति प्रथा की सामाजिक व्यवस्था ने बीते युगों से ऐसा पद-दलित किया था कि वे लोग मानवीय धरातल पर खड़े होने की कल्पना करने के योग्य भी नहीं रहे थे। उस दीनहीन जन समूह को हीनभाव से बाहर निकालने के लिये रविदास जी का कथन है:-

*नीच नीच कर मारहिं जानत नहीं नदान।*
*सभ का सिरजनहार है रविदास ऐके भगवान।। ( 125 )*

संसार के सभी प्राणियों का केवल एक भगवान ही सृजनशील है फिर व्यक्तियों में ऊंच-नीच कैसी ? गुरु रविदास जी फरमाते हैं कि क्योंकि सभी मनुष्य एक ही परमात्मा की रचना हैं इसलिए उनमें न कोई ऊँच व्यक्ति है और न ही कोई नीच मनुष्य है। आदमी अपने अपने कर्मों से ऊँचा या नीच होता है। इस प्रकार अपनी विमल वाणी को साधन बना कर गुरु रविदास जी ने युग-युगांतर से पद-दलित एवं दीनहीन अवस्था में पड़ी हुई जनता को धैर्य प्रदान किया था। ब्राह्मणवाद के अहंकार को चूर-चूर करने के लिये गुरु रविदास जी फरमाते हैं:-

*रविदास ब्राह्मण मति पूजिये जउ होवै गुनहीन।*
*पूजिहि चरन चंडाल के जउ होवै गुनहीन।।* ( 121 )

गुरु रविदास जी को तथाकथित नीच जाति के अवतरित होने का कोई दुख, खेद या पछतावा नहीं है। बल्कि वे तो गर्व से अपनी वाणी में अपनी जाति का ऐलान करते हैं, ऐसा करके गुरु रविदास जी तथाकथित नीच जातियों में पैदा हुए व्यक्तियों को हीन भावना का परित्याग करने का संदेश देते हैं। उनके जीवन की महत्वपूर्ण गरिमा यही थी कि उन्होंने एक तथाकथित नीच जाति में जन्म लिया और वे स्वाभिमान से अपने चमारत्व को उद्घोषित करते हैं।

मध्यकालीन भारत में गुरु रविदास जी ने सब से पहले स्वतंत्रता का शंख नाद किया था। उन्होंने यह भी घोषणा की कि संसार में स्वाभिमान के साथ जीने को ही जीना कहते है। विश्व भर में जो व्यक्ति स्वाभिमान के साथ नहीं जी रहा, वह मृत्त व्यक्ति के तुल्य है। इसलिए गुरु जी ने स्वतंत्रता से जीवन निर्वाह करने की प्रेरणा देते हुए फरमाया था कि, 'पराधीनता पाप है'।

*पराधीनता पाप है जान लेहु रे मीत। ( पन्ना 173 )*
*रविदास दास पराधीन से कौन करै है प्रीत।। ( 193 )*

मानव की हर प्रकार की गुलामी का विरोध करते हुए गुरु रविदास जी ने मानवीय समता एवं समानता का उपदेश भी संसार को दिया है।

*छोट बढ़ों सभ सम बसैं, रविदास रहे प्रसन्न।। ( 174 )*

गुरु रविदास जी ने पूजा अचर्णा के बाहरी आडम्बरों का विरोध किया थी, उन्होंने तीर्थ स्थानों पर जा कर स्नान करके देवी देवताओं को बहुमूल्य भेंट अर्पित करके, पापों से मुक्त हो कर, पवित्र होने का प्रयत्न करने वालों को सतर्क करने हेतु फरमाया:-

*जे ओहु अठिसठि तीरथ न्हावै।।*
*जे ओहु दुआदस सिला पुजावे।।*



*जे ओहु ग्रहन करै कुलखेति।*
*अरपै नारि सीगार समेति।।*
( अमृतवाणी पन्ना 40 )

गुरु जी का फरमाना है कि अन्तःकरण की पवित्रता के लिए न किसी व्यक्ति को अठसठ तीर्थों में जा कर स्नान करने की आवश्यकता है और न द्वादराशिला की पूजा करने की। यदि कोई व्यक्ति सूर्य या चन्द्र ग्रहण के समय कुरूक्षेत्र में स्नान-ध्यान करके अपनी आभूषणों से लदी श्रंगार युक्त पत्नी को भी किसी पात्र को दान में देता है तो भी उसे पुण्य अर्जित नहीं हो सकता। गुरु जी तो कहते हैं : रागु गुजरी में पन्ना 14

*अव तनु मनु अरपउ फूल चरावउ।।*
*गुरु परसादि निरंजनु पावउ।।*

प्रभु के दर्शन तो सच्चा तन मन अर्पित करने से होते हैं। बाहरी आडम्बरों से भगवान से मिलाप नहीं हो सकता। इसलिए मनुष्य को साधक को चाहिए कि वह हरि के नाम का स्मरण करे क्योंकि ऋषि वेद व्यास ने सभी पुराणों तथा वेदों का सार एवं विस्तार बताने वाली पुस्तकों तथा चौंतीस अक्षरों की वर्णमाला में रची हुई तमाम रचनाओं पर सोच विचार करके यह परम सत्य प्रस्तुत किया है कि हरि के नाम के स्मरण की बराबरी और कोई पाठ नहीं करता। इस प्रकार गुरु रविदास जी ने सामाजिक कर्म-कांडों का खंडन करते हुए अपने शिष्यों एवं संसार को एक ही प्रभु के अस्तित्व में दृढ़ विश्वास का उपदेश दिया था।

*नाना खिआन पुरान बेद बिधि चउतीस अखर मांही।।*
*बिआस बिचारि कहिओ परमारथु राम नाम सरि नाही।।*
( अमृतवाणी शब्द 24 पन्ना 17 )

जिस परमात्मा का नाम मन ही मन में उच्चारण करने को

कहते है उस ईश्वर के बारे यह भी बता देते है कि ईश्वर प्रभु एक ही है और वही परमात्मा सभी प्राणियों में आत्मा के रूप में निवास कर रहा है। वह ब्राह्मण है या शूद्र है प्रत्येक व्यक्ति में वही परमात्मा का अंश कार्यरत है :

*सरबे एकु अनेकै सुआमी सभ घट भोगवै सोई।।*

( अमृतवाणी पन्ना 15 )

तत्कालीन धार्मिक मठाधीशों पर गुरु रविदास के प्रहार सशक्त सिद्ध हुए, तभी उन मठाधीशों को गुरु रविदास की विशाल चिंतन शक्ति का बोध हुआ। इसी कारण उन्होंने गुरु रविदास जी के सत्संग में पहुंच कर भूमि से मस्तक रगड़ कर गुरु जी को प्रणाम किया था और उनके जाति पाति रहित, समता पर आधारित पवित्र मानवतावादी सिद्धांत को स्वीकार किया था। गुरु रविदास जी रागु मलार में फरमाते हैं :

*अब बिप्र परधान तिहि करहि डंडउत तेरे नाम सरणाई रविदास दासा।।*

इस प्रकार मध्ययुगीन भारत में गुरु रविदास जी सब से महत्वपूर्ण सामाजिक क्रांति लाए थे। उन्होंने तथाकथित निम्न जाति में जन्म लेकर यह सिद्ध कर दिया कि किसी भी जाति में जन्म लेने से कोई व्यक्ति ऊँचा या नीचा नहीं बनता, बल्कि उस की गरिमा की कसौटी तो उस के चिंतन, आचरण, दर्शन एवं कर्म पर निर्भर करती है :-

*श्रम कउ ईसर जानि कै जउ पूजहि दिन रैन।*
*रविदास तिन्हहि संसार मंह सदा मिलहि सुख चैना।।*

श्रम को ईश्वर मानने वाले गुरु रविदास ने संसार भर के मनुष्यों को श्रम की श्रेष्ठता बताई तथा श्रमिक को आदर, सम्मान एवं सत्कार प्रदान किया।

गुरु रविदास की तुला में श्रम, कर्म एवं ज्ञान बराबर तुलने



थे। तभी उन्होंने श्रमिक को अज्ञानता का त्याग करने, ज्ञान प्राप्त करने का आदेश दिया था :-

*माधो ! अबिदिआ हित कीन।।*
*बिबेक दीप मलीन।।*

गुरु रविदास जी ने सभी मनुष्यों को सभी प्रकार की अज्ञानता का त्याग करके, ज्ञान धारण करने एवं ज्ञान मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। अक्षर ज्ञान हर प्रकार के ज्ञान का मूल-आधार है।

गुरु रविदास जी का जन सामान्य को यह भी एक महत्वपर्ण उपदेश था कि कर्म ही मनुष्य का धर्म है तथा सत्य एवं संतोष उस के जीवन के आधार हैं :-

*सत्त संतोष गुरु सदाचार जीवन को आधार।।*
*रविदास भये नर देवते जिन तिआगो पंच बिकार।।*

( अमृतवाणी पन्ना 168 )

जैसे गुरु रविदास जी ने मानव मानवीय समानता पर बल दिया है वैसे ही श्रेष्ठ गुरु ने मानव एकता का भी संदेश दिया है। गुरु रविदास के समय उत्तरी भारत में इस्लामी शासन की स्थापना हो चुकी थी। हिन्दुओं को शक्तिशाली मुस्लिम शासक एवं समाज जबरदस्ती मुसलमान बना रहे थे। उस समय गुरु रविदास जी ने अपने प्रवचनों में कहा :-

*मुसलमान सों दोसती हिन्दुअन सों कर प्रीत।*
*रविदास जोति सभ राम की सभ है अपने मीत।।*
*रविदास हमारे राम जोई सोई हैं रहमान।।*
*काबा काशी जानीयहि दोउ एक समान।।*
*मसजिद सों कछु घिन नहीं, मंदिर सों नहीं पिआर।*
*दोउ मंह अल्लह राम नहीं कह रविदास चमार।।*

हिन्दु मुसलमानों को एक परमात्मा की ज्योति बताते हुए

आपस में मिलजुल कर रहने का उपदेश देते हुए बहुत निर्भयता से यह सत्य बताते हैं कि न तो मंदिर में राम का निवास है और न ही मस्जिद में अल्लाह क़याम फरमाते हैं। वे सभी व्यक्ति के मन मंदिर में रहते हैं। हो सकता है कि गुरु रविदास जी के ऐसे विचार सुन कर ही उस समय का मुसलमान शासक उन से नाराज़ हो गया हो। परन्तु गुरु रविदास जी ने तो प्रत्येक मानव को अच्छा एवं श्रेष्ठ इन्सान बनने का सुंदर संदेश दिया है। हर एक व्यक्ति को द्वैत, ईर्ष्या की भावना का त्याग करके परम-मनुष्य का रूप धारण करने की प्रेरणा दी है। तभी तो अमृतवाणी गुणों का कोष है, खज़ाना है। एक ऐसी आध्यात्मिक चेतना है जिस को अंगीकार या मन में ग्रहण करने वाला प्रत्येक व्यक्ति गुरु रविदास जी का पावन पवित्र नाम का जाप करते हुए भवसागर से पार उतर जाएगा तथा गुरु रविदास जी के चरण-कमलों में निवास करेगा।

विश्व को कल्याणकारी उपदेश प्रदान करते हुए गुरु रविदास जी 151 वर्ष की आयु भोगने के पश्चात् आषाढ़ की संक्रांति 1528 ई॰ को ब्रह्मलीन हो गए थे।



# रविदासिया धर्म का अद्‌भुत नियम-निर्भयता

निर्भयता, निडरता व प्रत्येक परिस्थिति में निर्भय होकर चरना, नये बने रविदासिया धर्म का एक और अद्‌भुत व विशेष नियम है जो सतगुरु रविदास जी की वाणी में से, वर्तमान संदर्भ में, साकार रूप धारण करता है। गुरु रविदास जी माधव जिन का सिमरन गुरु जी करते थे, कुल खण्डों-ब्राह्मण्डों का, केवल एक ही रचयिता है। वही सर्वव्यापक, सर्वशक्तिमान्, सर्व-सम्पन्न, ज्ञान का अद्‌भुत भंडार, दिव्य गुणों का खज़ान, किसी प्रकार का भय और डर से रहित एवं अपनी रचना की सहज आनंद प्रदान करने वाली एक आलौकिक शक्ति है। उसे प्राचीन व श्रेष्ठ प्राणियों की रचना की है। केवल एक सृजक की अनुपम रचना होने की सब सृष्टि समान है और समानता पर आधारित मानवीय धर्म की पूजक है। माध्यकाल में, मनुष्य द्वारा निर्मित कपटी वर्ण-व्यवस्था ने अति भयानक रूप धारण कर लिया था। ऐसी परिस्थिति में कोई दिव्य नूर का श्रेष्ठ अवतार ही उस निम्न वर्ण-व्यवस्था के विरुद्ध आवाज़ उठा सकता था। यह कार्य बहुत साहस निर्भयता व निडरता के साथ सतगुरु रविदास जी महाराज ने किया था, क्योंकि उन्होंने तिरस्कृत हुए लोगों की बस्ती में एक साधारण पिता के गृह में अवतार धारण कर उस दबे-कुचले वर्ग की पीड़ा को अनुभव कर लिया था। गुरु जी का पावन कथन है।

*सो कत जानै पीर पराई, जा के अंतरि दर्द न पाई।।*

सतगुरु रविदास जी ने अपने मानववादी सुनहरे सिद्धांत के अनुसार मानवीय समानता का पावन उपदेश देना प्रारम्भ कर दिया था। उनका प्रभु-प्रीतम सदैव उनके साथ होता था और ऐसे प्रत्येक कार्य में सहायक होता था और गुरु रविदास जी की कपटी नीव वर्ण के उच्च वर्ण होने का प्रभुत्व स्वयं प्रभु प्रदान करते हैं।

*नीचै ऊँच करै मेरा गोबिंद काहू ते ना डरै।।*

सर्वशक्तिमान परमात्मा जो निडरता के प्रतीक हैं, इस वाणी

की महत्वपूर्ण भाव में दो महान कार्य करते हैं। प्रथम कार्य यह है कि प्रभु स्वयं प्रकट होकर गुरु जी को वर्ण-व्यवस्था में ग्रस्ति संसार में उच्चतम स्थान प्रदान करते हैं और दूसरे महान कार्य के रूप में निर्भयता व निडरता का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। गुरु रविदास जी महाराज एक और शब्द में ऐसे उच्चारण करते हैं-

*मन का स्वभाव सब कोई करै।*
*करता होये सु अनभै रहै।।*

अपने मन के अनुसार तो कुल संसार के लोग काम करते हैं परन्तु जो जीव अपने मन की भटकन को मिटाने में सफल हो जाता है वह साधक अपने प्रभु, कर्ता, करतार, सृजक की भांति निडर व निर्भय हो जाता है। ऐसे निर्भय प्रभु का साधक सेवक भी निडर अवस्था में पहुँच जाता है। वह संसार के अन्य प्राणी के भय से मुक्त रहता है। यदि उसके मन में कोई भय होगा तो वह केवल यही होगा कि कहीं उसकी आस्था, उसके आध्यिात्मिक प्रेम की नाजुक डोर उसके प्रभु-प्रीतम से टूट न जाए। बस उसे यही भय रहेगा। इसके अतिरिक्त उस साधक को जीवन में किसी प्रकार का भय नहीं होगा।

*प्रेम जाये, तो डरपै तेरो जन।*

अपने सिमरन की शक्ति के कारण ऐसी अवस्था में पहुंच कर ही सतगुरु रविदास जी महाराज ने उच्चारण किया है कि-

*'हमरा कहा करै संसार।'*

गुरु जी फरमान करते हैं कि वह वरदान देने वाले मेरे प्रभु-प्रीतम जब मुझ पर अपनी अपार कृपा करते हैं और मेरी ओर उनकी कृपा दृष्टि बनी है तो यह संसार एक निडर परमात्मा के निर्भय साधक का क्या बिगाड़ सकता है, क्योंकि कर्ता का सृजक तो साक्षात स्वयं में निडरता व निर्भयता का भंडार है। फिर उसका साधक विश्व के किसी भी प्राणी से भयभीत क्यों रहे ? गुरु रविदास जी यहां तक कहते हैं कि यदि संसार में कोई बेसहारा जीव हो तब उसे भी किसी



धनी या शक्तिमान व्यक्ति के सहारे की जगह केवल और केवल प्रभु की शरण लेनी चाहिए।

*कहि रविदास कहा कैसे की ?*
*बिन रघुनाथ सरनि का की लीजै।।*

भले ही गुरु रविदास जी ने अपनी आयु के दीर्घ काल में अति कठिनाईयों का सामना किया और वर्ण-व्यवस्था की अनेकों कठिन परिस्थितियों का सामना किया, परन्तु इसके बावजूद भी उन्होंने कभी शालीनता को नहीं छोड़ा। जब कि उनके समकालीन श्रेष्ठ संत गुरु कबीर जी अपनी कठोर भाषा का उपयोग करते हैं, परन्तु तब भी गुरु रविदास जी ने अपनी वाणी में ऐसा नहीं किया। इस बात का श्रेय गुरु रविदास जी महाराज को जाता है कि उन्होंने जो भी कथन किया, जो भी उपदेश दिया, वह अति साहस से दिया। जब गुरु रविदास जी जोश से विरोधियों को ललकार कर कहते हैं कि-

*आपन बापै नाहि किसी को भावन को हरि राजा।*

इस शब्द में गुरु रविदास जी दृढ़ वीरता व जोश से विश्व के कट्टड़ पंथियों को ललकार कर कहते हैं कि पातशाह रूपी प्रभु किसी भी व्यक्ति या किसी जीव के बाप-दादा की जागीर नहीं बल्कि परमात्मा तो केवल उस साधक का है जो उस प्रभु के नाम का सिमरन करता है, भले ही वह व्यक्ति कपटी वर्ण-व्यवस्था या जाति से सम्बन्ध रखता हो। इसी प्रकार अपनी वाणी में गुरु रविदास जी संसार के श्रद्धालुजनों को पावन उपदेश देते हैं कि वे सदैव बुलंद हौसलों के साथ विश्व में विचरण करें व हर प्रकार के डर-भय से मुक्त होकर स्वाभिमान से जीवन बसर करें और किसी भी तरह के भय को पास भी फटकने नहीं देना चहिए। गुरु रविदास महाराज जी का यह पावन शब्द सदैव याद करते रहना चाहिए :-

*ऐको मुकुंद करै उपकार।*
*हमरा कहा करै संसार।।*  ( अमृतवाणी पन्ना 39 )

# सतगुरु रविदास महाराज जी और उनका आत्मा परमात्मा की एकता का अद्वैत सिद्धांत ( अद्वैतवाद )

ब्रह्मण्ड की उत्पति से लेकर आज तक सृष्टि में असंख्य अवतार पधारे हैं। विभिन्न धर्मों की यह भी धारणा बनी हुई है कि पृथ्वी पर कुमार्ग पर चल रही मानवता को सही दिशा दिखाने सर्व शक्तिमान प्रभु स्वयं अवतार धारण कर पृथ्वी पर आते रहे हैं। परन्तु कुछ अवतार अपने श्रद्धालुओं और प्रकृति को ऐसे दिव्य उपदेश देने में असमर्थ रहे हैं, जो प्रकृति में से अनेक प्रकार की कुरीतियों का नाश करने में सहायक सिद्ध हों और न ही वे अवतार अपने शिष्यों और श्रद्धालुओं में यह जागृति ही उत्पन्न कर सके, जिस से अनूठा बल प्राप्त करके वे श्रद्धाभाव से भरपूर जीव, प्रकृति पर बसे समूह वर्गों के लोगों के रूढ़िवादी सामाजिक और धार्मिक बंधनों को तोड़ कर मानवीय समानता की ओर कदम बढ़ा पाते, समय गँवा चुकी झूठी प्राम्पराओं और आडंम्बरों से समाज को मुक्ति दे पाते। मेरे विचार से नूरी ज्योति के अवतार वही हो सकते हैं, जिन्होंने इस सृष्टि पर अवतरित होने के उपरान्त इस पृथ्वी और ब्रह्मण्ड को और सुन्दर बनाने हेतु तथा यहां बस रहे समस्त प्राणियों के सर्व-कल्याण, विकास और आध्यात्मिक उच्चता के लिए सराहनीय कार्य किया हो। मेरी इस धारणा के अनुसार जो सही अर्थ में अवतार कहे जा सकते हैं, उनमें सतगुरु रविदास महाराज जी का पावन नाम उदय हो रहे सूर्य की भांति चमक रहा है।

गुरु रविदास जी महाराज की अमृतवाणी और परोपकारी जीवन का अध्ययन करने के उपरान्त यह बात सपष्ट होती है कि गुरु जी की अपने रचयिता के साथ गहरी निकटता थी। गुरु जी की



इच्छानुसार अकाल-पुरुष, प्रभु-प्रीतम उनके समक्ष प्रकट होते रहे हैं और गुरु जी का जब मन करता था, गुरु जी नूर की प्रचंड ज्योति के दरबार में प्रवेश करके एक दरबारी की भांति, उनके समक्ष खड़े होकर वार्तालाप करते रहते थे। भाव कि गुरु जी की रचयिता प्रभु-प्रीतम के साथ अधिक निकटता थी। ऐसी प्रीत जो किसी अन्य देवता या अवतार के भाग्य में नहीं आई होगी। तभी तो अपने गहरे प्रेम सम्मान के रूप में गुरु जी अपने ईष्ट-प्रभु को, प्रेम-सम्मान से भरपूर अनेक शब्दों से सम्बोधित करते हैं, उन्हें याद करते है। ईसा की नौवीं शताब्दी के दौरान भारत में अद्वैतवाद का सिद्धांत ऋषि-मुनियों, जिनमें शंकराचार्या भी शमिल थे, ने संसार के समक्ष प्रस्तुत किया था। अद्वैतवाद का अर्थ एक ईश्वरवाद माना जाता है। इसके अतिरिक्त इसका अर्थ परमात्मा और आत्मा भाव परमात्मा और मनुष्य में एक-सुरता और एकता भी माना जाता है। इस बात को और स्पष्ट इस प्रकार किया जा सकता है कि परमात्मा ही आत्मा का रूप धारण कर प्रत्येक प्राणी के भीतर बस रहा है। ऐसा सुन्दर सिद्धांत निर्मित करने के उपरान्त भी ऋषि-मुनि इस क्रांतिकारी सिद्धांत को सामांतर रूप में लागू करने में असमर्थ रहे थे, क्योंकि रूढ़िवादी परम्पराओं, चतुर वर्ण-प्रथा और अन्य कई कुरीतियां उनके रास्तों में पर्वत की भांति स्थिर हो गई थीं। उन ऋषि-मुनियों ने यह तो मान लिया था कि एक ही वो परमात्मा है जो आत्मा बन कर कुल-प्रकृति में उसी का अंश बन घटित हो रहा है। भाव प्रत्येक व्यक्ति में वही परमात्मा बस रहा है। यदि कुल मानवता में एक ही प्रभु निवास कर रहे हैं तो फिर ऊंच-नीच, वर्ण या जाति-पाति का भेदभाव क्यों प्रचलित है ? इस तथ्य और सत्य को वे सभी, समकालीन ऋषि-अवतार सामाजिक दबाव में स्वीकार करने में असमर्थ रहे थे। ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे उनके मन को वर्ण-प्रथा ने जकड़ लिया हो और समकालीन परिस्थितियों ने उनको

जाति-पाति प्रणाली बनाकर, समूह मानवता को समानता प्रदान करने से वंचित रखा हो। इस अनुपम सिद्धांत को आलवर संतों ने अग्रसर किया। उसी एक ईश्वरीयवाद के मानव पक्षीय सिद्धांत को नए रूप में उत्तरी भारत में लेकर आये थे, संत रामानुजाचार्या। तभी तो कहते हैं-भक्ति द्रविड उपजि लाए रामानुज। उत्तरी भारत में भक्ति आंदोलन का उदय रामानुज ने किया था, उसी भक्ति आंदोलन के गुरु रविदास जी चमकते सितारे थे, भाव ध्रुव तारा थे। गुरु रविदास जी ने इस अद्वैतवाद के सिद्धांत को भली-भांति जांच-पड़ताल करके ही अपनाया था। गुरु रविदास जी ने तो आध्यात्मिकता के शिखर पर पहुँच कर, दिव्य नूर से एकरूप होकर, उनके साथ संवाद करके जब सारे ब्रह्मण्ड, सभी खण्डों और भवनों के कुल लुप्त भेदों को जान लिया था, तभी सतगुरु रविदास जी ने इस अद्वैतवाद के सिद्धांत को स्वीकार किया था। क्योंकि यह सिद्धांत सत्य पर आधारित था और उनकी विचारधारा से मिलता था और मानवता को एक धागे में पिरोने वाला सिद्धांत था। तभी तो गुरु जी ने फरमाया था,-एक ही एक, अनेक होइ विसथरिओं, ( राग मलार पन्ना 67, अमृतवाणी )। भाव ईश्वर एक है। एक ही ईश्वर अनेक रूप धारण करके सभी प्राणियों में समान रूप से बस रहा है। सतगुरु रविदास जी एक अन्य शब्द में मानवता को ज्ञान प्रदान करते हैं-सरबे एकु अनेकै सुआमी सम घट भोगवै सोई। ( अमृतवाणी पन्ना 15 )। इस का अर्थ यही है कि एक परमात्मा ही सभी जीवों में अनेक रूप धारण करके बस रहा है। सभी दिलों में वह स्वयं ही बैठा आनंद महसूस कर रहा है। सभी प्राणियों में वही सर्व-शक्तिमान परमात्मा स्वयं ही विद्यमान है। इस तरह गुरु रविदास जी ने इन्सान और भगवान में सीधा सम्बन्ध जोड़ दिया है। गुरु रविदास जी ने स्पष्ट शब्दों में कह दिया है कि जब वह सृजनहारा ही संपूर्ण प्रकृत्ति में घटित हो रहा है तो फिर इन्सानों में भेदभाव और



आपसी अस्पृश्यता कैसी ? वर्ण-व्यवस्था और जाति-पाति के भेदभाव क्यों हैं? इस प्रकार गुरु रविदास जी परमात्मा और प्राणियों के बीच सीधा रिश्ता जोड़ देते हैं। कोई मनुष्य हो या ऋषि-मुनि हो, यदि वह भगवान के बनाये मनुष्यों से घृणा या नफरत या अस्पृश्यता करता है, तो वह अपने रचयिता प्रभु-प्रीतम के साथ घृणा करने का दोषी है। समस्त मानवता को गुरु रविदास जी ने इस प्रकार आसान शब्दों में उपदेश द्वारा ज्ञान प्रदान किया है। इसी कारण गुरु जी ने उन रचनाओं के निर्मातायों को एक चुनौती भी दे दी है कि जिन लोगों को तुम्हारी रचनायें नीच या दबी कुचली श्रेणी ब्यान कर रही हैं, वास्तव में तुम्हारे और उन सभी में एक ही भगवान बस रहा है। यह कैसी विडम्बना है कि तुम जिस ईश्वर की पूजा करते हो, उसी को नीच बता रहे हो। जब रचयिता ही सभी प्राणियों में बस रहा हो, तो फिर वर्ण-व्यवस्था और जाति-पाति कैसी ? इन क्रांतिकारी विचारों ने भक्ति आंदोलन को नई दिशा और नए अर्थ प्रदान किए थे क्योंकि भक्ति आंदोलन से सम्बंधित मुख्य संत काल्पनिक नीच समझी गई श्रेणियों से संबंध रखते थे, जिन से शक्तिशाली समाज ने प्रभु-भक्ति के साथ-साथ मौलिक अधिकार भी छीन लिए थे। उत्पीड़िन और उपेक्षा का शिकार हुई मानवता के लिए ऐसा क्रांतिकारी सिद्धांत जीवन का नया स्त्रोत बन गया था। जिस का प्रतीक्षा वह मजबूर वर्ग सदियों से कर रहा था। गुरु रविदास जी के काल में भारत में भक्ति की दो मुख्य विचारात्मक नदियां बहती थीं। पहली नदी सद्गुणवादी धारा की और दूसरी नदी थी निरगुणवादी भक्ति की। सतगुरु रविदास जी दूसरी महत्वपूर्ण धारा के मुख्य गुरु थे। इसी कारण उन्होंने अपने ईष्ट-प्रभु को अनेक नामों से पुकारा और याद किया है। अमृतवाणी सतगुरु रविदास जी का गहन अध्ययन करते हुए यह बात स्पष्ट होती है। गुरु जी ने अपने माधव के लिए हरि, निरंजन, ओंकार, कर्तापुरख, सर्वव्यापक, सर्व

शक्तिमान, अंतर्यामी, अनंता, परमानंद, गोविंद, बाजीगर, रमयिया, पतितपावन, मोरारी, राम, कृष्ण, नाथ, सतनाम, रघुनाथ भगवंत, मुकंद, नारायण, लाल, गरीब-निवाज, कंवलासपति, ठाकुर, चंदन, देवादेव, ओंकार, ईष राधो, रहीम, करीम, खदाए, प्रीतम, ब्रहम आदि नामों का उपयोग किया है। यह इस बात का प्रतीक है कि प्रभु को संसार चाहे किसी भी नाम से याद क्यों न करे, परन्तु वह सभी सम्बोधन उसी एक ही परमात्मा के हैं, जिसने इस ब्रह्मण्ड और प्रकृति की रचना की है। भाव परमात्मा एक है, पुरातन ऋगवेद में सूर्य, जल, अग्नि, वायु आदि को देवता समझ कर उनकी पूजा होती रही है। इनका परम देवता इन्द्र समेत कुल सृष्टि, कुल संसार का नहीं बल्कि तीनों लोकों का, कुल ब्रह्मण्ड का सृष्टिकर्ता है और समूह देवी-देवताओं का रचयिता और कुल शक्तियों से सम्पन्न सर्व-श्रेष्ठ बड़ा देवता है। तभी तो गुरु जी उस ईश्वर को, देवा-देव, भाव देवताओं का देवता पुकार कर याद करते हैं। वेदों में व्यक्त शक्तियां उसी नायक के एक ईशारे से उपजी हुई हैं और उसी के आदेशानुसार चलती हैं। सभी वस्तुओं में वह सर्व-शक्तिमान स्वयं विद्यमान हो कर परमानंद प्राप्त कर रहा है। सतगुरु रविदास जी महाराज तो सम्पूर्ण वास्तविकता के भली-भांति ज्ञाता थे, क्योंकि गुरु रविदास जी परमात्मा में ज्योति स्वरूप विलीन थे, इक-मिक थे। तभी तो अपनी मधुर वाणी में कहते हैं-मिलत प्यारो प्राण नाथ कवन भगती ते? इस शब्द में गुरु रविदास जी मुख्य रूप से अपने श्वासों के स्वामी को प्राण नाथ कहते हैं। भाव रचयिता परमात्मा है और सृष्टि उसी परमात्मा का अंश है। उस प्रभु की रचना में परमात्मा का अंश आत्मा बनकर या श्वास बनकर वास कर रहा है। अपनी अमृतवाणी में सतगुरु रविदास जी कहते हैं कि उनके जीवन का तन-मन का श्वासों का, प्राणों का, धन सम्पत्ति का स्वामी तो बस निरंकार-प्रभु या प्राणों का नाथ स्वयं ही है। सतगुरु रविदास जी की बहुत सी



वाणी अभी तक लुप्त है, जिसकी खोज जारी है, परन्तु जो वाणी अब तक उपलब्ध हो सकी है उस वाणी के श्लोकों में गुरु रविदास जी ने अद्वैतवाद का चिंतन बड़े कुशल ढंग से प्रस्तुत किया है। गुरु जी की अमृतवाणी के पन्ना 155 पर अंकित है ''ऐकै माटी के भांडे ऐको सृजनहारा, रविदास व्यापै ऐको घट भीतर ऐक घड़े कुमाहारा।'' गुरु जी का कथन है कि परमात्मा ने अनेकों प्रकार के भिन्न-भिन्न तरह के व्यक्ति एक ही मिट्टी से निर्मित किये हैं। अपने बनाये सभी जीवों में वह प्रभु स्वयं ही व्यापत है। सब जीवों को रचना करने वाला वह प्रभु प्राणियों में निवास कर रहा है, तभी तो इस सृष्टि के सभी जीव समान हैं, उनमें किसी प्रकार का कोई भिन्न-भेद नहीं है।

इक जोति ते जऊ सभ उपजै तऊ ऊँच नीच किस मान। रविदास नाम कत धरै कहुं को नाद बिंद है समान।( अमृतवाणी पन्ना 155 )। गुरु जी कहते हैं कि जब सभी मनुष्य परमात्मा की एक दिव्य ज्योति से उपजे हैं तो फिर उन मनुष्यों के बीच अंतर कैसा रह जाता है। सभी जीवों में वह दिव्य ज्योति समान रूप से निवास कर रही है, फिर कुछ नीच और अन्य उच्च कैसे हो गए ? यह सब मानवता विरोधी शक्तियों का कुकर्म है, जो अपने स्वार्थ के लिए मानवता के बीच फूट डाल रही हैं। गुरु जी की मनोहर अमृतवाणी से अत्यन्त ऐसी उदाहरणें दी जा सकती हैं। सतगुरु रविदास जी ने इस मानवतावादी सिद्धांत को अपनी वाणी द्वारा अति सुंदर ढंग से अनुकूल उदाहरणें देकर समस्त मानवता को समझाया है कि परमात्मा एक है और सम्पूर्ण ब्रह्मण्ड, सभी खण्ड, कुल सृष्टि उसी एक सृजनहार की रचना है। इसी कारण सभी जीव समान हैं। रविदास ऐक ब्रहम बूंद सों सगल पसारा जान। सब उपजयो इक बूंद सों सब ही एक समान।( अमृतवाणी पन्ना 274 )। ऐसा प्रतीत होता है जैसे सतगुरु रविदास जी ने इस अद्वैतवाद के चिंतन की पूर्ण तर्क-वितर्क के साथ पड़ताल की थी।

यह मानवतावादी सिद्धांत प्राचीन चिंतन वाले ऋषि-मुनियों को रास नहीं आ रहा था क्योंकि इस चिंतन का मुख्य उद्‌देश्य वर्ण-प्रणाली को ठेस लगाना था या उसे टक्कर देना था, जिसे अपनाना उनके वश की बात नहीं थी। इसी कारण इस सिद्धांत को भक्ति आंदोलन के संतों ने दिल से पूरे तन-मन से अपनाया था। गुरु रविदास जी के संकल्प और उद्‌देश्यों के साथ भी यह विचारधारा मिलती-जुलती थी। इस कारण गुरु जी के विचारों को प्रकट करने के लिए यह सिद्धांत महत्त्वपूर्ण सहायक सिद्ध हुआ था। इसका मुख्य कारण यह था कि यह सिद्धांत वर्ण और श्रेणी-रहित नये समाज का निर्माण करने के लिए आध्यात्मिक चिंतन पर आधारित एक नया संकल्प प्रदान करने के समक्ष था और उसकी यह योग्यता और श्रेष्ठता आज भी कायम है। अद्वैतवाद, वर्ण-व्यवस्था की जंजीरों को तोड़ कर *बेगमपुरा* और समाजवाद के सुनहरी नियमों के आधार पर नव समाज की सृजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम है।



# बेगमपुरा का अद्वितीय सिद्धांत

गुरु रविदास जी मध्ययुग में विकसित, भक्ति आंदोलन के सर्वश्रेष्ठ गुरु ही नहीं थे, अपितु उस अंधे युग में आम आदमी तथा पद-दलित लोगों में सामाजिक चेतना, स्वतंत्रता, समता एवं स्वाभिमान की अद्वितीय ज्योति प्रज्वलित करने वाले समाजिक एवं धार्मिक क्रांति के अग्रदूत भी थे, क्योंकि उन्होंने प्रजातन्त्र, मानवीय समानता, श्रेणी विहीन तथा दर्जा रहित समाजवाद का विलक्षण सिद्धांत संसार को प्रदान किया था। यह अमृतवाणी के पन्ना 2 पर दर्ज शब्द ''बेगमपुर शहर को नाउ दूखु अंदोहु नहीं तिहि ठाउ।।'' में अंकित है।

गुरु रविदास जी ने समाजवाद की यह अनुपम विचारधारा, संसार में समाजवाद के प्रचारक कहे जाने वाले कार्ल-मार्क्स से लगभग 400 वर्ष पूर्व दुनिया को प्रदान कर दी थी। परन्तु समाजोपयोगी तथा मानव हितकारी गुरु रविदास जी की यह अनूठी विचारधारा संसार मे बीसवीं सदी में अंगीकार की गई थी वह भी कार्ल मार्क्स के समझने पर। इस सिद्धांत को विश्व के रूबरू प्रस्तुत भी उसी ने ही किया था। ज्यूँ-ज्यूँ संसार की दूसरी भाषाओं में गुरु रविदास जी के इस मानववादी सिद्धांत का प्रचार एवं प्रसार होगा त्यूँ-त्यूँ विद्वानों को पता चलता जाएगा कि यह आलौकिक सिद्धांत तो गुरु रविदास जी ने कार्ल मार्क्स से 400 वर्ष पहले प्रदान कर दिया था।

जहां पर एक ओर यह शब्द आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्ति के लिए उत्सुक जिज्ञासु को आध्यात्मिकता की श्रेष्ठतम उपलब्धि प्रदान करता है वहीं जब इस शब्द को डीकोड करके इस वाणी के अन्तः में लुप्त संकेताक्षरों की भावना को ध्यान से पढ़ते हैं तब हमें यह शब्द सामाजिक, धार्मिक क्रांति का संदेश देता है। गुरु रविदास जी के शब्द 'बेगमपुरा' में इस मानववादी सिद्धांत के अनुसार मानव को स्वतंत्रता

एवं बराबरी प्रदान करने की व्याख्या भी अंकित है। प्रत्येक अक्षर के पीछे एक लम्बी व्याख्या छिपी हुई है। श्री गुरु रविदास जी का आध्यात्मिक क्षेत्र का बेगमपुरा, सामाजिक क्षेत्र में मानवीय एकता एवं बराबरी की भावना को ज्ञापित करने में पूर्णरूप से सक्षम है।

गुरु रविदास जी के वर्ण प्रथा विरोधी विचारों के अनुरूप, बेगमपुरा में ऊँच-नीच, अमीर-गरीब ब्राह्मण-शूद्र की भावना का कहीं नामोनिशान नहीं है। वहां सभी एक दूसरों से प्रेम करते है और भाई-भाई बन कर रहते हैं।

संसार भर में ऐसा राज्य या शहर जिस में किसी शहरी को न कोई गम है, न दुख है, न चिंता है। वहां न कोई श्रेष्ट या बड़ा है और न ही कोई छोटा है। वहां प्रत्येक व्यक्ति को संपूर्ण स्वतंत्रता है। किसी पर भी किसी प्रकार की पाबंदी या रोक नहीं है। वहां पर न ही किसी को कोई टैक्स ( धार्मिक या प्रशासनिक ) भरना पड़ता है और न ही किसी प्रकार के लगान की अदायगी करनी पड़ती है। उस शहर के निवासी पर किसी प्रकार की कोई पाबंदी नहीं है वहा जहां चाहे स्वतंत्रता से भ्रमण कर सकता है। इस सम्बन्ध में राज्य या प्रशासन की कोई रोक-टोक नहीं है। इस पद में सच्चखण्ड की व्याख्या के साथ-साथ भूखंड का वर्णन भी है। इस शब्द में श्री गुरु रविदास जी अपने जीवन सिद्धांत के अनुसार, उस कल्पित शहर तथा आदर्श राज्य प्रबंध का संक्षिप्त कथन भी करते है जिस की स्थापना वे धरती पर करना चाहते थे। दुख, संशय, संदेह, चिन्ता, कर, महसूल, मालिया, भय, गलती-खता, डर से मुक्त राज्य जो पुस्तकों में दर्ज आदर्श राज्य से भी कई गुणा सुंदर एवं श्रेष्ठतम राज्य हो। उस राज्य में सभी प्रणियों का एक ही धर्म हो और वह धर्म हो मानवता। किसी अन्य धर्म की श्रेष्ठता नहीं हो। ऐसे राज्य की स्थापना करना चाहते थे, श्री गुरु रविदास जी। भारतीय संविधान में सामाजिक समता और प्रजातांत्रिक



समाजवाद की धाराओं को गुरु रविदास जी के मनोहर सिद्धांत से ही लिया गया है। गुरु रविदास जी का सम्पूर्ण शब्द इस प्रकार है :-

बेगमपुरा सहर को नाउ॥ दूखु अंदोहु नही तिहि ठाउ॥
नां तसवीस खिराजु न मालु॥ खउफु न खता न तरसु जवालु॥
अब मोहि खूब वतन गह पाई॥ ऊहां खैरि सदा मेरे भाई।रहाउ॥
काइमु दाइमु सदा पातिसाही॥ दोम न सेम एक सो आही॥
आबादानु सदा मसहूर॥ ऊहां गनी बसहि मामूर॥
तिउ तिउ सैल करहि जिउ भावै॥ महरम महल न को अटकावै॥
कहि रविदास खलास चमारा॥ जो हम सहरी सु मीतु हमारा॥

( अमृतवाणी पन्ना 2 )

# गुरु रविदास जी के गुरु सिर्फ हरि

परमात्मा, ईश्वर या प्रभु 'स्वयं' हैं स्व-रचित हैं, स्व-निर्मित हैं। भाव परमात्मा अपने आप से उत्पन्न हुए हैं। इसीलिए सर्वशक्तिमान का न कोई आदि है न कोई अंत है। अपनी रचना में ईश्वर ने किसी और शक्ति से सहायता भी नहीं प्राप्त की है। जब वे किसी को अपना रूप-स्वरूप एवं शक्तियां प्रदान करके धरती पर भेजते हैं, तब भी वे इस संबंध में स्वयं ही निर्णय लेते हैं। उस अवतार के कार्य का फैसला भी स्वयं ही करते हैं। एक सम्पूर्ण गुरु की भांति वे अपने अवतार को, शिक्षित कर पृथ्वी पर भेजते हैं। अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होने का गुरुमंत्र देकर, वे अपने अवतार को धरती पर प्रकट होने की आज्ञा प्रदान करते हैं।

श्री गुरु रविदास जी से पहले अनेक अवतार हुए हैं, ऐसा प्राचीन ग्रंथों में लिखा मिलता है। उन में से कुछ अवतारों ने वेद-शास्त्र एवं भाषा का ज्ञान ऋषि-मुनियों के आश्रमों में जा कर ग्रहण किया था। चंद अवतारों ने शास्त्र विद्या का ज्ञान भी प्राप्त किया था। क्योंकि वह क्षत्रिय वर्ण एवं योद्धा जाति में उत्पन्न हुए थे और उन्हें अपने राज्य का शासन कार्य संभालना था। इस हेतु उन्हें गुरु धारण करने पड़े थे। मगर आध्यात्मिकता के लिए उन्हों ने किसी को अपना गुरु धारणा नहीं किया था। नीति, शास्त्र, वेद-शास्त्र की शिक्षा उन्हें इस लिए प्राप्त करनी पड़ी क्योंकि वे राजकुमारों के रूप में अवतरित हुए थे। राजकुमार के लिए ऐसी शिक्षा अनिवार्य थी। जहां तक श्री गुरु रविदास जी का संबंध है, वे न किसी राजा, मंत्री, धनवान मठाधीश, धर्माचार्य या शिक्षा शास्त्री के घर में अवतरित नहीं हुए थे बल्कि वे तो एक सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक रूप से असहाए, गरीब एवं शक्तिहीन परिवार में उत्पन्न हुए थे। उस बस्ती में अवतरित हुए थे, जिस बस्ती के लोग पीढ़ी दर पीढ़ी अशिक्षित चले आ रहे थे। शिक्षा वर्जित थी इस कारण बस्ती में पाठशाला भी नहीं थी। राजकुमार भी नहीं थे इसीलिए



नीति ज्ञान एवं शास्त्र शिक्षा की आवश्यकता ही नहीं थी। अत: उन्हें इन विद्याओं के लिए किसी को गुरु नहीं बनाना पड़ा। वे जूते बनाने का कार्य करते थे, इस काम को सीखने के लिए उन्होंने अपने पिता श्री संतोख दास जी को अपना गुरु धारण किया था। अब रही बात आध्यात्मिक मार्गदर्शन की, अंधेरे से रोशनी को ओर बढ़ने की या संसार से हर प्रकार के अंधकार को समाप्त करने की। शिक्षा एवं ज्ञान तो गुरु रविदास जी सर्व शक्तिमान् परमात्मा से प्राप्त कर के ही धरती पर अवतरित हुए थे। तभी तो गुरु रविदास जी राग आसा में अमृतवाणी के पन्ना 12 पर फरमाते हैं :-

तुझहि चरन अरबिंद भवन मनु।
पान करत पाइओ पाइओ रामईआ धन।।

हे प्रभु, आपके पावन चरणारविंद ही मेरे मन रूपी भवन में निवास कर रहे हैं इन्हीं चरणों का मधुर प्रेम रस अनुपान करते-करते ही मैंने रामईआ धन प्राप्त कर लिया है, इस पद में गुरु रविदास जी का सीधा अपने प्रभु से संबंध जुड़ता है, गुरु रविदास जी और प्रभु के बीच ( दरमियान ) कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है।

राग रामकली में अमृतवाणी के पन्ना 42 पर गुरु जी फरमाते हैं :-

कहु रविदास सभै नहीं समझसि भूल परे जैसे बउरे।।
मोहि अधारु नाम नाराइन जीवन प्रान घन मोरे।।

इस पद में गुरु रविदास जी उन पथ-भ्रष्ट लोगों को जो गुरु रविदास जी के संबंध में मिथ्या, झूठा एवं असत्य प्रचार करने में व्यस्त हैं, को स्पष्ट शब्दों में कहते हैं कि उन्हें गुरु रविदास जी को तो सिर्फ हरि अथवा नारायण के पवित्र नाम का ही सहारा है। मेरे जीवन एवं प्राण धन, सपत्ति भी वही हरि हैं।

यहां पर गुरु जी संसार को स्पष्ट रूप से बता देते है कि उनके और उनके हरि के दरमियान कोई तीसरा व्यक्ति नहीं है भाव उनके प्राण भी हरि है और उनके गुरु भी हरि ही हैं।

# जन्म स्थान मंदिर का निर्माण

स्वामी सरवण दास, गुरु रविदास का पवित्र जन्म स्थान ढूँढने के पश्चात् अपनी कुटिया, बल्लां ज़िला जालन्धर वापिस आ गए थे। उन्होंने अपने सेवकों को एकत्रित सारी बात बताई और जन्म स्थली पर जन्म स्थान मंदिर का निर्माण करने के लिए विचार विमर्श किया। श्रद्धालुओं ने एक मत हो कर कहा कि पूज्य स्वामी जी आप ही ऐसे महापुरुष हैं जो इस कार्य को पूर्ण करवा सकते हैं। स्वामी जी ने उसी दिन यह बात हृदय में धारण कर ली थी कि जन्म स्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण कार्य भी हम पूरा करवाएंगे।

स्वामी सरवण दास जी ने अपने प्रमुखय शिष्य संत हरि दास जी के नेतृत्व में मंदिर का निर्माण करने के लिये एक कमेटी बनारस भेजी। स्वामी जी के आदेशानुसार आषाढ़ माह की शुभ संक्रान्ति के दिन, मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। गुरु जी के पावन चरण कमलों मे अरदास विनती करके, जन्म स्थान मंदिर का नींव-पत्थर संत हरी जी ने, स्वामी सरवण दास जी के आदेशानुसार रखा। उनके साथ सारी संगत थी, जो गुरु रविदास जी की जय तथा संत स्वामी सरवण दास जी की जय जयकार कर रही थी।

स्वामी हरि दास जी ने इमली के सूखे पेड़ में जल डाला और चंद दिन पश्चात् उस इमली के वृक्ष की हरी हरी कोमल कोंपलें अंकुरित होने लग गई थीं। आज यह वृक्ष काफी फैला हुआ पेड़ बन चुका है। ज्यों-ज्यों मंदिर बनता गया, त्यों-त्यों इमली का पेड़ भी बढ़ता गया। संत हरि दास जी बनारस शहर के आस-पास के गांव में जाकर लोगों को अमृतवाणी गुरु रविदास जी का संदेश सुनाते रहते थे और जन्म स्थान मंदिर के निर्माण के बारे में लोगों को बता कर उनमें उत्साह, ऊर्जा एवं शक्ति जगाते रहते थे। स्वामी हरि दास जी ने वापिस कुटिया



बल्लां में पहुंच कर मंदिर के निर्माण के बारे में अपने सतगुरु स्वामी सरवण दास जी को बताया। स्वामी जी मंदिर निर्माण कार्य की गति के बारे में सुनकर बहुत प्रसन्न हुए थे।

संत हरि दास जी बनारस से वापिस लौटने के पश्चात्, स्वामी सरवण दास जी ने, संत गरीब दास जी के नेतृत्व में एक नया संगठित दल बनारस भेजा। इस संगठित दल में शिलाकार, कारीगर मकान बनाने वाले राज शिल्पी एवं मज़दूर व्यक्ति शामिल थे। इस दल के व्यक्तियों के लिए भोजन की सामग्री तथा भोजन तैयार करने वाले, रसोई का प्रबंध करने वाले व्यक्ति भी भेझे थे। यह जत्था बनारस जा कर गुरु रविदास मंदिर के निर्माण में योगदान देने लगा। मंदिर तक पहुंचने वाले सभी रास्ते कच्चे थे, जिस कारण निर्माण सामग्री मंदिर तक पहुंचने में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। बरसात के मौसम में तो यह कार्य और भी मुश्किल हो जाता था। परन्तु गुरु के शिष्य बहुत हिम्मती एवं साहसी थे, इसलिए मुश्किलों के पर्वत उनकी धुन के आगे रेत के टीलों की तरह ध्वस्त होते गए थे। गुरु रविदास जी की अलौकिक शक्ति अपना चमत्कार दिखा रही थी। गुरु जन्म धाम की पहली मंज़िल बनकर तैयार हो गई थी। स्वामी सरवण दास जी यह ख़बर सुन कर बहुत प्रसन्न हुए थे। जब धुन के पक्के श्रद्धालु जनों ने मंदिर के गुंम्बद को भी मुकम्मल कर लिया, तब संत गरीब दास जी के मन में यह बात उत्पन्न हुई कि यह प्रसन्नता की ख़बर वह स्वयं जा कर स्वामी सरवण दास जी को सुनाएं। स्वामी सरवण दास जी के ब्रह्मलीन होने से पहले संत गरीब दास जी ने यह ख़बर स्वामी जी को सुना दी थी। स्वामी जी का गुरु रविदास जन्म स्थान मंदिर बनवाने का संकल्प भी पूरा हो गया था।

12 दिसम्बर 1974 दिन शनिवार को श्री गुरु रविदास जी की मूर्ति पूरी प्रतिष्ठा के साथ मंदिर में स्थापित कर दी गई थी, उसी

दिन स्वामी सरवण दास जी की प्रतिमा भी मंदिर में स्थापित की गई थी। 1994 में मंदिर पर पहला स्वर्ण कलश लगाया गया। मंदिर के ऊपर पहली मंज़िल का निर्माण कार्य 1995 से फरवरी 1996 तक मुकम्मल किया गया। यह कार्य संत रामा नंद जी के नेतृत्व में पूरा किया गया था। बनारस के लंका चौराहा पर गुरु रविदास गेट का निर्माण 1997 में हुआ। गुरु रविदास जी के जन्म स्थान मंदिर के मुख्य गुंम्बद को 30 जनवरी 2010 को श्री 108 संत निरंजन दास जी गद्दी नशीन डेरा संत सरवण दास जी सच्चखण्ड बल्लां के नेतृत्व में स्वर्णमण्डित करने का कार्य पूरा किया गया। उसी दिन नया रविदासिया धर्म अस्तित्व में आया था, जिस के नियम एवं विधान की घोषणा संत सुरिन्दर दास बावा जी ने की। आजकल देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु, गुरु रविदास जी की आसीस प्राप्त करने के लिये, मंदिर में नतमस्तक होते हैं।



# सतगुरु रविदास जी के पावन अवतरित धाम पर नया इतिहास रचा गया

- लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने नया रविदासिया धर्म अंगीकार किया।
- बनारस निवासी चकित रह गए, जन्म स्थान मंदिर के विशाल गुंबद को सोने से मढ़ा हुआ देख कर एवं आस्था के आलौकिक समुद्र के दर्शन करके।
- अमृतवाणी सतगुरु रविदास महाराज जी का देवनागरी और गुरुमुखी लिपियों में लोकार्पण किया गया।

सतगुरु रविदास जी का 633वां प्रकाश पर्व, एक ऐतिहासिक दिवस का रूप धारण कर गया जब इस शुभ अवसर पर सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी, यू.पी. में 20 करोड़ पद-दलित लोगों के लिए नए रविदासिया धर्म का ऐलान किया गया और श्रद्धालुओं के विशाल जन-समूह ने अपने बाजू हवा में लहराते हुए, गुरु रविदास जी के जयकारों की गूँज में नए समता एवं समाजवादी धर्म को अपने जीवन में धारण किया था। इस प्रकार क्षण भर में उन श्रद्धालुओं ने नए इतिहास की रचना कर दी थी। इस अलौकिक दृश्य को देखने के लिए अल्हड़पन से अठखेलियां करती हुई सुगंधित हवा भी क्षण भर के लिए थम गई थी। वक्त भी इस अद्वितीय दृश्य को खास रोक कर स्थिर दृष्टि से निहार रहा था। इस शुभ अवसर पर डेरा सच्चखण्ड बल्लां के गद्दी नशीन श्री 108 संत निरंजन दास जी महाराज ने, भारत देश के कोने-कोने से पधारे संत समाज को साथ लेकर, रिमोट कंट्रोल द्वारा जन्म स्थान मंदिर के प्रमुख विशाल गुंबद के ऊपर चढ़ाए गए स्वर्ण कलश से पर्दा उठा कर अमर शहीद संत रामा नंद जी के इस संकल्प ''गुरु रविदास दे मंदिर नूं सोने दे विच मढ़ाऊना ऐ'' को

साकार रूप प्रदान किया। इस मौके पर अमेरिका, कैनेडा, यू॰के॰, इटली, स्पेन, आर्सट्रिया, लीविया, हालैंड, ग्रीस, जर्मनी, पुर्तगाल, फ्रांस, कुवैत एवं अन्य देशों से 10 लाख से भी अधिक संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। ऐसे श्रद्धालु भी मौजूद थे, जिन्होंने स्वर्ण कलश बनाने में योगदान अर्पित किया था।

देश के कोने-कोने से पहुँचे भिन्न-भिन्न डेरों के आध्यात्मिक दृष्टि के संत-महापुरुषों ने अपनी दिव्य दृष्टि से इस आलौकिक दृश्य के दर्शन किए। सूर्य की सुनहरी किरणों की रोशनी में सोने का कलश अद्भुत ढंग से चारों ओर समानता, एकरूपता और विश्व भाईचारे की रमनीण किरणें विखेरता हुआ अनोखी शान से चमक रहा था। ऐसा लग रहा था जैसे आकाश से परियां व गंधर्व मंदिर पर विचित्र पुष्प-वर्षा कर रहे हों। परम-पूज्य संत निरंजन दास जी के आध्यात्मिक नेतृत्व में अब तक प्राप्त हुई पांडुलिपियों और विद्वानों द्वारा की गई खोज पर आधारित सतगुरु रविदास जी की अब तक उपलब्ध वाणी को संकलित करके *अमृतवाणी सतगुरु रविदास जी* की गुरमुखी और देवनागरी लिपि में प्रकाशन किया गया, जिन को विदेशों के इलावा देश के भिन्न-भिन्न प्रांतों-पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड, गुजरात, बंगाल आदि से आई हुई संगत के बीच लोकार्पण किया गया और ऐलान किया गया कि यह वाणी सम्पूर्ण रविदासिया कौम की धार्मिक पुस्तक होगी। इन चमत्कारी, आलौकिक और अद्भुत दृश्यों की गवाह एक ओर बनी थी धार्मिक और पवित्र नगरी वाराणसी, तो दूसरी ओर पाप निवारण गंगा। उसी माघ महीने की पूर्णिमा की रात को लाखों श्रद्धालुओं ने चंद्रमा में गुरु रविदास जी की पावन छवि के दर्शन किए थे।

नए ऐलान किए गए और जनसमूह द्वारा अंगीकार किए गए रविदासिया धर्म और गुरु रविदास वाणी को संकलित करके, प्रकाशित करने के विषय में ऐतिहासिक निर्णय पर पंजाब में कड़ा प्रतिक्रम



हुआ था। जबकि नये ऐलान हुए धर्म का उद्देश्य सभी धर्मों का आदर करना, मानवता से प्रेम करना और मानववादी विचारों का प्रचार करना ही बनाया गया है। शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रधान ने भगत ( गुरु ) रविदास की वाणी का एक पुस्तक में संकलन करने के विषय में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि नए ग्रंथ बना कर गुरु रविदास की वाणी को एक समुदाय के लोगों तक सीमित करना एक निम्न सोच का प्रतीक है। इस संस्था के प्रवकता ने यह भी निर्देश दिया कि अलग ग्रंथ बनाने नहीं दिया जाएगा। उस प्रवक्ता ने भी गुरु जी के लिए भगत शब्द का प्रयोग किया है, परन्तु अगले दिन 2 फरवरी को इसी कमेटी की उच्च हस्ती ने गुरु जी के लिए भगत की जगह शब्द *संत* का प्रयोग किया है। भाव कि इस संस्था के प्रतिनिधियों ने एक दिन में भगत से संत तक का सफर तय कर लिया था। क्योंकि कुछ महापुरुष यह समझते और जानते हैं कि गुरु रविदास जी के लिए शब्द भगत गुरु जी के श्रद्धालुयों को जहरीले साँप की भांति डसता है। गुरु रविदास जी की वाणी को अलग संकलित करने का जो प्रश्न खड़ा किया जा रहा है, उस विषय में बीते वर्षों पर दृष्टि डालें तो यह बात स्पष्ट हो जाती है कि प्रथम शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने ही गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज भगतों ( संतों ) की वाणी को गुरु ग्रंथ साहिब से अलग करके 'भगतों की वाणी' के रूप में प्रकाशित किया था। इसके अतिरिक्त गुरु रविदास जी की वाणी के अनेक गुटके भिन्न-भिन्न संस्थायों ने अलग-अलग समय पर प्रकाशित किये हैं। गुरु रविदास वाणी का ऐसा गुटका जो कि भाई चतर सिंह, जीवन सिंह द्वारा प्रकाशित किया गया है, प्रत्येक जगह उपलब्ध है। लगभग 30 वर्ष पहले पंजाब सरकार ने भी गुरु रविदास वाणी का सटीक प्रकाशित किया था। शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने भी कई वर्ष पूर्व गुरु अर्जुन देव जी की सम्पूर्ण वाणी में से केवल *सुखमनी साहेब* के लाखों गुटके प्रकाशित किये हैं। आधुनिक युग में आवश्यकता थी गुरु रविदास जी की लुप्त हो चुकी या गुम हो चुकी

वाणी को ढूंढ कर श्रद्धालुजनों को सौंपने और भेंट करने की। इस कार्य के लिए पंजाब सरकार ने पंजाब विश्वविद्यालय में गुरु रविदास चेयर की स्थापना की थी। इसी चेयर के अध्यक्ष डा॰ धर्म पाल सिंगल और अन्य विद्वानों ने दादू पंथियों के डेरों से, पुरातन लाइब्रेरियों में से गुरु रविदास जी की वाणी को अलग संकलित करके प्रकाशित किया गया था। पंजाब विश्वविद्यालय ने अपनी खोज पर आधारित गुरु रविदास जी की वाणी प्रकाशित की थी। पंजाब सरकार द्वारा गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में स्थापित गुरु रविदास चेयर ने भी ऐसा कार्य किया था। डा॰ जसबीर सिंह साबर ने इस संदरभ में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 21वीं शताब्दी के आरम्भिक 9 वर्षों तक प्राप्त पांडु लिपियां और प्रकाशित वाणी की पड़ताल और छानबीन करके गुरु रविदास जी के सिद्धान्त के अनुसार *अमृतवाणी गुरु रविदास जी* प्रकाशित की गई है।

भारत सरकार, पंजाब सरकार, हरियाणा सरकार और कई अन्य सरकारें गुरु रविदास जी को गुरु कहती हैं। इन सरकारों के कैलेंडर तथा डायरी पर गुरु रविदास छपा होता है। गुरु अर्जुन देव जी ने सन् 1604 में आदि ग्रंथ का संकलन किया था, परन्तु 104 वर्ष बाद दशम पिता गुरु गोबिन्द सिंह जी ने उस पावन ग्रंथ को सतगुरु का अद्‌भुत दर्जा दिया था। गुरु गोबिन्द सिंह पातशाह ने उस समय सम्पूर्ण ग्रंथ को गुरु होने का दर्जा दिया था। जब गुरु गोबिन्द सिंह जी ने आदि ग्रंथ के सामने नारियल चढ़ा कर माथा टेक कर पूरे आदि ग्रंथ को गुरु ग्रंथ की पदवी दी थी। आज भी सभी संगत सम्पूर्ण गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष डंडोत-बंदन करती है, नतमस्तक होती है। इसका अर्थ तो बिल्कुल सपष्ट है।

गुरु ग्रंथ साहिब में तो गुरु रविदास जी के केवल 40 शब्द और एक श्लोक विद्यमान है जबकि नयी प्रकाशित अमृतवाणी में लगभग 140 शब्द और 231 श्लोक शामिल किए गए हैं। इस संदर्भ में वर्णन योग्य यह है कि नयी प्रकाशित की गई अमृतवाणी को ग्रंथ नहीं कहा गया, धार्मिक पुस्तक कहा गया है।



# भंडारा

गुरु रविदास जी का सत्संग सुनने हेतु श्रद्धालु दूर-दराज़ के गांव से भी आते थे, जो सत्संग के पश्चात् रात्रि व्यतीत करने के लिए वहीं ठहरते थे। उन श्रद्धालुओं के लिए भोजन का प्रबंध भी किया जाता था। माता लोणा जी स्वयं इस बात का ध्यान रखती थीं कि कोई श्रद्धालु भूखा न रह जाए। दिन प्रति दिन कुटिया में ठहरने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होती जा रही थी। एम॰ए॰ मौकालफ ने अपनी पुस्तक 'दी सिख रिलिजन' के छटे भाग में ( **The Sikh Religion Vol. VI)** अंकित किया है कि जब गुरु रविदास जी ने भगवान के आग्रह करने पर उन की दी हुई स्वर्ण मुद्रयें स्वीकार करनी आरंभ कर दीं तब एक धनवान श्रद्धालु ने गुरु जी को धन अर्पित किया, जिस से गुरु रविदास जी ने सर्वप्रथम एक सराय का निर्माण करवाया था, जहां पर साधू संतों एवं श्रद्धालुओं के ठहरने का प्रबंध किया गया था और उस सराय में ठहरने वालों के लिए भंडारे का इंतज़ाम किया जाता था। इस प्रकार एक कुटिया से शुरू हुआ भंडार विशाल रूप धारण करता गया, श्रद्धालु भी भंडारे के लिए अपनी क्षमता अनुसार वस्तुएँ लाते रहते थे।

गुरु रविदास जी के पावन एवं क्रांतिकारी सिद्धांत को उन के जीवन में ही सह्यम्पूर्ण रूप से लागू करने में भंडारे ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। क्योंकि भंडारा प्रत्येक श्रद्धालु, चाहे वे किसी भी जाति के हों, ब्राह्मण हों, वैश्य हों, क्षत्रिय हों अथवा तथाकथित शूद्र ही क्यों न हो, सभी एक ही पंक्ति में बैठकर भोजन ग्रहण करते थे। गुरु रविदास जी का भंडारा गृह इस संबंध में एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करता था।

गुरु रविदास जी के जन्म स्थान मंदिर, सीरगोवर्धनपुर में मंदिर के पास एक शानदार भंडारा घर का निर्माण किया गया है। जिसका सारा प्रबंध श्री 108 संत निरंजन दास जी की सरप्रस्ती में होता है। डेरा सच्चखण्ड बल्लां के महान् संतों ने जब डेरा का निर्माण करवाया था, तब भी डेरा में एक भव्य भंडारा घर बनवाया था। क्योंकि देश में सर्वप्रथम गुरु रविदास जी ने श्रद्धालुओं के लिए भंडारा आरंभ किया था। इस कारण उस प्रथा को आगे बढ़ाते हुए, श्रेष्ठ संतों ने भंडारे को अपने डेरे का एक महत्वपूर्ण अंग बनाया हुआ है।



# प्रकाश का प्रसाद बाँटता, डेरा सच्चखण्ड बल्लां

सतगुरू रविदास जी महाराज का आध्यात्मिक फरमान है कि जो भी, प्रभु प्रेमी, सच्चा श्रद्धालु अपने जीवन की नाव को दुख-कष्टों और अकथनीय कठिनाईयों के खौलते भवसागर में से सही सलामत पार लगाना चाहता है, उस भाग्यशाली पुरुष को अपने सतगुरु के पावन चरण कंवलों की ओट एवं शरण लेनी चाहिए, क्योंकि अपने सतगुरु स्वामी की शरण लेने से ही उस व्यक्ति के करोड़ों पापों का नाश हो सकता है।

*साधु की जऊ लेहि ओट, तेरे मिटहि पाप सभ कोटि-कोटि॥*

( गुरू ग्रंथ साहिब पृष्ठ 1196 रागु बसंत )

ऐसे सम्पूर्ण साधू-संतों की महिमा करते हुए गुरू रविदास जी कहते हैं-

*संत तुझी तनु संगति प्राण। सतगुरू ज्ञान जानै संत देवा देव॥*

( गु॰ग्र॰ साहिब पृष्ठ 486 रागु आसा )

हे परम परमात्मा, हे सृष्टि के सृजक प्रभु, यह भेद मैंने समझ लिया है कि संत आप जी का कोमल शरीर अथवा स्वरूप हैं और उन सम्पूर्ण संतों की संगत में मेरे प्राण हैं। हे देवताओं के देवता प्रभु जी, मैं ऐसे दिव्य ज्योति वाले संतों को आप सतगुरू जी द्वारा प्रदान ज्ञान से समझ एवं पहचान लिया है।

वर्तमान विश्व, अनैतिकता, भ्रष्टाचार, फरेब, अहंकार, अमानवीय रीतियों, षडयंत्रों एवं वर्ण-व्यवस्था के घिनौने रोगों से पीड़ित है। हर क्षण पतन की ओर जा रहे, ऐसे समाज में, सच्चे-सुच्चे प्रवीण सतगुरू को खोजना, यदि असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है।

मेरे जीवन का वह दिन अत्यंत भाग्यशाली था, जिस दिन मैं जालन्धर के समीप स्थित गांव बल्लां पहुंचा था। गांव बल्लां की घनी आबादी में से निकलकर, जैसे ही मैं गांव की बगल में बहती छोटी सी नहर के किनारे पहुँचा, तो सामने एक विशाल डेरे में झूलते दो हरि के निशान साहिब के दर्शन भी हुए थे। किसी अप्रत्यक्ष अद्भुत शक्ति के पावन चरणों में मेरा मस्तक अपने आप ही झुक गया था। डेरे में जाकर पुनः ब्रह्मज्ञानी श्री 108 संत रामानन्द जी के दर्शन किए और नतमस्तक हुआ। बाद में गद्दी पर बिराजित नूरी ज्योति, रूहानी नूर श्री 108 संत निरंजन दास महाराज जी के चरण कंवलों में स्वयं को समर्पित कर दिया था। मेरे अंतकरण में एक विलक्ष्ण सी झुनझुनाहट छिड़ गई थी और अंतकरण में एक अद्भुत सा प्रकाश प्रज्जवलित हो गया था। मेरा मन भी गवाही देने लगा था कि ऐसे दिव्य दृष्टि संत-मुनियों की ओर ही सतगुरू ने अपनी अमृत वाणी में संकेत किया है। जिन्हें परमात्मा का पावन शरीर कहा गया है, ऐसे संत ऋषियों के मैंने आज सम्पूर्ण दर्शन किए हैं। मैं संतों के चरणों में बैठा किसी अद्भुत आनन्द का अनुभव कर रहा था। कुछ समय बाद डेरे में स्थित तपोस्थान के सामने बैठा मेरा अंतर्मन पूछता रहा ता कि मैनें अपने जीवन का सुनहरा काल व्यर्थ ही गंवा दिया है। सरकारी नौकरी के संबंध में एक बार नहीं बल्कि अनेक बार मैं जालन्धर से पठानकोट गया था परन्तु मैंने कभी भी इस गांव की ओर अपनी गाड़ी को नहीं मोड़ा। क्योंकि मुझे बल्लां डेरे के महान् तपोस्वियों के विषय में ज्ञान ही नहीं था। यद्यपि मैं इससे पूर्व कई बार डेरे के गद्दीनशीन संतों के दर्शन कई समागमों में कर चुका था, परन्तु मेरा अनजान मन बल्लां के इन महान् संतों की लौकिक सोच से पूर्णतः अनभिज्ञ था, तो फिर इस गांव की ओर मेरी गाड़ी कैसे मुड़ सकती थी ?

शीर्ष ग्रीष्म ऋतु के आषाढ़ माह में जब मैं बल्लां आया तो



लोगों के उल्हास का एक विशाल समुद्र देखकर चकित रह गया था। डेरे के संस्थापक स्वामी संत सरवण दास जी को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए संसार भर से उनके श्रद्धालु लाखों की संख्या में आए हुए थे। डेरे को आने वाले सभी मार्गों पर श्रद्धालुओं ने ठण्डे शरबत एवं लस्सी की छबीलें लगाई हुई थीं। जिनके प्रबंधक धूप का क्रोप झेलते हुए राहगीरों को रोक-रोक कर ठण्डा शरबत पिलाने में व्यस्त थे। एक और समागम चल रहा था तो दूसरी ओर लंगर अटूट चल रहा था। इस अद्भुत दृश्य को देखकर मेरा अंतःकरण गुनगुना उठा था-

*साधू की जऊ लेहि ओट ॥ तेरे मिटहि पाप सभ कोटिकोटि ॥*

असंख्य लोगों की श्रद्धा को देखकर मेरा विश्वास और सुदृढ़ हो गया था कि इस डेरे के संत तपस्वी सत्य ही परमात्मा का स्वरूप हैं, तभी तो वे अपने दर पर आई असंख्य संगतों के दुख कष्ट एवं पश्चाताप को नष्ट करने की रूहानी शक्ति रखते हैं। अपने श्रद्धालुओं के पापों का नाश करने के समर्थ हैं, तभी तो इतनी बड़ी संख्या में तिरस्कृत वर्ग के लोगों की इस डेरे के प्रति असीम श्रद्धा, विश्वास, निष्ठा एवं लगन है।

सतगुरू रविदास जी महाराज का एक अन्य महत्वपूर्ण कथन है:-

*माधो अबिदिया हित कीन ॥ बिबेक दीप मलीन ॥*

इस पंक्ति का शाब्दिक अर्थ तो यही है कि हे प्रभु अकाल पुरख, परमात्मा जी ! आप जी की सृष्टि मनुष्य ने अज्ञानता के साथ प्रेम कर लिया है परन्तु यदि इस उपदेश पर तनिक ध्यान से विचार किया जाए तो इसके माध्यम से सतगुरू रविदास जी महाराज तिरस्कृत समाज को यह संदेश देते हैं कि अक्षरों की अज्ञानता अर्थात् निरक्षरता से मानवीय बुद्धि, उसकी सोच-विचार की शक्ति को ग्रहण लगा हुआ है। इस राहु-केतु द्वारा लगाए गए ग्रहण से मुक्त होने के लिए

दबे-कुचले समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अक्षर ज्ञान प्राप्त कर शिक्षित होना पड़ेगा। यही उसकी मुक्ति का साधन है। गुरू जी के इस आध्यात्मिक संदेश को मूर्त रूप देने के मंतव्य से, डेरा सच्चखण्ड बल्लां के महान् प्रतिनिधि संत महापुरुषों ने, अपने समाज के पिछड़े लोगों को विद्या प्राप्त करने के लिए न केवल प्रेरित किया, बल्कि हर पक्ष से उनकी सहायता भी की। इस डेरे ने दोआबा क्षेत्र के प्रत्येक घर में विद्या का दीपक प्रजवलित कर दिया। जिसके फलस्वरूप शिक्षा ग्रहण कर उच्च पदवियों पर आसीन सरकारी अफसर इस डेरे के अनन्य श्रद्धालु हैं। इस प्रकार डेरा बल्लां के पूजनीय संतजनों ने सतगुरू रविदास जी महाराज के पावन उपदेश को ज्यों का त्यों साकार रूप प्रदान किया है। फगवाड़ा के समीप हदियाबाद नामक स्थान पर 'माधो अबिदिया हित कीन बिबेक दीप मलीन' से प्रेरित होते हुए डेरे द्वारा एक मॉडल स्कूल ( सी॰बी॰एस॰ई॰ से मान्यता प्राप्त ) की स्थापना कर दलित समाज के बच्चों के लिए आधुनिक विधियों द्वारा विद्या प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

सतगुरू रविदास जी महाराज की विचारधारा, सिद्धांत एवं विमल वाणी के प्रचार व प्रसार के कार्य को भी डेरा बल्लां के महान् संतजनों ने अपने उत्कुष्ट एवं पावन जीवन का लक्ष्य बनाया हुआ है। इसलिए ही तो सतगुरू संत सरवण दास जी महाराज के उत्कृष्ट पवित्र स्थल की खोज की गई। इनके उपासकों एवं सतगुरू रविदास जी के श्रद्धालुओं ने अपने उद्यम के द्वारा इस स्थान पर अतिसुन्दर धाम का निर्माण सम्पन्न करवाया। इस कार्य की सफलता के लिए सतगुरू स्वामी हरिदास जी , सतगुरू स्वामी गरीब दास जी, सतगुरू स्वामी 108 संत निरंजन दास जी वर्तमान गद्दीनशीन महापुरुषों ने अमूल्य योगदान प्रदान किया है। यदि मैं यह कहूं कि सीर गोवर्धनपुर में पावन जन्म स्थान मंदिर के निर्माण कार्य को सम्पन्न कर बल्लां डेरे से संबंधित संत-महापुरुषों एवं बुद्धिजीवियों ने लगभग 600 वर्ष की दीर्घावधि



के बाद अपने परम सतगुरू को बिराजमान करने हेतु उनके द्वारा किए गए परोपकारों के अनुसार, एक उत्तम एवं सुन्दर धाम प्रदान किया है, तो यह अतिकथनी नहीं होगी।

किसी धाम का निर्माण करना अथवा करवाना अन्य बात है, परन्तु उस पवित्र धाम में लोगों की आस्था बनाए रखना इससे भी महत्वपूर्ण होता है। डेरा बल्लां के संतजनों ने संसार को यह अद्वित्तीय कार्य भी कर दिखलाया है। सतगुरू जी के पावन जयंती समारोह के अवसर पर डेरा बल्लां के प्रबन्धक श्री 108 संत निरंजन दास जी महाराज वर्तमान् गद्दीनशीन की अध्यक्षता में एक विशेष रेलगाड़ी जालन्धर से वाराणसी तक लेकर जाते हैं। इस रेलगाड़ी का नाम ही 'बेगमपुरा एक्सप्रैस' रखा गया है। बेगमपुरा एक्सप्रैस में श्री 108 संत निरंजन दास जी के ममतामयी आशीर्वाद की छत्रछाया में यात्रा करने का सौभाग्य तो केवल भाग्यशाली श्रद्धालुओं को ही प्राप्त होता है। विदेशों में बैठे असंख्य श्रद्धालु परम संतजनों की छत्रछाया में गुरु धाम में जाकर आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए व्याकुल रहते हैं। यहाँ यह बात लिखना सही होगा कि वतन से दूर रहते श्रद्धालुजनों ने ही स्वर्ण पालकियां एक डेरा बल्लां तथा दूसरी बेगमपुरा सीरगोवर्धनपुर में भेंट की हैं, जो उनकी अपने प्रभु एवं डेरे के प्रति विलक्ष्ण आस्था का प्रतीक हैं। जन्मस्थली मंदिर सीर गोवर्धनपुर में अब सारा वर्ष श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रहती है क्योंकि अब प्रत्येक श्रद्धालु को इस सत्य का ज्ञान हो चुका है कि सतगुरु रविदास जी आशीर्वाद एवं वरदान के साथ अपनी अनुपम झोली को भरकर, अपने में आस्था एवं श्रद्धा रखने वाले, श्रद्धालुओं का इंतज़ार करते रहते हैं।

# अध्यात्मिक और सिमरन के पुंज –सतगुरु स्वामी पिप्पल दास जी

भारत में अनादि काल से ही सृष्टिकर्ता के उत्कृष्ट नाम का सिमरन करने के प्रमाण मिलते हैं। ऋषि-मुनि, साधु-संत, योगी-सन्यासी, पहाड़ों की चोटियों में जाकर या घने वनों में तपोस्थान स्थापित कर, घने वृक्षों के नीचे बैठ कर, शाखायों व घास-फूस की कुटिया में आश्रम लेकर, प्रभु भक्ति में लीन रहते थे। परन्तु उनमें से बहुत से ऋषियों का उद्देश्य केवल निजस्वार्थ होता था। विश्व के कल्याण हित उनका कोई उद्देश्य था ही नहीं। वे परिवारिक बंधनों से मुक्त रहकर, प्रभु का सिमरन करके, कई प्रकार के शारीरिक कष्ट सहते हुए, केवल अपने लिए स्वर्ग की कामना में जुटे रहते थे। अर्थात् उनका स्वार्थ केवल अपने निज को ही संवारना होता था। परन्तु मध्यकाल में हुए संत-गुरुओं ने इस प्रथा को तोड़ा व गुरु रविदास जी, संत कबीर जी तथा कई अन्य संत-महापुरुषों ने अपने समय से रूढ़िवादी मानव विरोधी कुरीतियों को जड़ से उखाड़ कर, मानवता को संकीर्णता की भावना से बाहर निकालने के सार्थक प्रयत्न किए थे। उसी प्रकार अपने सतगुरुओं द्वारा दर्शाए हुए लोक-कल्याणकारी मार्ग को अपना कर, समाज को मानववादी सोच के अद्भुत कुंभ में स्नान कराने का, अद्भुत संकल्प धारण कर, संत स्वामी पिप्पल दास जी ने अद्भुत लोक कलयाण का अलौकिक मार्ग चुना था। गिल-पत्ती ज़िला बठिंडा में बाबा पिप्पल दास जी का आगमन हुआ।

साहित्यकारों के मतानुसार जगत्गुरु रविदास महाराज जी का नाम अवतरित होने के अनुसार ही रविदास रखा गया था। इतवार को रविवार कहते हैं, परन्तु कुछ विद्वानों का मत था कि मस्तिष्क पर सूर्य के समान दहकते तेज को देखते हुए उनका नाम रविदास रखा गया था। इसी प्रकार बाबा पिप्पल दास जी का नाम पिप्पल दास भी इसी प्रकार था, जिसकी भारतवर्ष में अनादिकाल से पूजा हो रही हैं। यह नाम उनके माता-



पिता द्वारा साधारणत: ही रखा गया था या इसके पीछे भी कोई रहस्य छिपा हुआ है, जिसकी खोज करनी अनिवार्य है। बचपन से ही बालक पिपल दास जी का झुकाव प्रभु व सिमरन की ओर रहता था। उनका मन एकांतप्रिय था, परन्तु उनका विवाह बीबी शोभावंती से कर दिया गया। बीबी शोभावंती जी भी अपने पति की तरह आध्यात्मिक विचारों वाली थी, जिस कारण उनका गृहस्थ जीवन सरलता से आगे बढ़ने लगा। गांव गिल-पत्ती से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बाबा जी की खेती वाली ज़मीन थी, जहां अपने गुरु रविदास जी की भांति बाबा जी काम करते हुए प्रभु भक्ति में लीन रहते थे। प्रभु का नाम जपते, गृहस्थ आश्रम निभाते हुए धार्मिक माता-पिता के घर में एक सुंदर बालक ने जन्म लिया जिसका नाम पवित्र जोड़ी ने मिलकर सरवण दास रखा था। सरवण दास अभी बाल अवस्था में ही थे कि उनके माता जी चल बसे। अपने जीवन साथी की अकाल मृत्यु ने बाबा जी के मन पर गहरा आघात किया। अपने पुत्र को साथ लेकर बाबा जी ने गिल-पत्ती को छोड़कर परमार्थी यात्रा शुरू कर दी।

पंजाब के दो मुख्य दरियाओं सतलुज और ब्यास के बीच की धरती काफी समय से सृजक के दरबार में पुकार कर रही थी कि इस धरती पर बस रही मानवता के उद्धार के लिए किसी दिव्य युगपुरुष या महामानव को भेजा जाए, जो उसकी रमणीक भूमि पर बसे पिछड़े वर्गों में जागृति पैदा कर उन्हें सहारा प्रदान करे व उन्हें स्वावलम्बी बनाने में सहायक हो और समाज का सुदृढ अंग बनने में, अपना बहुमूल्य योगदान दे। इसके अतिरिक्त चारों ओर आध्यात्मिक वातावरण की फसल पैदा कर लोगों, को मार्गदर्शन करे। दोआबा की धरती की पुकार स्वर्गलोक में प्रवाण हुई और बाबा पिप्पल दास जी, प्रभु के आदेशानुसार, कृषि का कार्य अपने बड़े पुत्र सेवा दास जी को सौंप कर व छोटे पुत्र सरवण दास जी को साथ बठिंडा की रेतली भूमि से चलकर, विभिन्न स्थानों की यात्रा करते हुए दोआबा की हरियाली धरती पर पहुंच गए। बाबा पिप्पल दास जी गिल-पत्ती से अपने मन की गहराई तक, अद्भुत प्रभु भक्ति की आलौकिक

ज्योति लेकर गांव बल्लां ज़िला जालन्धर पधारे थे, उनके तन पर प्रभु नाम में रंगे साधारण वस्त्र थे व सिर पर प्रभु की कृपा थी। बल्लां में उन्होंने घास-फूस की कुटिया में सृष्टिकर्ता द्वारा बख्शिश लोक कल्याणकारी कार्य आरम्भ कर दिए। गिल-पत्ती गांव के पास अपने खेतों में विभिन्न फसलें उगाते हुए, संत महात्मा पिप्पल दास जी बल्लां में डेरा डालकर, आध्यात्मिक फसल उगाने में लीन हो गए, जहां उनका संपर्क अन्य साधु-संतों के साथ होता गया, जिससे उनके लोक कल्याणकारी व लोक सेवा के कार्यों को और बल मिलता गया। बाबा जी ने संगतों को प्रभु सिमरन करवाते हुए उत्कृष्ट सत्संग से जोड़ा। इस प्रकार गुरु रविदास जी के महान् कथन-सत संगति मिलि रहिए माधउ जैसे मधुप मखीरा, के अनुसार सत्संग का आयोजन करते थे, जिसमें क्षेत्र की संगतें हर्षोल्लास से पहुंचती हुई, और अमृतवर्षा से नामरूपी मोतियों के साथ मालामाल होकर घरों को लौटती। आप जी के पावन चरणों में रहकर अनेक महापुरुषों ने आध्यात्मिक शिक्षा ग्रहण की। बाबा पिप्पल दास जी का संत करतानंद जी व संत हरनाम दास जी से विशेष सानिध्य था। उन्होंने अपने पुत्र संत सरवण दास जी को शिक्षा ग्रहण करने के लिए संत करतानंद जी के चरणों से जोड़ा। इसी प्रकार उन्होंने अपने प्रिय पुत्र को प्रभु नाम की अमूल्य बख्शिश संत स्वामी रहनाम दास जी से ग्रहण करवाई थी। जिस आलौकिक कार्य के लिए ईश्वर ने बाबा पिप्पल दास जी को दोआबा की धरती पर भेजा, क्षेत्र में प्रभु सिमरन और आध्यात्मिक फसल बो कर उन्होंने उस कार्य को सम्पूर्ण किया। बाबा जी की उस बोयी हुई फसल के परिणाम स्वरूप डेरा सच्चखण्ड बल्लां ज़िला जालन्धर में हरि के निशान साहिब झूल रहे हैं। इस डेरे में विश्व भर से श्रद्धालु आकर अपनी मनोकामनाऐं पूर्ण करते हैं। डेरा बल्लां के मौजूदा वर्तमान् गद्दीनशीन श्री 108 संत निरंजन दास जी महाराज, संत बाबा पिप्पल दास जी महाराज, संत सरवण दास जी महाराज, संत स्वामी हरी दास जी महाराज और संत गरीब दास जी महाराज के दर्शाए मार्ग पर चलकर डेरे की प्रगति के लिए यत्नशील हैं। गुरु रविदास जी के बेगमपुरा के सिद्धांत को विश्व में प्रचारित करने हेतु प्रशंसनीय



कार्य कर रहे हैं। श्री 108 संत सुरिन्दर दास बावा जी आध्यात्मिक कार्यों में सतगुरु निरंजन दास महाराज जी के आदेशों की पालना करने के लिए तत्पर हैं। नए ऐलान हुए रविदासिया धर्म की प्रगति के लिए प्रयत्नशील हैं। कौम के अमर शहीद संत रामानंद जी महाराज उच्चारण करते हैं-

धन गुरु पिपल दास जी प्यारे।
जाईए आप जी के बलिहारे।
आये बल्लां गांउं मझारी।
बढ दानी बढ परउपकारी।
दुखियों की सेवा परथाये।
तन, मन, धन, सब दिओ लुटाए।

भूली भटकी मानवता को प्रदर्शित मार्ग के यात्री बनाकर श्री 108 संत पिप्पल दास जी, सन् 1928 के अश्विन मास की 26 तारीख दिन गुरुवार की प्रातः प्रभु चरणों में विलीन हो गए थे। उनके परमार्थी जीवन से लाभ व प्रेरणा लेकर संत-मुनियों के साथ-साथ असंख्य मानव भी अपने जीवन को खुशहाल बनाने में व्यस्त है।

# संत तपस्वी सरवण दास जी रचा था जिन्होंने इतिहास

इस देश में ऋषि-मुनियों, साधु-संतों की परंपरा युगों-युगांतरों से चली आ रही है। यह ऋषि-मुनि पर्वतों की गुफाओं में, वादियों की चोटियों में, वनों में आश्रम बना कर या तपोवन में बैठकर जप-तप में लीन रहते थे। इनमें से अधिकांश ऋषि-मुनियों की घोर तपस्या का उद्देश्य उनकी दिनचर्या तक ही सीमित होता था। वे केवल अपने निजी स्वार्थ के लिए जप-तप, प्रभु-भक्ति में लीन रहते थे। मनोरथ था स्वर्ग प्राप्ति या अपने रचयिता प्रभु की प्राप्ति करना, ईश्वर के चरणों में स्वयं को न्योछावर करना। ऐसे ऋषि-मुनियों, तपस्वियों की संख्या कम थी, जो लोक कल्याण हेतु तपो भूमि में जाकर तपस्या करते थे। इस संदर्भ में भगवान वाल्मीकि महाराज जी हुए हैं, जो परमेश्वर का सिमरन करके ब्रह्मज्ञानी त्रिकालदर्शी हुए हैं, जिन की महिमा सम्पूर्ण प्रकृति के खंडों-ब्रह्मण्डों में हुई है। इनके बाद भगवान् बुद्ध का पावन नाम अग्रणीय तपस्वी महापुरुषों में शामिल है और सबसे ऊपर है, जिन्होंने लोक कल्याण के लिए महलों का सुख त्याग कर, वनों में जाकर कठिन तप किया था। इस भक्ति के पीछे उनका निज स्वार्थ कतई नहीं था। वे तो संसार के दुख-दर्द को मिटाने और दबे-कुचले वर्ग को समाज में सम्मान दिलाने के लिए तत्पर रहे थे। सतगुरु रविदास जी महाराज, सतगुरु कबीर जी महाराज, सतगुरु नामदेव जी महाराज व अन्य मध्यकालीन संत महापुरुष इसी विचारधारा से संबंधित थे। पाँच दरियाओं की धरती पंजाब का दिल समझे जाने वाले दोआबा क्षेत्र की उपजाऊ भूमि पर बसे जालन्धर ज़िला के गाँव बल्लां में उत्पन्न बबूल की घनी छाया में बचपन व्यतीत करने वाले लोक-हितैषी, धार्मिक आत्मा संत सरवण दास जी ने उसी लोक पक्षीय



विचारधारा की परंपरा का पौधा पंजाब में इस बल्लां की धरती पर लगाया। सम्पूर्ण आध्यात्मिक चेतना वाले, परन्तु लोक-हितैषी, महापुरुष संत सरवण दास जी ने पहाड़ों की गुफाओं में जाकर वन या तपोवन में बैठ कर जप-तप नहीं किया, बल्कि उन्होंने तो लोगों के बीच में रहकर, गाँव में बसकर, महान् जपी-तपी, ऋषि-मुनियों का पावन स्थान गृहण कर लिया था। संत सरवण दास जी की साधना की सम्पूर्णता का डंका चारों दिशाओं में बजा, तब श्रद्धालु उनके पावन चरणों-कंवलों में स्वयं ही पहुंचने लगे। संत स्वामी सरवण दास जी अपनी कुटिया में शारीरिक रूप से कमज़ोर बच्चों को अपने पास बिठा कर दूध का गिलास पिलाया करते थे, वहीं श्रद्धालुजनों को हीन-भावना का कंबल उतार कर फेंक देने की प्रेरणा भी देते थे। सतगुरु रविदास जी महाराज के सुनहरी शब्द-माधो अविद्या हित कीन, विवेक दीप मलीन।। -राग आसा, अमृतवाणी पन्ना 11 के अनुसार संत जी श्रद्धालुओं व बच्चों को अक्षर ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते रहते थे। अवश्यकतानुसार के अनुसार जालन्धर से पुस्तकें मँगवा कर बच्चों में वितरित करते रहते थे, ताकि बच्चों की रुचि, विद्या की ओर बढ़े। जैसे ही सतगुरु स्वामी सरवण दास जी द्वारा पिछड़े व वंचित लोगों में समता की चेतना पैदा करने की खुशबू जालन्धर जिले की सीमा के पार फैली, तब कई अन्य श्रद्धालु भी कुटिया से जुड़ गए। यह भी एक ऐतिहासिक घटना बन गई कि जब पंजाब की धरती पर सतगुरु स्वामी सरवण दास जी जो लोक कल्याण के कार्यों में व्यस्त थे, उसी समय बाबा साहिब डा॰ अम्बेडकर सौराष्ट्र की धरती पर पिछड़े व निम्न वर्ग के लोगों के कल्याण में लगे हुए थे। इस अदृश्य पहलू पर इतिहासकारों व बुद्धिजीवियों की अभी तक नज़र नहीं गई।

पंजाब की धरती पर रहते हुए, सतगुरु स्वामी सरवण दास

जी ने वे आध्यात्मिक, व धार्मिक स्थान देखे थे, जो किसी महान् संत, नेता, गुरु के पावन आगमन से संबंधित थे। फिर उन्होंने सोचा कि उनके ईष्ट सतगुरु रविदास महाराज जी का पावन पवित्र धाम कहां पर सुशोभित है। महाराज जी को ज्ञान हुआ कि गुरु रविदास जी के जन्म-स्थान के विषय में इतिहासकारों में मतभेद थे, फिर ऐसी परस्थितियों में जन्म स्थान का निर्माण किया भी जाता तो कहां ? दूसरी बात यह कि गुरु जी की शोभा के अनुकूल धाम का निर्माण करवाता भी कौन ? यह एक बहुत बड़ी विडंम्बना ही तो थी कि जिस सतगुरु महाराज के करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु, पैरोकार हों, उस पावन ज्योति के अवतरित होने वाले स्थान का ही कोई ज्ञान नहीं। सतगुरु स्वामी सरवण दास जी के कोमल हृदय पर इतिहासकारों की इस बेरुखी ने कड़ा आघात पहुंचाया। जिसके फलस्वरूप संत रविदास महाराज जी के पवित्र जन्म स्थान को खोजने की जिज्ञासा उत्पन्न हुई। महाराज जी अपनी कुटिया से चल कर एक दिन बनारस पहुंच गए। शहर बनारस की समूह बस्तियों के साथ-साथ काशी बनारस के आसपास के गाँव का, चर्मकारों की बस्तियों का उन्होंने आध्यात्मिक दृष्टि से भ्रमण किया होगा, जन्म स्थान की खोज की होगी, लोगों से पूछताछ की होगी। गुरु जी की रिहायश के मलबे को ढूँढने का प्रयत्न किया होगा, परन्तु प्रत्येक गाँव, गलियों, बस्तियों से सतगुरु जी को निराशा ही हाथ लगी। निराश बैठे संत सरवण दास जी को एक दिव्य प्रातः काल में एक रमणीक और महकती हवा का झोंका अपने साथ ले चला। वह सुगंधित समीर, महाराज जी का हाथ पकड़ कर बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के पास बसे गाँव सीरगोवर्धनपुर में ले गई, जहाँ स्वामी सरवण दास जी ने इमली के वृक्ष के पास, अपनी दिव्य दृष्टि से अपने ईष्ट सतगुरु रविदास महाराज जी का पावन जन्म-स्थान देख लिया। उनकी पावन अंर्तात्मा ने उस अद्‌भुत दिव्य खुशबू को महसूस



कर लिया, जो गुरु रविदास महाराज जी के पवित्र आगमन स्थन से उठती होगी। तभी तो पंजाब आकर स्वामी जी ने संत हरी दास जी के नेतृत्व में एक श्रेष्ठ दल को भेजा था और जन्म स्थान मंदिर के निर्माण का शुभारम्भ करवाया था। ऐसे संत तपस्वी सरवण दास जी ने नए इतिहास की रचना की। जो कार्य इतिहासकार, जीवनी लेखक, विद्वान, बुद्धिजीवी सदियों से नहीं कर सके, उस पवित्र व ऐतिहासिक कार्य को संत सरवण दास जी महाराज ने सम्पूर्ण कर दिया था। जन्म स्थान को ढूँढना और उस पर जन्म-स्थान मंदिर का निर्माण करना ऐतिहासिक घटना बन गई। इसका पूर्ण श्रेय श्री 108 संत सरवण दास जी महाराज को जाता है। इसी ऐतिहासिक मंदिर ने विश्व भर में बसते श्रद्धालुओं को एकतित्र होने का अवसर प्रदान किया और अपनी कौम के हित में सोचने व योजनाओं को निर्मित करने के लिए प्लेट फार्म दिया है। तभी तो इस जन्म स्थान मंदिर में 30 जनवरी 2010 को श्री 108 संत निरंजन दास जी वर्तमान् गद्दीनशीन डेरा सच्चखण्ड बल्लां ने, अपने पावन कर-कंवलों द्वारा रविदासिया धर्म, की धार्मिक पुस्तक-'अमृतवाणी सतगुरु रविदास जी महाराज' का लोकार्पण किया था। इसी समारोह में श्री 108 संत निरंजन दास जी के पावन आशीर्वाद से श्री 108 संत सुरिन्दर दास बावा जी ने नए-रविदासिया धर्म, का ऐलान किया था, जिस रविदासिया धर्म को संत समाज व विशाल जन-समूह ने जयकारों की गूंज से अंगीकार किया था। इस नई धार्मिक पुस्तक और नव धर्म की स्थापना ब्रह्मलीन संत सरवण दास महाराज जी को सच्ची श्रद्धांजलि ही तो है।

# ब्रह्मलीन श्री 108 संत हरीदास जी

बीसवीं शताब्दी ने अपनी आयु के आधे वर्ष पूरे करके, जब आगे की ओर पैर पसारना आरंभ किया, तब उस दशक में डेरा बल्लां, जालन्धर ( पंजाब ) के दूरदर्शी श्री 108 संत सरवण दास जी ने, गुरु रविदास महाराज जी की पावन स्थली को ढूँढ लिया था। समूह संतों के सर्व-श्रेष्ठ संत स्वामी सरवण दास जी ने डेरा बल्लां में वापिस पधार कर, अपने श्रद्धालु जनों एवं डेरा प्रेमी सेवकों से गुरु रविदास जन्म भूमि पर मन्दिर का निर्माण करने हेतु एक मीटिंग बुलाई थी। जिस में मन्दिर का निर्माण करने के बारे में विचार-विमर्श किया गया। मीटिंग में संत सरवण दास जी के प्रमुख शिष्य, संत हरी दास जी ने निवेदन किया था कि ऐ गुरु श्रेष्ठ साहिब ! गुरु रविदास जो अवतार धारण किये हुए लगभग 600 वर्ष पूरे होने वाले हैं, आप ने स्वयं देश का भ्रमण करके देख लिया है कि किसी स्थान पर भी गुरु रविदास के नाम पर भव्य मन्दिर नहीं है, जो उनकी श्रेष्ठता के अनुकूल हो। आप ने जिस प्रकार कठिनाईयों का सामना करके पवित्र जन्म स्थान की खोज की है, उस प्रकार आप ही उस पावन स्थली पर गुरु जी के जन्म स्थान मन्दिर का निर्माण कार्य सम्पूर्ण करवा सकते हैं। मीटिंग में शामिल सभी श्रद्धालुओं ने संत हरी दास जी के विचारों से सहमति प्रकट करते हुए कहा कि आप ही एक ऐसे आध्यत्मिक नूर हैं, जो इस पवित्र कार्य को सम्पूर्ण करवा सकते हैं। सुन्दर और भव्य जन्म स्थान मन्दिर का निर्माण करने का निर्णय ले लिया गया था। संत स्वामी सरवण दास जी ने अपने शिष्य संत हरी दास जी के नेतृत्व ( अध्यक्षता ) में सेवादारों को बनारस भेजा।

संत हरी दास जी का जन्म गांव गढ़ा, जालन्धर के निकट पिता श्री हुकम चंद एवं माता श्रीमती ताबी जी के घर में हुआ था। वह



अंतर्मन से सृजनात्मक शक्ति के भक्त थे, तभी तो संत सरवण दास जी को बाबा पिप्पल दास जी ने कहा था कि वे ( संत ) हरी दास जी को अपने साथ श्रद्धालु संगत की सेवा हेतु जोड़ लें। डेरा बल्लां के साथ सम्पर्क में आने के पश्चात्, संत हरी दास जी का जिज्ञासु मन संपूर्ण ज्ञान की चाह में, अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्ति के लिए उत्सुक हो गया था। संत हरी दास जी ने मेहनत, लगन, गुरु सेवा एवं मधुर व्यवहार के द्वारा डेरे में आदर तथा सम्माननीय स्थान प्राप्त कर लिया था। तभी तो स्वामी सरवण दास जी ने उन्हीं के मार्ग दर्शन में श्रद्धालुओं को बनारस भेजा था और आदेश दे कर उन्हीं से 14 जून 1965 के शुभ दिन पर जन्म स्थान मंदिर का नींव पत्थर रखवाया था। अपने कर-कंवलों से नींव रखने से पहले गुरु रविदास जी के पावन चरण-कंवलों में अरदास की गई थी। श्रद्धालु गुरु रविदास महाराज जी की जय और संत स्वामी सरवण दास जी की जय-जयकार के घोष बहुत ऊँची आवाज़ में बुलंद कर रहे थे।

जन्म स्थान के समीप एक इमली का पेड़ था, जो गुरु रविदास जी के पावन व्यक्तित्व से जुड़ा हुआ था। यह पेड़ समय की गरदिश के कारण सूख कर धरती पर आ पड़ा था। संत हरी दास जी ने गुरु रविदास जी के पवित्र चरण-कंवलों में अरदास विनती करके उस सूखे पेड़ की जड़ में जल डाला, तो कुछ ही दिनों पश्चात् जड़ से हरी हरी कोपलें फूटने लगी थीं। अब यह पेड़ एक अच्छा खासा वृक्ष बन चुका है। मन्दिर का निर्माण चल रहा था। जब भी समय मिलता, संत हरी दास जी, आस पास के गांवों में, गुरु रविदास जी की अमृतवाणी के प्रचार हेतु चले जाते थे। बनारस से बल्लां डेरे में वापिस आ कर संत हरी दास जी ने, अपने गुरु संत सरवण दास जी के समक्ष मन्दिर निर्माण का पूरा विवरण प्रस्तुत कर दिया था। डेरा में वापिस आने के पश्चात् संत हरी दास जी अपने सतगुरु, संत स्वामी सरवण दास जी

की आज्ञा का पालन करते हुए, हरि नाम के संचार में तथा गुरु रविदास वाणी के प्रचार एवं प्रसार में व्यस्त रहते थे। क्योंकि उनके पूज्य गुरु जी ने संत गरीब दास जी को बनारस भेज दिया था। गुरु जी के ब्रह्मलीन होने के पश्चात् संगत एवं साधु समाज ने, संत हरी दास जी को डेरा बल्लां के मुख्य संचालक स्थापित किया एवं संत गरीब दास जी तथा संत निरंजन दास जी को उनके सहायक घोषित किया गया था।

तदोपरांत संत हरी दास जी महाराज डेरा संत सरवण दास बल्लां में, अपने गुरु जी की याद में मन्दिर का निर्माण कार्य शुरू करवाया। इस मन्दिर का उद्घाटन 11 जून 1973 को किया गया और ब्रह्मलीन संत सरवण दास जी की मूर्ति की स्थापना भी की गई। मन्दिर के निर्माण के उपरांत यह कुटिया श्री 108 संत सरवण दास सच्चखण्ड बल्लां के पावन नाम से प्रसिद्ध हो गई। श्री गुरु रविदास जन्म स्थान मन्दिर में 12 दिसम्बर 1974 को गुरु रविदास जी की मूर्ति मन्दिर के हाल में सुशोभित की गई।

डेरा सच्चखण्ड बल्लां में संत हरी दास जी ने 31 अक्तूबर 1976 के शुभ दिन सत्संग भवन की आधारशिला रखी थी। यह हाल संत हरी दास जी के पावन नाम से प्रसिद्ध है। उन्होंने डेरे के लिये और भूमि भी खरीदी थी। संत हरी दास जी अपने श्रद्धालु जनों को प्रेरित करते रहते थे कि वह अपने बच्चों को विद्या एवं ज्ञान के आभूषण धारण करवाएं।

गुरु रविदास अमृतवाणी का प्रचार करते हुए, संत हरी दास जी 100 वर्ष की आयु व्यतीत करके 6 फरवरी 1982 को ब्रह्मलीन हो गए।

सद्‌गुरु रविदास महाराज की जय!!



# गुरुधामों के महान् निर्माता गरीब निवाज संत गरीब दास जी

एम॰ऐ॰ मैकालिफ अपनी विश्व प्रसिद्ध पुस्तक 'दी सिक्ख रीलिजन' में 'सगल भवन के नायक-सतगुरु रविदास जी' की महानता का ज़िक्र करते हुए लिखता है कि काशी-बनारस के अनेक प्रसिद्ध ब्राह्मण नेता और देश के कई राजा-महाराजा व रानियों ने गुरु रविदास जी को अपना सतगुरु धारण कर लिया था। जिसके फलस्वरूप गुरु जी के सत्संग में अत्यंत चढ़ावा आने लगा। उस माया से गुरु जी के श्रद्धालुओं ने एक सुंदर सत्संग घर, यात्रियों के ठहरने के लिए एक सराय, उसके साथ एक जुड़वां लंगर कक्ष और गुरु जी के लिए सुंदर रिहायश का प्रबंध किया। इन पवित्र धामों के विषय में वर्तमान पीढ़ी को कोई खोज-खबर न मिली। क्या सुनहरी नूर का प्रसाद बाँटते इन धामों को गुरु रविदास जी मानवीय समानता पर आधारित मानवतावादी विचारधारा के विरोधियों ने ध्वस्त कर दिया था या यह धाम प्रकृति या मौसम के प्रकोप का शिकार हो गए थे, इस विषय पर इतिहास चुप है। डेरा बल्लां ज़िला जालन्धर के संस्थापक और दिव्य दृष्टि के स्वामी संत सरवण दास जी ने गुरु रविदास महाराज जी के जन्म-स्थान सीरगोवर्धनपुर काशी बनारस जो लुप्त हो चुका था, की खोज की। संत सरवण दास जी ने गुरु रविदास जी के जन्म-स्थान मंदिर का नींव-पत्थर संत हरी दास महाराज जी के पावन कर-कंवलों से रखवाया, परन्तु इस पवित्र धाम के निर्माण का कार्य संत गरीब दास महाराज जी को मिला। संत गरीब दास जी ने कड़ी, मेहनत व गहरी लगन के साथ निर्माण कार्य का नेतृत्व किया। धाम के लिए सीमेंट, सरिया, बजरी, रेत, ईंट आदि को लाने-लेजाने में कीचड़ भरे मार्ग मुश्किलें बढ़ा रहे थे। परन्तु इन मुश्किलों के बावजूद कुशल प्रबंधक और श्रद्धालु संगतों

का उत्साह उन्हें प्रोत्साहन देता था। संत गरीब दास जी के परिश्रम से सात मंज़िला गुरु धाम के निर्माण का कार्य सम्पूर्ण हुआ। सन् 1974 को एक विशाल संत सम्मेलन का आयोजन करके सीरगोवर्धनपुर बनारस में निर्मित जन्म-स्थान मंदिर में सतगुरु रविदास महाराज जी और सतगुरु स्वामी सरवण दास जी की पावन मूर्तियों की स्थापना की गई। लगभग 20 वर्षों के पश्चात् संत गरीब दास महाराज जी ने संगतों के भरपूर सहयोग से इस पवित्र मंदिर पर स्वर्ण-कलश सजाए। गत् वर्ष 2010 के माघ महीने की पूर्णमाशी के शुभ दिन पर भारत के कोने-कोने से पहुंचे संत समाज और विश्व के कोने-कोने से पहुंची दस लाख से अधिक संगतों की उपस्थिति में श्री 108 संत निरंजन दास जी की पावन सरप्रस्ती में मंदिर के बड़े गुबंद को स्वर्णमण्डित किया गया और रविदासिया धर्म के ऐलान से पूरे विश्व में खुशियां मनाई गईं। इस प्रकार अमर शहीद संत रामा नंद जी की एक प्रबल इच्छा सम्पूर्ण हुई। वर्णनीय है कि इस मंदिर का निर्माण सम्पूर्ण करवा कर डेरा सच्चखण्ड बल्लां के महान् व उत्कृष्ट शक्तियों के स्वामी संत-महापुरुषों ने अपने सतगुरु रविदास जी को सदियों के बाद धाम प्रदान किया। गुरु धाम की स्थापना से डेरा सच्चखण्ड बल्लां की शोभा आलौकिक सुगंधि की तरह पूरे विश्व में फैल गई। संत गरीब दास जी दीन-दुखियों के आंसू पोंछने के लिए सदैव तत्पर रहते थे। गरीब लोगों को अच्छी स्वास्थय ( सेहत ) सेवाऐं प्रदान करने हेतु संत गरीब दास जी ने 1982 में गाँव ढेपुर-कूपुर अड्डा कठार जिला जालन्धर में एक अस्पताल का निर्माण करवाया। अपने सतगुरु संत सरवण दास जी को समर्पित इस अस्पताल का शुभ उद्घाटन 1984 को किया गया। वर्तमान् गद्दीनशीन संत निरंजन दास जी के प्रबंधन में यह अस्पताल आज समाज को आधुनिक स्वास्थय सेवाऐं प्रदान कर रहा है। इसी प्रकार उन्होंने श्री गुरु रविदास आई॰टी॰आई॰ कालेज फगवाड़ा में संत



सरवण दास मैमोरियल टीचिंग ब्लॉक और हाल कमरे का निर्माण कराया था।

डेरा बल्लां के संत गरीब दास जी ने श्रद्धालुओं के लिए चार हाल कक्ष और 26 कमरों का निर्माण सम्पूर्ण कराया। पीने के लिए स्वच्छ जल का प्रबन्ध करने हेतु टयूबवैल लगाया और पानी की टैंकी का निर्माण भी कराया। जालन्धर-पठानकोट मार्ग से गांव बल्लां को जाती सड़क पर संत सरवण दास जी की पावन स्मृति में एक अद्भुत सुंदर गेट का निर्माण कराया और मार्ग का नाम संत सरवण दास जी के नाम पर रखा गया। डेरे में समारोहों का सिलसिला लगातार चलता रहा। संत गरीब दास जी ने महसूस किया कि बड़े समारोह के लिए संगतों के लिए जगह कम है, तभी सतगुरु जी ने डेरे के पास और जमीन खरीद ली। अंतर्यामी सतगुरु गरीब दास जी को ज्ञात था कि आने वाले दिनों में सीरगोवर्धनपुर में श्रद्धालु-संगतों को सभी सुविधाऐं प्रदान करने के लिए अधिक जगह चाहिए। इस बात को मुख्य रखकर महाराज जी ने जन्म-स्थान मंदिर के पास और ज़मीन खरीद ली थी। उसी ज़मीन पर संत निरंजन दास जी के नेतृत्व में विशाल लंगर हाल का निर्माण किया गया।

देश से बाहर विदेशों में जा कर सतगुरु गरीब दास जी ने गुरु रविदास जी की वाणी और मानवीय समानता, प्रेम-सद्भावना और समाजवाद के महान्-सिद्धांतों का प्रचार व प्रसार किया। जिसके फलस्वरूप विदेशी धरती पर जाकर अपनी आर्थिक स्थिति को दृढ़ करने के लिए प्रयत्नशील श्रद्धालुजनों के कर्मयोगी हृदय में गरु रविदास जी की पावन ज्योति प्रज्वलित हो गई। उनके हृदयों में अपने ईष्ट देव सतगुरु रविदास महाराज जी के पवित्र मंदिर के निर्माण की इच्छा उत्पन्न हो गई।

विदेशों में गुरु रविदास धामों के निर्माण का कार्य गरीब निवाज संत गरीब दास जी ने प्रारम्भ करवाया। यू॰के॰ की धरती पर

बर्मिंघम में संत गरीब दास जी ने पावन गुरु घर का नींव पत्थर रखा था। इस सुंदर गुरु धाम का उद्‌घाटन भी संत गरीब दास जी ने किया था। बर्मिंघम की संगतों का उत्साह देखकर अन्य शहरों में बसे श्रद्धालुजनों में भी जागृति आ गई। फिर जैसे गुरु धाम के निर्माण का पावन समय आ गया हो। वुल्परहैंम्पटन, स्टरूड कैंट, साउथहॉल आदि शहरों के साथ-साथ कई अन्य शहरों में भी श्री गुरु रविदास जी के पावन धाम बनाये गए, जिन का नींव पत्थर रखने उपरांत सम्पूर्ण होने पर उद्‌घाटन भी संत गरीब दास जी ने किया था।

परम संत गरीब दास जी ने बाबा साहिब डॉक्टर अम्बेडकर जी की भांति महसूस कर लिया था कि डेरे को अपनी विचारधारा को पूरे विश्व में पहुंचाने के लिए एक पत्रिका की आवश्यकता है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संत गरीब दास जी ने सप्ताहिक 'बेगमपुरा शहर' पत्रिका का प्रकाशन शुरू किया। इस पत्रिका की सम्पादना का कार्यभार संत रामा नंद जी की शहादत के बाद संत सुरिन्दर दास बावा जी बाखूबी निभा रहे हैं। संत गरीब दास जी द्वारा दलित समाज को यह एक उत्कृष्ट भेंट है। यह सप्ताहिक पत्रिका आधुनिक युग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। देश-विदेश के कोने-कोने में बसे श्रद्धालुओं को यह पत्रिका सतगुरु रविदास महाराज जी के अनुपम सिद्धांत और अनूठी विचारधारा का प्रसाद वितरित करने में प्रशंसनीय भूमिका अदा कर रही है। यह नए ऐलान किए गए रविदासिया धर्म के नियमों को घर-घर पहुंचाने में अमूल्य योगदान दे रही है।

ब्रह्मलीन श्री 108 संत गरीब दास जी के पावन चरणों में हमारी यही सर्वविशेष श्रद्धांजलि होगी कि हम अपने गुरु धामों को और उत्कृष्ट व सुंदर बनाने में सहायक बनें और संत गरीब दास महाराज जी की तरह मुश्किलों को पराजित करते हुए संसार में आगे बढ़ें व रविदासिया धर्म को अंगीकार करके कौम के लिए सम्मान व स्वाभिमान प्राप्त करें। -जय गुरुदेव



# रविदासिया धर्म के महान् मार्गदर्शक-संत रामानंद जी

"सांस लेना जीवन नहीं होता, जीवन तो सूर्य बनना होता है, जो अपने प्रकाश से दूर-दूर तक चारों दिशायों को रोशन कर दे। यह समुद्र की भांति होता है, उछलता, भागता और आगे बढ़ता है, मौसम बहार होता है, नए रंग-रूप की ऊँचाईयां छूना और अपने इर्द-गिर्द खुशबू फैलाना संगीत की अमृत-ध्वनि की तरह, श्रोताओं को आत्मिक सरूर देना, चहकते पंछियों की तरह ऊँची उड़ान भरना और वायु की भांति खुले द्वार पर दस्तक देना होता है। तूफानों और बिजलियों से आँख-मिचोली करते, उस भेंट को संभालने का नाम है, जिसने ज़र्रे से मोती बनना है।" एक पुस्तक में इस कथन को जब मैं पढ़ रहा था तो इसे पढ़ते-पढ़ते इसमें से मुझे श्री गुरु रविदास मिशन के लिए शहादत का जाम पी चुके ब्रह्मलीन श्री 108 संत रामानंद जी का प्रभावशाली व्यक्तिव अपने मन की आँखों के समक्ष साकार होता दिखाई दिया। यह अक्स पहले छोटा सा था और फिर देखते ही देखते आसमां तक फैल गया और उनका विशाल व्यक्तित्व सूर्य के साथ खड़ा होकर पृथ्वी पर प्रकाश बिखेरता हुआ प्रतीत हुआ, जिसने मेरे वजूद में अजीव सी कशिश पैदा कर दी और मुझे भली-भांति इस बात का अहसास हो गया कि......साँस लेना ही जीवन नहीं होता......जीवन तो सूर्य बनना होता है......जो अपने साथ दूर-दूर तक वातावरण को रोशन कर दे। वियाना में राजनैतिक शरण प्राप्त करने वाले कातिलों का झूठा भ्रम था कि मर्यादा के नाम में, एक संत की हत्या करके, वे अपने घिनौने व नापाक मंसूबों को अंजाम दे सकेगें। वे इस भ्रम में थे कि शहादत का जाम पीने वाले ब्रह्मलीन श्री 108 संत रामानंद जी का जीवन मात्र श्वासों तक ही सीमित है....वे लोग भूल गए थे कि न केवल भारत बल्कि विश्व भर की सम्पूर्ण नामलेवा संगतें उनके साँसों में जीवित हैं-जिन्होंने संतों के संगीत की अमृतमयी धुनों का आनंद लेते हुए, आध्यात्मिक उडाने भरी थीं-उन

हत्यारों ने समंदर के बहाव को रोकने की बहुत बड़ी भूल की है, जिसकी सज़ा अनिश्चित है और जिसके विषय में यही कहा जा सकता है.....''जमाने ने खता की और सदियों ने सज़ा पाई।'' संत रामानंद जी ने चहकते पंछियों की तरह ऊँची उडाने भरी और विश्व भर के खुले द्वारों पर अपने मिशनरी विचारों से दस्तक दी। इस प्रकार तूफानों और बिजलियों से बेखबर संत रामानंद जी की शहादत विश्व में ध्रुव तारे के समान सदैव चमकती रहेगी।

संत रामानंद जी की शहादत के पश्चात् नामलेवा समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इन तत्वों के विषय में चिंतन करने की आवश्यकता है। आत्म चिंतन करते समय कौम को इन प्रश्नों के उत्तर ढूढने के लिए अवश्य ही जागरूक होना पड़ेगा कि आज समय कैसा है ? मैं किस देश में रहता हूं ? मैं किस का हूँ ? मेरा कौन है ? मेरी शक्ति कितनी हैं ? जब प्रत्येक व्यक्ति इन सवालों के जवाब ढूँढने की कोशिश करेगा, तव उसे अपने अस्तित्व का अहसास स्वयं ही होने लगेगा।

एक कहावत है कि ''कोई समाज या कौम कैसे बच सकती है या शक्तिशाली हो सकती है, जितनी देर उसके नेता विद्वान और विचारक पुरुष न हों।'' यदि इस विचार को व्यवहार में देखने का प्रयत्न करें, तो हमारे समाज में विद्वानों की कमी नहीं है, चिंतन करने वालों की कमी नहीं है। दलित रहबरों की रचनाएं या उदाहरणें देकर, उन्होंने अपनी कलमें घिसा लीं, दलित साहित्य की उत्पत्ति की लम्बी-लम्बी सूचियां बना छोड़ी है और संत समाज भी इस पक्ष से पीछे नहीं है। अब उन विद्वानों को एक प्लेटफार्म पर आ कर उन प्रश्नों का जवाब ढूंढना चाहिए, जिनका मैं ऊपर जिक्र कर चुका हूँ।

अब विचार करने वाला कौन सा पहलू है ? यह बात भी कोई छिपी नहीं है। इस विषय में स्पष्टीकरण से पूर्व, मैं एक विद्वान के कथन को आपके समक्ष रखना चाहूंगा, जिसमें कहा गया, ''यदि मित्र मूँह पर मीठी बातें करे और पीठ के पीछे वार करे, उसे विष ( जहर ) के भरे घड़े की भांति, जिसमें थोड़ा सा दूध मिला हो, दूर से ही त्याग देना चाहिए।''



सदियों तक दलित समाज की पीठ पर वार होता रहा है। यदि उसने स्वयं को मर्यादा की धारा में शामिल करने का साहस किया, तो उसको घुसपैठियों की भांति रौंद दिया गया। मर्यादा का पहरावा धारण करके भी वह स्वयं को ढक नहीं सका।

संत रामानंद जी की शहादत के बाद, समाज को एक विशाल तूफान से गुजरना पड़ा है, इस विषय में कहा जा सकता है कि एक जहाज समुद्री तूफानों का सामना तो कर सकता है, परन्तु जहाज के चालक दल की आपसी फूट, उसको डुबो कर ही रहती है। संत समाज हो या विद्वानों की लम्बी कतार, इन में मतभेदों की कमी नहीं है। मंज़िल सब की एक ही है, सभी दलित समाज की भलाई चाहते हैं, परन्तु मार्ग भिन्न-भिन्न हैं-

''मंज़िल पर पहुंचना असंभव नहीं,
मार्गों की भांति न यदि बँटो।।''

आपकी एकता में ही सभी मुश्किलों का हल है। इसे पैदा करने के लिए प्लेटफार्म बनने चाहिए। मिश्नरी सभाएं, साहित्य सभाएं, लेखकों, चिंतकों आदि को चिंतन करने के लिए आगे आना चाहिए। मिलकर चलना चाहिए। संत रामानंद जी की शहादत के पश्चात् ''सत संगति मिल रहिए माधउ जैसे मधुप मखीरा।'' की विचारधारा को सबकी आँखों के समक्ष घटित होते देखा और इसके अस्तित्व को महसूस किया। बलहीनता के कारण दलित समाज सदियों से बंधनों में बंधा रहा। अब इन बंधनों से मुक्त होना है, छुटकारा पाना है, तो उसको ''पराधीनता पाप है'' समझते हुए ''बल होया बंधन छुटे, सब किछ होत उपाय'' की धारणा पर चलते हुए एक शक्तिशाली सोच पैदा करने के लिए एकजुट होना चाहिए क्योंकि आपकी एकता एक ऐसा बल ( शक्ति ) पैदा करेगी, जिस से हमारे सभी बंधन टूट जाएंगे और हमारे पास प्रत्येक मुश्किल का हल होगा। आइए, आज संत रामानंद जी के शहीदी पर्व पर एकत्रित होने का एक प्रण करें ता कि हमारे सभी बंधन टूट जाएं और यही महापुरुषों के प्रति हमारा सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# डेरे के प्रमुख समागम

जगत्गुरु रविदास महाराज जी का आगमन पर्व माघ पूर्णमा श्री गुरु रविदास जन्म-स्थान सीरगोवर्धनपुर बनारस में, माघ की सक्रान्ति का समागम, ब्रह्मलीन श्री 108 संत हरी दास जी का बरसी समागम 6 फरवरी को डेरा बल्लां में, आगमन पर्व संत सरवण दास जी 15 फरवरी, जगत् गुरु रविदास महाराज जी का शिला तराये पुर्व एवं वैसाखी पुर्व, जगतगुरु रविदास महाराज जी का ज्योति ज्योत समाए पर्व अषाड़ संक्रांती, संत रामानन्द जी का शहीदी दिवस 25 मई, ब्रह्मलीन संत सरवण दास जी का बरसी समागम 11 जून, संत गरीब दास जी का बरसी समागम 23 जुलाई को, पहला नवराता बरसी समागम बाबा पिप्पल दास जी का ज्योति-ज्योत पर्व मनाया जाता है और डेरा सच्च खण्ड बल्लां में निशान साहिब चढ़ाए जाते हैं।

हर रविवार और सक्रान्ति को, विशेष सत्संग का आयोजन किया जाता है।

## डेरा संत सरवण दास जी महाराज सच्चखण्ड बल्लां द्वारा स्वर्ण-पदक से सम्मानित कवि, लेखक, बुद्धिजीवी एवं समाज सेवक

1. श्री चरण सिंह सफरी
2. श्री भगत राम दीवाना
3. श्री अमर नाथ कौस्तव
4. श्री कांशी राम कलेर
5. श्री कर्म चंद प्रेमी
6. श्री संतोख लाल विरदी
7. बीबी बंसो देवी
8. डॉ. कृष्णा कलसीया
9. प्रो. गुरनाम सिंह मुक्तसर
10. प्रि. सतपाल जस्सी
11. श्री चैन राम सुमन
12. डॉ. कुलवंत कौर, पटियाला



13. डॉ. जसवीर सिंह साबर
14. श्री सुखदेव बाघमारे, महाराष्ट्र
15. श्री सोहन सहिजल
16. श्री मोहन बंगड़
17. श्री सोम नाथ भारती
18. श्री अजीत कुमार कंवल
19. डॉ. धर्मपाल सिंगल
20. श्री सतपाल साहलों
21. श्री गुरमुख रंधावा
22. श्री बगीचा सिंह
23. श्री मेवी भट्टी
24. बीबी रंजना
25. पूनम महिता
26. श्री विजय कपूर
27. श्री आर. पी. शास्त्री
28. श्री ललित
29. डा० सोहनपाल सुमनाक्षर
30. श्री. वी. टी. राजशेकर प्रधान सम्पादक- दलित वायस
31. डा० के. के. सिद्धू
32. श्री ब्रिज लाल
33. बीबी गुरदेव कौर
34. श्री देसराज
35. श्रीमती कमलेश कौर
36. श्री रतन लाल कटारिया
37. श्री बंसो देवी
38. मास्टर सलीम
39. श्री चन्न गुरायां वाले
40. भाई परमजीत सिंह
41. भाई हरपाल सिंह
42. भाई दर्शन सिंह अमन
43. भाई मनिन्दर सिंह
44. श्री स्वर्ण दास बंगड़
45. श्री परमजीत पारस
46. श्री दर्शन कुमार (टी. सीरीज़)
47. श्री रतु रंधावे वाला
48. श्री क्रिशन पाल अजड़ाम (आस्ट्रिया)
49. श्री गुरबख्श सिंह धीण (हरियाणा)
50. श्रीमान सिरी राम अर्श (चण्डीगढ़)

# डेरा सच्चखंड बल्लां की प्रकाशित पुस्तकें

1. जगत्गुरु गुरु रविदास अमृत वाणी (गुटका)
2. जगत्गुरु गुरु रविदास अमृत वाणी (गुटका) (पंजाबी)
3. नितनेम अमृत वाणी जगत्गुरु रविदास जी (गुटका)
4. नितनेम अमृतवाणी जगत्गुरु रविदास जी (गुटका) (पंजाबी)
5. श्री गुरु रविदास अमृतवाणी —संत रामा नंद जी
6. श्री गुरु रविदास दर्शन एवं मीरा पदावली —संत रामा नंद जी
7. श्री गुरु रविदास अमृत वाणी (स्टीक एवं संक्षिप्त जीवन) (पंजाबी) -संत सुरिन्दर दास बावा जी
8. श्री गुरु रविदास अमृत वाणी (स्टीक एवं संक्षिप्त जीवन) (हिन्दी) -संत सुरिन्दर दास बावा जी
9. नितनेम अमृत वाणी जगत्गुरु रविदास जी (स्टीक) हिन्दी - संत सुरिन्दर दास बावा जी
10. नितनेम अमृत वाणी जगत्गुरु रविदास जी (स्टीक) पंजाबी -संत सुरिन्दर दास बावा जी
11. जगत्गुरु रविदास महाराज जी की पावन जीवन कथाएँ (हिन्दी और पंजाबी) -संत सुरिन्दर दास बावा जी
12. जगत्गुरु रविदास महाराज जी का संक्षेप जीवन -संत सुरिन्दर दास बावा जी
13. गुरु उपदेश (पंजाबी) -कवि तोता राम पंछी (मुकेरीयां)
14. जन्म साखी श्री गुरु रविदास जी अर्थात तवारीख़ (पंजाबी) - ,,
15. संत उसतत (पंजाबी) -कवि करम चंद प्रेमी (आबादी)
16. महिमा दरबार सच्चखंड बल्लां (पंजाबी) -कवि करम चंद प्रेमी (आबादी)
17. डेरा सच्चखंड बल्लां (पंजाबी) -ज्ञानी बिशना राम विरदी



18. डेरा सच्चखंड बल्लां दी इतिहासक गाथा (पंजाबी) -श्री कांशी राम कलेर (जंडू सिंघा)
19. गुरु रविदास चमत्कार (पंजाबी) -श्री चरन सिंह सफ़री
20. अमित स्रोत श्री गुरु रविदास बाणी (पंजाबी) -श्री अमर नाथ कौसतव
21. पावन गाथा श्री गुरु रविदास जी (पंजाबी) -डा. जसबीर सिंह साबर
22. सगल भवन के नाइका (पंजाबी) -डा. क्रिश्ना कलसीआ
23. अमर जोतां (पंजाबी) -कवि भगत राम दीवाना
24. विदेश यात्रा (भाग -1) (पंजाबी) -श्री अजीत कुमर कंवल (यू. के.)
25. विदेश यात्रा (भाग -2) (पंजाबी) -श्री अजीत कुमर कंवल (यू. के.)
26. The Holy Hymns and Miracles of Guru Ravidass Ji -Mr. Satpal Jassi & Mr. Chain Ram Suman
27. इहु जन्म तुम्हारे लेखे (पंजाबी) -डा. कुलवंत कौर
28. सति भाखै रविदास (पंजाबी) - श्री गुरदेव सिंह
29. सटीक-श्री गुरू रविदास जी -संत वीर सिंह हितकारी, संत सुंदर दास शास्त्री
30. जगत्गुरु रविदास संप्रदाइ संत ते साधना सथ्थल (पंजाबी) -श्री सोमनाथ भारती
31. Miracle of Jagat Guru Ravidass Ji -Chain Ram Suman
32. रविदासिया धर्म एवं डेरा सच्चखण्ड बल्लां -श्रीमान सिरी राम अर्श

**डेरा सच्चखण्ड बल्लां का e-mail**
**sachkhandballan.@yahoo.co.in**

बेगमपुरा शहर पत्रिका की आन लाईन सेवा (**Internet Service**)
**www.begumpurashaher.net.**